दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 122 | जयपुर | गुरूवार , 06 मार्च, 2025 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष सप्तमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर

26.0⁰ अधिकतम तापमान | 14.0⁰ न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

सेंसेक्स 73,730.23 +740.30 (1.01%)

निफ्टी 22,337.30 +254.65 (1.15%)

**सर्राफा** सोना/चांदी

सोना 88,850 /10g

चांदी 98,000 /Kg

बजट सौगातों के लिए आमजन ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

# 8 करोड़ लोगों को डबल इंजन की सरकार पर विश्वास
# सवा साल में एक भी पेपर नहीं हुआ लीक : मुख्यमंत्री







बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ग्रामीण विकास प्रदेश की प्रगति और समृद्धि की आधारशिला है। इस बजट में ग्रामीण क्षेत्र के बुनियादी ढांचे, कृषि, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अनेक प्रावधान किए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में डबल इंजन की सरकार 8 करोड़ प्रदेशवासियों के विश्वास को कायम रखते हुए काम कर रही है, जिससे उत्कृष्ट और विकसित राजस्थान के सपने को पूरा किया जा सके। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर बजट सौगातों के लिए उन्हे धन्यवाद देने जयपुर जिले से आए लोगों की आभार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता से किए गए वादों को हमने संकल्प पत्र में शामिल किया था तथा 1 साल में संकल्प पत्र के 55 प्रतिशत वादे पूरे किए जा चुके हैं। किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं के हितों के लिए हमारी सरकार लगातार निर्णय ले रही है।

## इस वर्ष का बजट कृषक कल्याण केन्द्रित

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष का बजट किसानों को आगे रखते हुए बनाया गया है। किसान सम्मान निधि को बढ़ाकर 9 हजार रुपये करना, गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत गोपालकों को ब्याजमुक्त ऋण, 50 हजार नए कृषि बिजली कनेक्शन और 5 लाख घरेलू कनेक्शन जैसे बजटीय प्रावधानों से किसान खुश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए भी सवा लाख पदों पर सरकारी भर्तियां और डेढ़ लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गत सरकार के समय हुए पेपरलीक प्रकरणों से राज्य का युवा परेशान था। हमने आते ही इन प्रकरणों में लिप्त अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की। हमारे सवा साल के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे अपराध मुक्त राजस्थान की दिशा में उठाए गए कदमों से राज्य में गैंगवार और अपराध भी कम हुआ है।

## पानी और बिजली राज्य सरकार की प्राथमिकता

**शर्मा ने कहा कि हमने प्रदेश में पानी और बिजली को प्राथमिकता पर रखा। राज्य सरकार प्रदेश में पानी की पर्याप्त उपलब्धता को सुनिश्चित करने की दिशा में पूर्वी राजस्थान के लिए राम जलसेतु लिंक परियोजना, शेखावाटी क्षेत्र के लिए यमुना जल समझौता, दक्षिणी राजस्थान के लिए देवास परियोजना का मार्ग प्रशस्त करने के साथ ही इंदिरा गांधी नहर परियोजना एवं माही परियोजना को भी सुदृढ़ कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार ठोस कार्य योजना पर काम कर रही है। हमारी सरकार वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के साथ ही राज्य को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है।**

संक्षिप्त समाचार

## चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा

### दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 50 रन से हराया, रचिन-विलियम्सन के शतक



बढ़ता राजस्थान

**लाहौर।** न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जहां उसका सामना भारतीय टीम से दुबई के मैदान पर 9 मार्च को होगा। बुधवार को लाहौर में न्यूजीलैंड ने दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को 50 रन से हराया। 363 रन का टारगेट चेज कर रही अफ्रीकी टीम 9 विकेट पर 312 रन ही बना सकी। कप्तान मिचेल सैंटनर ने 3 विकेट झटके। मैट हेनरी और ग्लेन फिलिप्स को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट माइकल ब्रेसवेल और मिचेल सैंटनर को मिले। साउथ अफ्रीका से डेविड मिलर ने शतक बनाया। उन्होंने 67 बॉल पर सेंचुरी जड़ी। कप्तान टेम्बा बावुमा (56 रन) और रासी वान डर डसन (69 रन) ने अर्धशतक बनाए। कीवियों की ओर से रचिन रवींद्र (108 रन) और केन विलियम्सन (102 रन) ने शतकीय पारियां खेलीं, जबकि डेरिल मिचेल (49 रन) और ग्लेन फिलिप्स (49 रन) फिफ्टी बनाने से चूक गए। लुंगी एनगिडी ने 3 विकेट झटके। रबाडा को 2 विकेट मिले। वायन मुल्डर को एक विकेट मिला।

## भावी पीढ़ियों के लिए खाद्य सुरक्षा और आनुवंशिक संसाधन सुनिश्चित करने के लिए जीन बैंक की स्थापना की जाएगी : मोदी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित पोस्ट बजट वेबिनार में घोषणा की कि देश के आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण के लिए एक जीन बैंक की स्थापना की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य भावी पीढ़ियों के लिए आनुवंशिक संसाधन और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह वेबिनार सरकार, उद्योग, शिक्षाविदों और नागरिकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है, जिससे बजट में की गई परिवर्तनकारी घोषणाओं को प्रभावी परिणामों में बदलने में मदद करने के लिए चर्चाओं को प्रोत्साहित किया जा सके। नागरिकों को सशक्त बनाने, अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और नवाचार को बढ़ावा देने पर मुख्य ध्यान देने के साथ, विचार-विमर्श का उद्देश्य टिकाऊ और समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त करना; प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में नेतृत्व; और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में काम करने वाले कुशल, स्वस्थ कार्यबल का निर्माण करना होगा। वेबिनार के मुख्य विषयों में लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश करना शामिल है। जीन बैंक आनुवंशिक सामग्री का भंडार है। जैसे बीज, पराग या ऊतक के नमूने, जो विभिन्न पौधों की प्रजातियों से एकत्र किए जाते हैं ताकि उन्हें विलुप्ति से बचाया जा सके और भावी पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण किस्मों को संरक्षित किया जा सके। भारत का पहला जीन बैंक 1996 में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (आईसीएआर-एनबीपीजीआर) द्वारा नई दिल्ली में स्थापित किया गया था। इस बैंक में महत्वपूर्ण फसल जर्मप्लाज्म के संग्रह और भंडारण के लिए देशभर के 12 क्षेत्रीय स्टेशन शामिल हैं। ये जर्मप्लाज्म पौधों या जानवरों के आनुवंशिक घटक होते हैं जिनका उपयोग अनुसंधान, संरक्षण और फसल प्रजनन में किया जाता है। आईसीएआर-एनबीपीजीआर द्वारा बनाए गए डेटाबेस के अनुसार 15 जनवरी, 2025 तक बैंक में वर्तमान में 0.47 मिलियन एक्सेस (प्रजनन के लिए संग्रहीत और उपयोग की जाने वाली पौध सामग्री) संग्रहीत है। इनमें अनाज (0.17 मिलियन एक्सेस), बाजरा (60,600 से अधिक एक्सेस), फलियां (69,200 से अधिक एक्सेस), तिलहन (63,500 से अधिक एक्सेस) और सब्जियां (लगभग 30,000 एक्सेस) शामिल हैं। वित्त मंत्रालय ने भारत की कृषि जैव विविधता की सुरक्षा के लिए 2025-26 के बजट में दूसरे राष्ट्रीय जीन बैंक की स्थापना की घोषणा की है।

## लखनऊ में राहुल गांधी पर 200 रुपए जुर्माना

### कोर्ट बोला- 14 अप्रैल को पेश हों; सावरकर को अंग्रेजों से पेंशन लेने वाला कहा था

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ ( एजेंसी )।** लखनऊ के कोर्ट ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 200 रुपए का जुर्माना लगाया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने लगातार पेशी से गायब रहने पर जुर्माना लगाया। साथ ही चेतावनी दी कि 14 अप्रैल 2025 को अदालत में हाजिर हों, यदि वे इस तारीख को भी पेश नहीं होते हैं तो कठोर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

शिकायतकर्ता नृपेंद्र पांडेय के अनुसार, राहुल गांधी ने 17 दिसंबर 2022 को महाराष्ट्र के अकोला में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर पर विवादित बयान दिया था। उन्होंने सावरकर को अंग्रेजों का नौकर और पेंशन लेने वाला कहा था। शिकायतकर्ता ने कहा- यह बयान समाज में वैमनस्य और घृणा फैलाने की मंशा से दिया गया था। इतना ही नहीं, प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहले से तैयार पर्चे भी पत्रकारों के बीच वितरित किए गए थे।




# योगी बोले- अबू आजमी को यूपी बुलाइए, इलाज कर देंगे

## औरंगजेब जैसी कमबख्त औलाद किसी को न हो, खुद उसके पिता ने कहा था

बढ़ता राजस्थान

**उत्तर प्रदेश ( एजेंसी )।** यूपी बजट सत्र के आखिरी दिन सीएम योगी ने विधान परिषद में जवाब दिया। कहा- ये लोग (सपा) औरंगजेब को अपना आदर्श मान रहे हैं। उसका पिता शाहजहां अपनी जीवनी में लिखता है- खुदा करे कि ऐसा कमबख्त किसी को पैदा न हो। उसने शाहजहां को आगरा के किले में कैद कर रखा था। एक-एक बूंद पानी के लिए तरसाया। जिसका आचरण औरंगजेब जैसा है, वही उस पर गौरव की अनुभूति करेगा। ये लोग भारत की आस्था पर प्रहार करने वाले क्रूर शासक औरंगजेब को अपना आदर्श मानते हैं। कोई मुसलमान भी अपने बेटे का नाम औरंगजेब नहीं रखता। शाहजहां ने अपनी जीवनी में औरंगजेब को कोसते हुए लिखा- तुमसे अच्छे तो ये हिंदू हैं, जो जीते जी अपने मां-बाप की सेवा करते हैं। मरने के बाद भी साल में एक बार तर्पण करते हुए उन्हें पानी अर्पित करते हैं।



### अब जानिए अबू आजमी ने औरंगजेब पर क्या कहा था

महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी ने कहा था- हमें गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए हैं। मैं उसे क्रूर शासक नहीं मानता। छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच धार्मिक नहीं बल्कि सत्ता और संपत्ति के लिए लड़ाई थी। अगर कोई कहता है कि यह लड़ाई हिंदू और मुसलमान को लेकर थी, तो मैं इस पर विश्वास नहीं करता।

### कोई औलाद औरंगजेब बनी गई तो ऐसे मां-बाप के लिए हमने व्यवस्था की

हमने नगर विकास के लिए 125 नए नगर निकाय गठित किए हैं। प्रयागराज की तर्ज पर शहरों का विकास करेंगे। 17 स्मार्ट सिटी की तर्ज पर अन्य निकायों का विकास करेंगे। रैपिड रेल दिल्ली-गाजियाबाद के बाद मेरठ तक बढ़ा रहे हैं। लखनऊ को स्टेट कैपिटल रीजन के तौर पर भी बजट दिया गया है। हर गांव में उत्सव भवन का निर्माण होगा। हर गांव में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। बुजुर्ग मां-बाप के लिए ओल्ड एज होम के लिए भी बजट दिया गया है। अगर कोई औलाद औरंगजेब बन गई तो ऐसे मां-बाप के लिए भी सरकार ने व्यवस्था की है।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# संघर्ष समिति ने दी लादूलाल सांसी रोपा एवं ब्याज माफियों से परेशान होकर आत्महत्या करने वाले रवि और राजेंद्र को श्रद्धांजलि

## सरकार और प्रशासन से की निष्पक्ष कार्यवाही की मांग

बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा ( कमलेश अग्रवाल )।** जिला बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में चल रहे हैं आंदोलन के तहत 5/3/25 को 63 वें दिन धरने को श्रद्धांजलि सभा के चलते स्थगित रखा गया। संघर्ष समिति के साथी लादू लाल सांसी निवासी रोपा और ब्याज माफिया के चंगुल में आकर आत्मदाह करने वाले शाहपुरा के दो युवाओं रवि बोहरा एवं राजेंद्र सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी गई। संयोजक रामप्रसाद जाट द्वारा दिवंगत लादूलाल सांसी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कद काठी में छोटे होने के बावजूद भी शाहपुरा जिले के संघर्ष में हमेशा आगे आकर भाग लिया और जेल भरो आंदोलन में भी सम्मिलित हुए।अधिवक्ता अनिल शर्मा द्वारा ब्याज माफियाओं के द्वारा जिस प्रकार युवाओं को ब्याज के चंगुल में फसाकर जिस प्रकार अन्याय हो रहा उस पर ध्यान देकर स्पेशल टीम बनानी चाहिए एवं कड़ी एवं निष्पक्ष कार्यवाही करनी चाहिए। इस दौरान सभी ने श्रद्धा सुमन अर्पि के श्रद्धांजलि दी।इस दौरान संघर्ष समिति संयोजक अधिवक्ता रामप्रसाद जाट, अनिल शर्मा, आशीष पालीवाल, अविनाश शर्मा, दिनेश शर्मा, उदयलाल बैरवा, राजेंद्र बोहरा, रामेश्वर सोलंकी, प्रदीप पारीक, राजेंद्र टेपण, सद्दीक पठान, पन्नालाल खारोल, सत्यनारायण मालू, किशन खटीक, पप्पू खटीक, शरीफ मोहम्मद, सत्यनारायण पाठक, राकेश लोहार, भगवान सिंह यादव,विवेक दाधीच, राहुल पारीक, कुलदीप सिंह यादव, प्रियेश सिंह यदुवंशी, हाजी उस्मान छिपा, आदि सदस्य व आमजन उपस्तिथि थे।

# अभियान ऑपरेशन गरिमा के तहत आमजन एवं महिलाओं बालिकाओं को किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी जयपुर में महिलाओं और बालिकाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़, छींटाकशी इत्यादि घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिए पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर की ओर से 15 मार्च तक चलाया जा रहा है। जन जागरूकता अभियान ऑपरेशन गरिमा के विषय में पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त योगेश दाधीच के निर्देशन में अभियान के तहत कालिका पेट्रोलिंग यूनिट,निर्भया स्क्वॉड टीम महिलाओं,बालिकाओं की सुरक्षा करते हुए तत्पर दिखाई दे रही है। विभिन्न सार्वजनिक स्थानों यथा शैक्षणिक संस्थान / गर्ल्स हॉस्टल / पी. जी / मॉल्स / पार्क व भीडभाड़ वाले स्थानों पर ड्यूटी करते हुये महिलाओं / बालिकाओं के साथ छेडछाड, छीटाकशी कर अश्लील हरकत करने व कॉलेज / स्कूल में पढ़ने वाली बालिकाओं का पीछा कर परेशान करने / छेडछाड करने वाले असामाजिक तत्वों/मनचलों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये एवं निर्भया हैल्पलाइन नंबरों पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण करते हुये अभियान के दौरान कुल 66 मनचलों / असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही कर विभिन्न थानों में गिरफ्तार करवाया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त योगेश दाधीच के निर्देशन में अभियान के तहत निर्भया स्क्वॉड / कालिका पेट्रोलिंग यूनिट विभिन्न स्कूल, कॉलेज, कॉलोनी, मोहल्ला इत्यादि में जाकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर एवं बस स्टैण्ड, परिवहन संसाधन लो फ्लोर बस सिटी बस, मिनी बस, अन्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट संसाधनों में यात्रा करते हुए महिलाओं / बालिकाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति व कानूनों के बारे में जानकारी देकर 45,440 महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। इसके साथ ही प्रोग्राम का सुपरविजन कर रही पुलिस उपायुक्त तेजस्वनी गौतम के नेतृत्व में अभियान ऑपरेशन गरिमा के तहत निर्भया स्क्वॉड की मास्टर ट्रेनर द्वारा विभिन्न स्कूल, कॉलेज, महाविद्यालय में जाकर 36,350 छात्र / छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण व हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गई व 4073 महिलाओं और बालिकाओं को राजकोप सिटीजन एप के बारे में जानकारी देकर डाउनलोड करवाया गया।

# उल्लेखनीय कार्य करने वाली इक्कीस महिलाएं होंगी सम्मानित

## अभिनेत्री अमिता नांगिया होंगी सेलिब्रिटी गेस्ट, छठा राष्ट्रीय पंचतत्व महोत्सव आरआईसी में 8 से

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ओरियन ग्रीन्स जयपुर की ओर से आयोजित दो दिवसीय छठे राष्ट्रीय कला महोत्सव पंचतत्व में महिला सशक्तिकरण समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें जयपुर सांसद मंजू शर्मा मुख्य अतिथि रहेंगी। वहीं मशहूर फिल्म व टीवी अभिनेत्री अमिता नांगिया बतौर सेलिब्रिटी गेस्ट शिरकत करेंगी। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, श्रुति परफॉर्मेंस ट्रूप व राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) के सहयोग से 8 मार्च को आरआईसी के ऑडी 2 में समारोह होगा। ओरियन ग्रीन्स की फाउंडर व चेयरपर्सन नीता उपाध्याय ने बताया कि आंत्रप्रेन्योरशिप, शिक्षा, व्यवसाय, राजनीति, कला व साहित्य समेत अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 21 महिलाओं को इस दौरान सम्मानित किया जाएगा। इनमें संस्कृतिक एवं पर्यटन प्रकोष्ठ भाजपा, राजस्थान की सह संयोजिका शालिनी शर्मा, श्री महाराजा विनायक कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. नीलम शर्मा, शांति विद्या निकेतन की डायरेक्टर प्रभा शर्मा, महात्मा गांधी विशिष्ट विद्यालय सी-स्कीम की प्रधानाचार्य डॉ. कविता गर्ग, विंग्स टू फ्लाई स्कूल की प्रधानाचार्य नीतू शर्मा समेत अन्य महिलाओं के नाम शामिल है। इसी के साथ शाम 7 बजे श्रुति परफॉर्मेंस ट्रूप, शांतिनिकेतन पश्चिम बंगाल द्वारा 'प्रकृति के रंग' नामक नृत्य प्रस्तुति होगी। प्रस्तुति की अवधारणा प्रो. डॉ. सोमनाथ सिन्हा ने तैयार की है जबकि कोरियोग्राफी प्रो. डॉ. श्रुति बंदोपाध्याय ने की है। वहीं बिंदु डावर सलूजा के क्यूरेशन में प्रदर्शनी आयोजित होगी। नीता उपाध्याय ने बताया कि सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा वहीं महिला कलाकारों को मंच मिलेगा। इधर समारोह के दूसरे दिन 9 मार्च को शाम 7 बजे विलास जानवे के निर्देशन में मूकाभिनय के नवरस और वहीं शाम 7.30 बजे रेखा ठाकर के निर्देशन में ऋत गाथा बैले की प्रस्तुति होगी।

# पांच दिवसीय राजस्थान इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो 19 से, ट्रेड फेयर में रहेगा प्रवेश निःशुल्क



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** उदयपुर चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री और पीएचडी चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स ऑफ़ इंडस्ट्री' राजस्थान में ट्रेड एवं इंडस्ट्री के सतत विकास हेतु कार्यरत हैं।

इसी कड़ी में यूसीसीआई और पीएचडीसीसीआई के संयुक्त तत्वाधान में पहली बार 19 से पांच दिवसीय राजस्थान इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो -2025 यूसीसीआई परिसर में किया जा रहा है एवं इसके साथ 'राजस्थान टूरिज्म सम्मान समारोह 20 मार्च को तथास्तु रिसोर्ट में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में राजस्थान में टूरिज्म के विकास के लिए इस क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों द्वारा किये गए नवाचारों को नॉमिनेशन के माध्यम से विभिन्न केटेगरी में सम्मानित किया जाएगा। यूसीसीआई के अध्यक्ष मांगीलाल लुणावत ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के सफल आयोजन और सरकार द्वारा अपनी विभिन्न नीतियों के माध्यम से उद्योगों के विभिन्न क्षेत्रों के लिए एक मजबूत नीतिगत ढांचे की पेशकश ने नए निवेश के लिए बहुत अनुकूल वातावरण तैयार किया है और राज्य एक नए विकास पथ पर आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार है।

यूसीसीआई के सचिव डॉ. पवन तलेसरा ने बताया कि राजस्थान में विविध उद्योग ऑटोमोटिव, टेक्सटाइल्स, सिरेमिक्स, खान एवं खनिज, इंजीनियरिंग, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, नवीकरणीय ऊर्जा, आभूषण एवं हस्तशिल्प कार्यरत है।

राजस्थान सरकार राज्य के औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और नए निवेश को आकर्षित करने के लिए एक अनुकूल वातावरण एवं ईको सिस्टम अपने विभिन्न नवाचारों एवं विकासोन्मुखी औद्योगिक नीतियों के माध्यम से निर्माणरत है। पीएचडीसीसीआई के उप महासचिव नवीन सेठ ने बताया कि राज्य में स्थित नेचुरल रिसोर्सेज, स्किल्ड वर्कफोर्स की उपलब्धता, व्यापारिक बाजारों से निकटता, विकसित एवं प्रभावी रेल, सड़क और हवाई संपर्क इत्यादि के मध्येनजर विभिन्न फोकस एरियाज जैसे की पेट्रोलियम एवं पेट्रोकेमिकल, ईवी, सोलर , फिनटेक, चिकित्सा उपकरण, रक्षा, खेल के सामान एवं खिलौने आदि नए उभरते क्षेत्रों के सतत विकास पर दृढ़संकल्प के साथ ध्यान केंद्रित कर रही है।

पीएचडीसीसीआई एवं यूसीसीआई हमेशा अपने विभिन्न कार्यक्रमों और अन्य पहलों के माध्यम से सरकार की विकासोन्मुख पहलों को पूरक और बढ़ावा देता रहा है। फेयर में देश भर से 125 एक्जीबिटर्स भाग लेंगे।

# श्याम रंग रसिया, फागण आयो रंग रसिया श्याम : आज बिरज में होली खेले रसिया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** श्रीजी का फाग उत्सव परम पूज्य गुरुदेव गोस्वामी श्री प्रेम कुमार महाराज, गोस्वामी हितेंद्र कुमार महाराज, गोस्वामी प्रियांश महाराज ( छोटी सरकार श्रीधाम वृंदावन ) के सानिध्य में मनाया गया। रसिक जन होली धमाल के पदों पर नृत्य कर बहुत आनंद लिया। उत्सव की कुछ झलकियां । फागोत्सव जवाहर सर्किल स्थित गोकुल वाटिका पर फूलों की होली एवं भजन संध्या का आयोजन हुआ। आयोजक सुरेश टांक, राजेन्द्र, विष्णु टांक ने अतिथियों का दुपट्टा ओढ़ाकर और फूल बरसाकर सम्मान किया। विष्णु टांक ने बताया कि हर वर्ष फाग श्याम भजन संध्या का आयोजन किया जाता है। फूलों की होली खेली जाती है। राधा कृष्ण स्वरूप झांकी सजाई गई श्याम जी का फूलों की झांकी से श्रृंगार किया। श्याम रंग रसिया, फागण आयो रंग रसिया श्याम। आज बिरज मे होली खेले रसिया। भजनों पर महिलाएं कोमल, रश्मि, ममता, मंजु, अंजना, आस्था ने राधा कृष्ण के सामने नृत्य कर हाजिरी लगाई। सभी ने फागुन के भजनों में ठाकुर जी के संग फूलों की होली झूम उठे। सभी ने प्रसादी का आनंद भी लिया।

# भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम 7 सूत्रीय मांगो को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा । संभाग प्रभारी रिंकू खेड़ी हैवत ने जानकारी देकर बताया कि 7 सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन दिया गया है जिसमे 28 फरवरी को भीम आर्मी संस्थापक आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के काफिले पर पथराव किया जो अति निंदनीय है एवम 4 मार्च को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में जनसभा के वाहनो पर पथराव किया जो प्रशासन की नाकामी को दर्शाता है। भविष्य में ऐसी कोई अनहोनी घटना न हो इसके लिए उनको जेड प्लस सुरक्षा मुहियां कराई जाए साथ हिंडौन उपखंड के गांव रवई में चल रही पत्थर की संस्था को बंद करवाने के लिए कई बार स्थानीय सरपंच संतोष द्वारा लिखित में सूचना दी गई है लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नही हुई है। सूरौठ अंतर्गत एमपीआर 04/2025 दर्ज है जिसमे युवती का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है,भरतपुर के उच्चैन थाना अंतर्गत प्राथमिकी संख्या 42/2025 दर्ज है जिसमे जातिवादी मानसिकता के लोगो ने एक दलित जो अपनी राजकीय सेवा पूर्ण करके आ रहा था तो उनके जुलूस के साथ मारपीट की गई है जिसमे 13 लोग जख्मी हुए है और दबाव बनाने के लिए आरोपी पक्ष में काउंटर प्राथमिकी दर्ज करवाई है उसे वापिस लेकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाए , डूंगरपुर जिला कलेक्टर द्वारा रीट परीक्षा 2024 में लगी अध्यापिका सुनीता कुमारी के निलंबन को वापिस लिया जाए एवं हाल ही में पटवार भर्ती के पदो का बटवारा आरक्षण के आधार पर सही नही किया गया है उसको पुनः संशोधन कर जारी किया जाए । रिंकू खेड़ी हैवत ने बताया की दूसरे चरण में भीम आर्मी द्वारा भरतपुर संभाग के सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम पुनः 10 मार्च को ज्ञापन दिया जाएगा । इस मौके पर आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश गुलपाड़िया, विधानसभा अध्यक्ष उम्मेद करसौलिया, जिला सचिव योगेश बंशीवाल,विधानसभा महासचिव सागर पगारिया, महेंद्र बंशीवाल, सतीश बंशीवाल,राजकुमार सिकरवार,नवल सिंह आदि आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# अधिवक्ताओं पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में तथा अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने का ज्ञापन राष्ट्रपति महोदय को दिया



बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा ( कमलेश अग्रवाल )।** अभिभाषिक संस्था शाहपुरा के तत्वाधान में संस्था उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह राणावत के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी शाहपुरा को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। संस्था से सहसचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि पुष्कर के अधिवक्ता पुरुषोत्तम जाखेटिया एवं भीलवाड़ा के अधिवक्ता मोहम्मद अली पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया जिसे दोनों अधिवक्ताओं को गंभीर चोटे आई और अपराधी अभी तक गिरफ्तार नहीं होकर खुले में घूम रहे हैं । आये दिन अधिवक्ताओं पर होने वाले जानलेवा हमले से अधिवक्ता समुदाय में आक्रोश है और अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं होने से अपने आप को अधिवक्ता असहज व असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और स्वतंत्र रूप से अपने पक्षकार की पैरवी करना मुश्किल हो गया है अधिवक्ता का आए दिन धमकियां व जानलेवा हमले से आहत है। ज्ञापन देते हुए अधिवक्ताओं ने मांग की शीघ्र अपराधियों को गिरफ्तार कर सजा दिलाए जाने एवं अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जावे। इस अवसर पर संस्था के सचिव वीरेंद्र पत्रिया कोषाध्यक्ष तेज प्रकाश पाठक सह सचिव कमलेश मुंडेतिया अधिवक्ता पन्नालाल खारोल शरीफ मोहम्मद नमन ओझा अखिल व्यास संजय हाडा अंकित शर्मा अरविंद सिंह राणावत राहुल पारीक सोहेल खान दिलखुश शर्मा ताज मोहम्मद मौजूद रहे।

# फायरिंग के मामले में सदर थाना पुलिस ने दूसरे वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** हिंडौन सिटी सदर थाना पुलिस ने महिला पर फायरिंग के मामले में दूसरे वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान कोटरी निवासी गोरधन मीना के रूप में हुई है।सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि 19 फरवरी को कोटरी की रेशम देवी जाटव ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में पालनपुर निवासी रविंद्र उर्फ हिटलर और गोरधन मीना पर फायरिंग का आरोप लगाया था। इस घटना में महिला के पैर की पिंडली में गोली लगी थी। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए थे।पुलिस पहले ही मुख्य आरोपी रविंद्र उर्फ हिटलर को गिरफ्तार कर चुकी है। उसके पास से फायरिंग में इस्तेमाल की गई पिस्टल और कारतूस बरामद किए गए थे। एएसआई बनय सिंह के नेतृत्व में मामले की जांच चल रही थी।दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी में एएसआई बनय सिंह के साथ शिवसिंह, राम भान और प्रधान समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# नाले निर्माण को लेकर मारपीट का मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** स्थानीय पुलिस थाने में बनवारी लाल पुत्र स्व चुन्नीलाल नाथोलिया वार्ड नंबर 23ने मारपीट का मामला दर्ज करवाया। रिपोर्ट में बताया कि पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण सारण व नगरपरिषद के अधिशाषी अधिकारी सोरभ नाला निर्माण हेतु जायजा लेने आये जिसका मेने विरोध किया। नगरपरिषद के आयुक्त को अवगत कराया। अगर नालें का निर्माण होता है तो हमारे मकान की नींव को खतरा है। इस बात से नाराज़ होकर प्रवीण सारण, श्यामलाल जाट व मनफूल सुथार ने मेरे साथ गाली-गलौच करते हुए हाथापाई कि कौशिक की । मेरे पुत्र गौरव , भतीजे यशवर्धन व भाई मदनलाल ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। करीब 20 मिनट बाद प्रवीण सारण , श्यामलाल जाट, जेठाराम सारण, श्रीराम सारण, श्रवण सारण, सम्प सारण आदि एकराय होकर आये मेरे व मेरी पत्नी के हाथापाई व पत्थरों से हमला कर मकान का गेट तोड़ने कि कौशिक की तथा मेरे गले में सोने कि चैन तोड़ दी। पुलिस ने धारा 115(2 ), 126 ( 2 ) 352(2) ,189(2) बी एन एस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की ।

# पर्यटन क्षेत्र में इनोवेशन करने वाले 20 को होंगे सम्मानित प्रविष्ठियां आमंत्रण की प्रक्रिया जारी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** उदयपुर चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री और पीएचडी चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स ऑफ़ इंडस्ट्री' द्वारा राजस्थान के पर्यटन के सतत विकास की दिशा में क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों एवं अन्य विशेषज्ञों द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों एवं उनके द्वारा इस क्षेत्र में स्थापित किये गए नए आयामों, सर्वोत्तम प्रथाओं एवं नवाचारों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने हेतु 20-मार्च-2025 को अपने पहले राजस्थान टूरिज्म सम्मान-2025 समारोह तथास्तु हेरिटेज रिसोर्ट में आयोजित किया जायेगा। पीएचडीसीसीआई के उदयपुर कन्वीनर मुकेश माधवानी ने बताया कि राजस्थान पर्यटन सम्मान राजस्थान के पर्यटन हितधारकों के लिए स्थापित एक उत्कृष्टता ढांचा है।

आरटीएस का उद्देश्य व्यावसायिक उत्कृष्टता और वांछनीय संधारणीय प्रथाओं का सम्मान करना है। इस सम्मान के लिये उद्योग मानकों को ऊपर उठाना, पूरे क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रथाओं को पहचानना और उनका प्रसार करना,सतत विकास को बढ़ावा देना, पर्यावरण के प्रति जागरूक और जिम्मेदार पर्यटन प्रथाओं को प्रोत्साहित करना,राज्य की पर्यटन प्रोफ़ाइल को बढ़ाना, राजस्थान को गुणवत्तापूर्ण अनुभवों के लिए एक अग्रणी गंतव्य के रूप में स्थापित करना, सहयोग (कोलैबोरेशन) को बढ़ावा देना, उद्योग जगत के साथियों के बीच ज्ञान साझा करने और नेटवर्किंग के लिए एक मंच तैयार करना, पर्यटन क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों से सम्बंधित आरटीएस में लगभग 34 केटेगरी निर्धारित हैं।

जिसमें उद्योगों को सम्मानित किया जायेगा। पीएचडीसीसीआई के राजस्थान प्रमुख आर.के.गुप्ता ने बताया कि इस सन्दर्भ में पर्यटन हितधारकों द्वारा अपने नामांकन भरने की प्रक्रिया जारी है जिसका मूल्यांकन रिटायर्ड आईएएस पूर्व केन्द्रीय पर्यटन सचिव डॉ. ललित के पँवार, की अध्यक्षता में गठित एक जूरी टीम द्वारा किया जाएगा। जूरी द्वारा चयनित हितधारकों को कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

# बालिकाओं को सेनेटरी नेपकिन का वितरण

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिले में ऐकड़ा स्थित महाराजा हम्मीर महाविद्यालय, चौथ का बरवाड़ा द्वारा बुधवार को भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक आयुष मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय जन औषधि परियोजना द्वारा बालिकाओं को व्याख्याता श्रीमती सोनू शर्मा द्वारा सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया। उन्होंने इस दौरान सेनेटरी नैपकिन और उसके उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बताया कि भारत सरकार द्वारा आमजन के लिए यह बहुत ही सस्ती औषधियां उपलब्ध करवाई जाती है जिससे आमजन को राहत मिलती है महाविद्यालय की छात्राओं को वितरित किए गए सेनेटरी नैपकिन चौथ का बरवाड़ा जन औषधि केंद्र के संचालक चंदू शर्मा द्वारा उपलब्ध करवाए गए। जमवाय एजुकेशन ट्रस्ट के चेयरपर्सन एडवोकेट सुरेंद्र सिंह राजावत ने आभार व्यक्त किया।

# जिला न्यायालय की मांग पर कोटपूतली बंद रहा

## व्यापारी संगठनों का समर्थन, आवश्यक सेवाएं जारी; 22 दिनों से कोटपूतली-बहरोड़ बार एसोसिएशन आंदोलन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जिला न्यायालय की स्थापना को लेकर बुधवार को संपूर्ण शहर बंद रहा। कोटपूतली बार एसोसिएशन के आह्वान पर हुए बंद को व्यापारिक और सामाजिक संगठनों का पूर्ण समर्थन मिला। शहर के सभी बाजार और मुख्य मार्गों पर सन्नाटा छाया रहा।प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर शहर में पुलिस बल तैनात किया। कोटपूतली एसएचओ राजेश शर्मा ने बताया कि शहर में बंद शांतिपूर्ण रहा। यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए। इमरजेंसी सेवाओं को बंद से मुक्त रखा गया।मामला नवगठित कोटपूतली-बहरोड़ जिले में न्यायालय की स्थापना से जुड़ा है। कोटपूतली बार एसोसिएशन चाहता है कि जिला न्यायालय पनियाला क्षेत्र में खोला जाए, जहां अन्य जिला स्तरीय कार्यालय प्रस्तावित हैं और जमीन भी आवंटित हो चुकी है। वहीं बहरोड़ बार एसोसिएशन न्यायालय को बहरोड़ में स्थापित करने की मांग कर रहा है।दोनों बार एसोसिएशन पिछले 22 दिनों से आंदोलनरत हैं। इस मुद्दे पर जिला अभिभाषक संघ कोटपूतली को विराटनगर, बानसूर, पावटा और नारायणपुर के जनप्रतिनिधियों, व्यापार मंडल और



सरपंच संघ व फल सब्जी मंडी का समर्थन प्राप्त है। बहरोड़ बार एसोसिएशन का तर्क है कि जब अन्य जिला स्तरीय कार्यालय कोटपूतली में खोले गए हैं, तो एक कार्यालय बहरोड़ में भी स्थापित किया जाना चाहिए।

इस दौरान अध्यक्ष उदयसिंह तंवर, उपाध्यक्ष रंजीत सिंह वर्मा, सचिव हेमन्त शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रवक्ता मुकेश यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता रीछपाल सिंह चौधरी व अशोक सैनी, जितेन्द्र रावत, दयाराम खटाना, राजेन्द्र रहीसा, चेतराम रावत, हजारी लाल यादव, राजेन्द्र चौधरी, सागरमल शर्मा, बजरंग लाल शर्मा, नवीन जैफ, अरविन्द गुर्जर, ओमप्रकाश सैनी, विकास मीणा, विजय सैनी, सुदेश मीणा, हरिश चंद चतुर्वेदी, मधुसुदन अग्रवाल, ओमप्रकाश शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, अमरसिंह पूनियां, अनिल गौड़, नीशू सैनी, सुरेश चंद गुर्जर, रमेश चंद वर्मा, बदलूराम जाट, शिवकुमार शर्मा, सुभाष गुर्जर समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### 15 हजार मुकदमों में सुनवाई लम्बित

विगत 21 दिनों से लगातार जारी पेन डाउन हड़ताल के चलते यहाँ के सिविल व राजस्व न्यायालयों को मिलाकर 15 हजार से अधिक मुकदमों में सुनवाई लम्बित हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि कोटपूतली में 04 एडीजे, 02 एसीजेएम, 01 एमजेएम व 01 एएमजेएम आदि सिविल न्यायालय एवं जिला कलेक्टर, एडीएम, एसडीएम, एसीएम, तहसीलदार आदि रेवन्यू कोर्ट है। जिनमें किसी भी मामलों में सुनवाई नहीं हो पा रही है। पक्षकारों को बैरंग वापस लौटना पड़ रहा है। क्षेत्र में स्टाम्प की मारामारी हो रही है। साथ ही नोटेरी, डीडराईटर, ऑथ कमिश्नर, स्टॉम्प वेंडर, कम्प्यूटर ऑपरेटर आदि भी डीजे कोर्ट खोले जाने की मांग को लेकर हड़ताल पर है। उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री नहीं होने के चलते भी सरकार को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# पारुल भार्गव की न्यू क्रिएशंस ने कला जगत में मचाई धूम

## छोटे से शुरुआत से लेकर अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा तक पारुल भार्गव की यात्रा एक सच्ची प्रेरणा है

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** पारुल भार्गव, एक प्रसिद्ध कलाकार और उद्यमी, ने अपनी कंपनी न्यू क्रिएशंस के साथ कला जगत में धूम मचा दी है। 1998 में अपनी स्थापना के बाद से, न्यू क्रिएशंस ने विश्वभर में पांच देशों में अपनी पेंटिंग्स का निर्यात करके अपनी वृद्धि को तेज किया है। पारुल भार्गव की असाधारण प्रतिभा और समर्पण ने उन्हें कई पुरस्कार दिलाए हैं, जिनमें 2020 और 2021 में प्रतिष्ठित गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का खिताब भी शामिल है। सी-स्कीम, जयपुर में स्थित न्यू क्रिएशंस गैलरी में 60 से अधिक प्रकार की पेंटिंग्स का एक प्रभावशाली संग्रह प्रदर्शित किया गया है, जो विभिन्न स्वादों और पसंदों को पूरा करता है। कैलीग्राफी से लेकर कैनवास, लिपनेट से लेकर बानी ठानी और पिछवाई तक, गैलरी विभिन्न प्रकार की कलात्मक रचनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है। न्यू क्रिएशंस को जो अलग बनाता है वह है महिलाओं को सशक्त बनाने की उसकी प्रतिबद्धता।पारुल भार्गव की एनजीओ, विदुषी अमृता संस्थान, महिलाओं



को व्यवसाय में भाग लेने के लिए एक मंच प्रदान करती है, जिससे लाभ का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सीधे उनके परिवारों का समर्थन करने के लिए जाता है। पारुल भार्गव की अद्भुत यात्रा उनके जुनून, धैर्य और कला के प्रति समर्पण का प्रमाण है। जैसे ही न्यू क्रिएशंस नई ऊंचाइयों को छूता रहता है, यह नवाचार, रचनात्मकता और महिला सशक्तिकरण का एक चमकता हुआ उदाहरण बना हुआ है।

# अंतिम सूची एवं नियुक्ति की मांग को लेकर फार्मासिस्ट का 36 घंटे से धरना प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** फार्मासिस्ट भर्ती 2023 के अंतिम सूची के साथ नियुक्ति की मांग को लेकर के सीफू के सामने टेंट लगाकर दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रखा। फार्मासिस्टों की मांग है कि जब तक हमारी अंतिम सूची जारी नहीं की जाएगी तब तक हम धरना जारी रखेंगे। फार्मासिस्ट संघर्ष समिति के सदस्य ने जानकारी देते हुए बताया कि हमें इससे पहले अंतिम सूची के लिए तीन बार निर्धारित तिथि दी जा चुकी है।लेकिन निर्धारित तिथि पर सरकार कोई ध्यान नहीं दी। इसी के विरोध में हम सभी फार्मासिस्ट अंतिम सूची के साथ नियुक्ति की मांग को लेकर शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। फार्मासिस्टों की मांग है कि वे लंबे समय से मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना पर कार्य कर रहे हैं। जो की सरकार की एक जन कल्याण कारी योजना साबित हुई थी। फार्मासिस्ट ने यह भी बताया कि हमारे आठ कैडर में से




7 कैडर की भर्ती पूर्ण हो चुकी है। केवल फार्मासिस्ट भर्ती की अंतिम सूची नहीं आई, इसी के विरोध में मंगलवार को स्वास्थ्य भवन के सामने इकट्ठे होकर उच्च अधिकारियों से मिलने के बाद सीफू के सामने शांतिपूर्वक तरीके से अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।धरने में प्रदेश भर के हजारों फार्मासिस्ट आए हुए हैं, उनके लिए खाने की व्यवस्था भी सीफू के सामने ही संघर्ष समिति द्वारा ही किया जा रहा है। फार्मासिस्ट ने यह भी बताया कि यदि सरकार हमें जल्दी ही नियुक्ति देती है तो हम सरकार का बहुत आभार व्यक्त करते है। फार्मासिस्टों हनुमान चालीसा का पाठ पढ़ के धरना प्रदर्शन किया एवं उन्होंने बताया कि हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि भगवान हमारी मनोकामना अति शीघ्र पूरी करेंगे।

## नक्षत्र एग्रो फूड्स प्रा. लिमिटेड ने वीसी जरिए किया संवाद

# धरतीपुत्र अब बैंक से बिना डॉक्यूमेंट भी ले सकेंगे ऋण : पंकज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ जयपुर ( राकेश शर्मा )।** एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों को सशक्त करने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार की ओर से पारदर्शिता सुनिश्चित करने एवं किसानों को जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करवाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री एग्रीस्टैक परियोजना शुरू की गई है। इसके तहत प्रत्येक किसान का रजिस्ट्रेशन कर किसान को 11 अंको की विशिष्ट किसान आईडी आवंटित कर किसानों को डिजिटल पहचान प्रदान की जा रही है।

जो भविष्य में किसान सम्मान निधि, कृषि ऋण, फसल बीमा, फसल सर्वे, स्वामित्व हस्तातरण, किसान क्रेडिट कार्ड, न्यूनतम समर्थन मुल्य व अन्य ऋण का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक होगी। यह बात नक्षत्र एग्रो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक पंकज जैन ने बुधवार को कंपनी के प्रधान कार्यालय मानसरोवर प्लाजा जयपुर में वीडियो कॉन्फ्रेंस जरिए धरतीपुत्रों से संवाद करते हुए कही! उन्होंने बताया कि सभी किसानों के लिए 31 मार्च तक फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में पंजीयन करवाना



अनिवार्य इसके के बाद सशुल्क पंजीयन करवाना होगा। जैन ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से जिन ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा चुका है वहां जो किसान पंजीयन करवाने से वंचित रहे गए है वह पटवारी से सम्पर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। यूनिक आईडी के बिना किसानों को किसान सम्मान निधि व फसल बीमा आदि योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा। सीईओ पंकज जैन ने किसानों को बताया कि फार्मर रजिस्ट्री (एग्रीस्टैक) अभियान तहत फार्मर आईडी बनवाने के लिए किसान को आधार कार्ड, नवीनतम खसरा/जमाबंदी की प्रति, आधार से जुड़े मोबाइल नंबर वाला फोन अपने साथ शिविर में लाना आवश्यक हैं। नक्षत्र प्राइवेट फूड प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक (स्वतंत्र) राकेश शर्मा ने किसानों को बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-2026 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ हेतु राज्य में केन्द्र निर्धारित किए गए हैं, जिन पर गेहूं खरीद का कार्य 10 मार्च से प्रारम्भ होकर 30 जून तक किया जाएगा।

भारत सरकार द्वारा इस वर्ष गेहूं की खरीद हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य 2 हजार 425 रुपये प्रति क्विटल निर्धारित किया गया है एवं राजस्थान सरकार द्वारा 150 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस घोषित किया गया है। इस प्रकार किसानों को गेहूं बेचान पर 48 घंटों के अंदर 2 हजार 575 रुपये प्रति क्विटल का भुगतान किया जाएगा। शर्मा ने बताया कि गेहूं बेचान हेतु किसानों को अपना पंजीकरण 25 जून साँय 7.00 बजे तक खाद्य विभाग, राजस्थान सरकार की वैबसाइट https://food.rajasthan.gov.in पर दिये गए गेहूं खरीद हेतु किसान रजिस्ट्रेशन के लिंक से ई-मित्र, अटल सेवा केंद्र, स्वयं अथवा अन्य माध्यम से करवाना होगा। किसानों से संवाद के दौरान नक्षत्र एग्रो फूड्स के वरिष्ठ पदाधिकारी पवन शर्मा, संजय जैन ( सीकर), महाप्रबंधक कृष्ण जैलिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रजापति हुए राजस्थान गौरव रत्न अवॉर्ड से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** जयपुर के दुर्गापुरा बाईपास पर स्थित होटल सफारी में आयोजित हुए राजस्थान गौरव रत्न अवॉर्ड सम्मान समारोह में फुलेरा के पत्रकार कानाराम प्रजापति को राजस्थान गौरव रत्न अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। प्रजापति को यह सम्मान पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर दिया गया है। प्रजापति पिछले दस सालों से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर रहे है।इन्होंने अपनी कलम के माध्यम से क्षेत्र की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने ओर आम जनता की आवाज को बुलंद करने का कार्य किया है। इससे पहले भी पत्रकार



प्रजापति को कई बार अवार्डों से नवाजा गया है। इस मौके पर पत्रकार विनोद यादव, कमलेश शर्मा सहित अनेक लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

# प्रतियोगिता में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** स्थानीय सामलपुरा रोड़ स्थित आशा बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ग्रामीण पर्यावरण विकास संस्थान द्वारा आयोजित पर्यावरण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण में अपनी दक्षता निभाई। इस प्रतियोगिता का आयोजन राज्य सरकार के वीसीडीसी पंजीकरण के द्वारा किया गया। इसमें विद्यालय के लगभग 105 विद्यार्थी ने भाग लिया। तथा इसमें अच्छी दक्षता वाले श्रेष्ठ 50 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था निदेशक रामलाल चाहर ने बताया की समय-समय पर पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी जाती है तथा इसमें विद्यालय के छात्र-छात्राएं बढ़कर भाग लेते हैं प्रथम स्थान अनुज्ञा परेवा,द्वितीय स्थान रानू ज़ोया, तृतीय स्थान करण नेतड ने प्राप्त किया। शेष विद्यार्थी जिन्होंने अच्छा कार्य किया उनको भी प्रशस्ति पत्र देकर बच्चों को मोटिवेट किया जाता है।

इस अवसर पर गोपाल लाल कुमावत, सुरेंद्र जांगिड़, सीताराम,अर्जुन लाल यादव,विष्णु सैनी, बाबूलाल, उमेश योगी, मनीष वर्मा,बीआर निर्मला, एकता, संजना, सरोज वर्मा,रेखा यादव, सुमन चौधरी,छोटू राम चौधरी, बद्रीनारायण वर्मा,अनिता कुमावत,रामेश्वर चौधरी,रामनिवास चौधरी,गणेश राम सहित अन्य मौजूद थे।



# आकाश इनविक्टस का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. ) ।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने गर्व के साथ आकाश इन्विक्टस का शुभारंभ किया है। यह जेईई की तैयारी के लिए एक अनूठा और अग्रणी एडवांस्ड प्रोग्राम है। जिसे विशेष रूप से सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह उच्च-स्तरीय, व्यक्तिगत, एआई आधारित और परिणाम-केंद्रित कार्यक्रम आईआईटी या विदेशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश की तैयारी करने वाले छात्रों को सक्षम बनाने के लिए तैयार किया गया है। आकाश इन्विक्टस लगभग 500 सबसे अच्छे जेईई शिक्षक एक साथ लाता है। जो एक लाख से ज्यादा छात्रों को आईआईटी में सफलता दिलाने में मदद कर चुके हैं। ये शिक्षक छात्रों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इसका पाठ्यक्रम अत्याधुनिक है और इसे उन छात्रों के लिए खास तौर पर डिज़ाइन किया गया है। जो टॉप आईआईटी रैंक हासिल करने के लिए मेहनत कर रहे हैं। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के एमडी और सीईओ दीपक मेहरोत्रा ने प्रोग्राम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आकाश इन्विक्टस केवल एक कोचिंग प्रोग्राम नहीं है, यह उन छात्रों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा है। जो शीर्ष आईआईटी रैंक हासिल करने का लक्ष्य रखते हैं।


प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम)**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
**(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)**

**मुकदमा नम्बर 03/2025**

चूंकि श्री हेमन्त कोठारी पुत्र श्री चैन राज कोठारी निवासी 4/7, मोनिलेक मार्ग, मोनिलेक हॉस्पिटल, जवाहर नगर, जयपुर 302004 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत **सी. आर. कोठारी मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट** कार्यालय पता 4/7, जवाहर नगर, जयपुर 302004 ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 29/1/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आईदा तारीख : 4.4.25

**सहायक आयुक्त ( प्रथम )**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**


# युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के हरसम्भव किये जा रहे प्रयास : राधा पटेल

## द्वितीय जिला स्तरीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग की ओर से कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास स्थित श्री सीताराम अर्जुनदास रामविलास पंसारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बुधवार 05 मार्च को द्वितीय जिला स्तरीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रोजगार आशार्थी युवाओं को नियोजन के अवसर प्रदान करने के लिये निजी क्षेत्र की 20 कम्पनियों के प्रतिनिधि ने भाग लिया।

इस मौके पर 1190 रोजगार आशार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया। जिनमें से 768 रोजगार आशार्थियों का प्राथमिक स्तर पर चयन किया गया। इसके लिये कोटपूतली-बहरोड़ जिले की कोटपूतली, बहरोड़, नीमराणा, मांढ़ण, बानसूर, नारायणपुर, विराटनगर व पावटा तहसीलों के वे बेरोजगार युवा जिन्होंने जिला रोजगार कार्यालय जयपुर अथवा अलवर में पंजीकरण करवाया हुआ है समेत अन्य उपस्थित रोजगार आशार्थी युवाओं को भी नियोजन कार्यवाही में सम्मिलित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल ने संस्थान में प्रशिक्षण के श्रेष्ठ वातावरण की प्रशंसा करते हुये हरसम्भव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सभी बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लगातार प्रयास किये जा रहे है।

संचालन संस्थान के अनुदेशक रमेश चन्द गुर्जर ने किया। गोपाल कुमार शर्मा ने भी मंच संचालन में पूर्ण सहयोग किया। इस मौके पर सहायक निदेशक कुन्तल कुमार सैनी, जिला रोजगार कार्यालय अलवर के सहायक निदेशक हरीश कुमार नानकवाल, यूनियन बैंक शाखा कोटपूतली के प्रबंधक दिनेश मीणा, राजकीय आई.टी.आई. बानसूर अधीक्षक शुभि मिश्रा, पूर्व सरपंच जयराम सिंह गुर्जर, पार्षद प्रतिनिधि मुखिया पायला, जगत कसाणा समेत सैकड़ों रोजगार आशार्थी तथा क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकगण उपस्थित रहे।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर खण्ड 3, जयपुर**

क्रमांक :- 6520 | दिनांक 20.02.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 82/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए पीडब्लयूएफ एण्ड ए.आर पार्ट ।। अपेण्डिक्स 16 दिनांक 1.07.1999 से लागू एवं समय समय पर पंजीयन नियमो सम्बन्धी वित्त विभाग द्वारा जारी आदि दिनांक संशोधित परिपत्रों के अनुरूप इस विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पजीकृत ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाइट www.dipronline.org. http://eproc.rajasthan.gov.in/ & www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तारीख | 24.02.2025 (सोमवार) प्रातः 9.30 बजे से 17.03.2025 (सोमवार) तक सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा जमा कराने की तारीख | 24.02.2025 (सोमवार) प्रातः 9.30 बजे से 17.03.2025 (सोमवार) तक सांय 6.00 बजे तक |
| प्री बिड की दिनांक | 06.03.2025 (गुरुवार) को अपरान्ह 02.00 बजे से कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सानिवि वृत शहर जयपुर में |
| तकनीकी बिड खोलने की तारीख | 18.03.2025 (मंगलवार) को अपरान्ह 03.00 बजे से |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक | तकनीकी बिड का आंकलन होने के उपरान्त आनलाईन सूचित कर दिया जावेगा। |

| NIT S. No | UBN No. |
|---|---|
| 1 | PWD2425WSOB15641 |

DIPR/C/2646/2025

**( पवन कुमार कुलश्रेष्ठ )**
**अधिशाषी अभियन्ता सानिवि नगर खण्ड तृतीय,जयपुर**

## सम्पादकीय

# शहरों के लिए बजट की पाई-पाई का हो इस्तेमाल

इस साल बजट में हुए आवंटन पर चर्चा के दौर लगभग थम गए हैं। ऐसे में यह पड़ताल होनी चाहिए कि सरकार के तीनों स्तर और दूसरी संबंधित एजेंसियां कौन से उपाय करें, जिनसे भारत के शहरों के लिए आवंटित एक-एक पैसे का ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके। पिछले कुछ साल की तरह इस बार भी शहरी मंत्रालय के लिए आवंटन कुल बजट का लगभग 2 फीसदी रहा है। लेकिन शहरी उप-क्षेत्रों और कार्यक्रमों में इसका वितरण बदल गया है। शहरी आवास की हिस्सेदारी घटी है और नई योजनाओं की शुरुआत धीमी गति से हो रही है। उनके बजाय पिछली योजनाओं के तहत मकानों का निर्माण पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। परिवहन विशेषकर मेट्रो रेल और बुनियादी सेवा क्षेत्रों के लिए आवंटन बढ़ा है क्योंकि ये योजनाएं पहले जैसी गति से चल रही हैं। स्मार्ट सिटी अभियान ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है मगर अर्बन चैलेंज फंड जोड़ दिया गया है, जिसका मकसद शहरों को नया रूप देना है। शहरी आवास से शुरू करें तो जिन तीन योजनाओं के लिए सब्सिडी दी गई है, वे हैं 2015 से चल रही प्रधानमंत्री आवास योजना – शहरी (पीएमएवाई-यू) चरण 1, पीएमएवाई-यू चरण 2 और पिछले साल घोषित औद्योगिक आवासीय योजनाएं। शहरी आवास का तीन-चौथाई से अधिक बजट पीएमएवाई-यू के पहले चरण के तहत आवास निर्माण पर सब्सिडी देने के लिए है। इस चरण में 32 लाख आवास अभी बनने हैं, इसलिए नई आवासीय योजनाएं शुरू करने से पहले उनके निर्माण को प्राथमिकता देना समझदारी की बात है। इस बजट में बिल्कुल ऐसा ही किया गया है। जो मकान बनने हैं, वे ज्यादातर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के परिवारों के लिए हैं, जिनकी सालाना आमदनी 3 लाख रुपये या उससे कम है। इन मकानों पर सब्सिडी दी जाती है, जिससे परिवार का निर्माण पर आने वाला खर्च कम हो जाता है। इस सब्सिडी में 2015 से कोई बदलाव नहीं किया गया है मगर मकान बनाने का खर्च बढ़ गया है और लाभार्थियों को इसमें ज्यादा रकम लगानी पड़ रही है। इसलिए इन गरीब परिवारों को पहले की तुलना में अधिक धन की दरकार हो जाती है। उनके लिए किफायती आवास ऋण की उपलब्धता बढ़ाना इसके समाधान का एक तरीका है। पीएमएवाई-यू के पहले चरण पर हुए शोध में भी बताया गया है कि इस तरह का कर्ज नहीं मिलना ईडब्ल्यूएस परिवारों के लिए बड़ी चुनौती है। इसलिए पीएमएवाई-यू चरण 1 के लाभार्थियों को पहले के मुकाबले अधिक आसानी से किफायती आवास ऋण उपलब्ध कराना जरूरी है। प्रधानमंत्री आवास योजना – शहरी के दूसरे चरण के लिए आवंटन केवल आवास ऋण के ब्याज पर सब्सिडी देने के मकसद से किया गया है। इससे परिवारों की मासिक किस्त कम हो जाती है। इसमें 70 फीसदी आवंटन ईडब्ल्यूएस और निम्न आय वर्ग (सालाना आमदनी 3 लाख रुपये से 6 लाख रुपये के बीच) के लिए है। बाकी रकम मध्यम आय वर्ग (सालाना आमदनी 6 लाख रुपये से 9 लाख रुपये तक) के लिए है। सीएसईपी में किए गए शोध बताते हैं कि पीएमएवाई-यू के पहले चरण में ऐसी ही आवास ऋण सब्सिडी योजना के तहत केवल 21 फीसदी लाभार्थी ईडब्ल्यूएस वर्ग से थे। इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि इस योजना के दूसरे चरण में लाभ पाने वाले ईडब्ल्यूएस परिवारों का अनुपात पहले चरण से ज्यादा हो। यह भी जरूरी है कि दूसरे चरण में ऐसे परिवारों को ज्यादा आसानी के साथ वित्तीय संस्थाओं से आवास ऋण मिले। औद्योगिक आवास के लिए आवंटन के तहत ऐसे मकान बनाने (उद्योगों के साथ मिलकर) के लिए सब्सिडी दी जाएगी, जो औद्योगिक कामगारों को किराये पर मिल सकें। इससे औद्योगिक वृद्धि तथा रोजगार को बढ़ावा भी मिलेगा और किराये के लिए अधिक मकान भी तैयार हो सकते हैं। इसी परियोजना में औद्योगिक कामगारों के साथ आम लोगों के लिए भी किराये के आवास बनाए जाएं तो उन लोगों को भी रिहायश मिल जाएगी, जो कारखानों के आसपास दूसरे काम-धंधे कर कामगारों को सेवा मुहैया कराते हैं।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 6 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- फर्डिनांड 1521 में मैगलन गौम पहुँचा।
- रघुनाथ राव ने 1775 में पहले एंग्लो-मराठा युद्ध को समाप्त करने को लेकर अंग्रेजों के साथ सूरत की संधि पर हस्ताक्षर किये।
- नर्सों की पहली पत्रिका नाइटिन्गेल 1886 में प्रकाशित हुई।
- मशहूर फुटबॉल क्लब स्पेन के 'मैड्रिड क्लब' की स्थापना 1902 में हुई थी।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और रविन्द्रनाथ टैगोर 1915 में पहली बार शांतिनिकेतन में मिले।
- इस्मेत इनोनु ने 1924 में तुर्की में एक नई सरकार बनायी।
- 1944 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका ने मित्र देशों के साथ मिलकर बर्लिन पर भारी बमबारी की।
- भारत से ब्रिटिश सैनिकों को हटाये जाने का विरोध में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल ने 1947 में की घोषणा की।
- बॉम्बे से इकनोमिक टाइम्स का 1947 में सम्पादन शुरू हुआ था।
- भारत का पहला वित्तीय डेली समाचार पत्र 'द इकोनोमिक टाइम्स' टाइम्स आफ इंडिया समूह द्वारा 1961 में बॉम्बे में लॉन्च हुआ।
- जोसेफ़ स्तालिन की बेटी स्वेतलाना 1967 में भारत स्थित रूसी दूतावास से होते हुए अमेरिका पहुँची।
- यूनाइट स्टेट में 1983 में पहले फुटबॉल लीग की स्थापना हुई।
- भारत ने सन 1990 में इंदिरा गांधी गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीता।
- महान पत्रकार अरुण तम्हांकार का 1995 में निधन हुआ।
- हिमांचल प्रदेश में वीरभद्र सिंह ने 1998 में कांग्रेस की सरकार बनाई थी।
- सन 2003 में अल्जीरिया का एक विमान तामारासेट में दुर्घटनाग्रस्त, 102 से भी अधिक यात्री मरे।
- दक्षिण चीन में एक कोयला खदान में 2007 में हुए विस्फोट में कम से कम 15 श्रमिकों की मौत हो गई।
- पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने 2008 में सरबजीत सिंह कि दया याचिका खारिज की।

### 06 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- 1475 में इतालवी चित्रकार माइकल एंजेलो का जन्म।
- मुग़ल साम्राज्य का शासक बाबर के बेटे हुमायूँ का 1508 में अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में जन्म हुआ।
- 1787 में जर्मन भौतिकशास्त्री जोसेफ़ फॉन फ्रॉन्होफ़र का जन्म।
- 1903 में जापान की महारानी कोजुन का जन्म।
- 1945 में भारतीय राजनीतिज्ञ, लेखक और कांग्रेस के सदस्य सैयद अहमद का जन्म।
- 1949 में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शौकत अजीज का जन्म।

# अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर उच्छृंखलता नामंजूर



ललित गर्ग

**यह विडम्बनापूर्ण एवं हमारी न्याय प्रक्रिया की विसंगति ही है कि एक सरकारी कर्मचारी के खिलाफ इस्तेमाल इन 'मियां-टियां' और 'पाकिस्तानी' जैसे शब्दों से जुड़े मुकदमे को निचली अदालत से सर्वोच्च न्यायालय तक का सफर तय करने में लगभग चार साल लगे, मगर दोनों पक्षों ने किसी पड़ाव पर यह समझदारी दिखाने की कोशिश नहीं की कि यह सिर्फ अहं की लड़ाई है। कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की एक कविता पर गुजरात पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी।**

सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़े दो अलग-अलग मामलों की सुनवाई के दौरान जो कहा, वह जहां संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिहाज से खासा अहम है वही एक संतुलित एवं आदर्श समाज व्यवस्था का आधार भी है। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी व धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने से जुड़े इन मामलों में जो फैसले किए हैं और इस दौरान जो टिप्पणियां की हैं, उसके निहितार्थों को समझने की आवश्यकता है। मंगलवार को 'मियां-टियां' और 'पाकिस्तानी' शब्दों के इस्तेमाल से जुड़ी याचिका की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने इस मुकदमे के आरोपी को इस आधार पर आरोप-मुक्त कर दिया कि यह भारतीय दंड सहिता की धारा 298 के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के अपराध के बराबर नहीं है। वैसे, अदालत ने इन शब्दों के प्रयोग को गैर-मुनासिब माना। एक दूसरे रणवीर इलाहाबादिया से जुड़े मामले में अश्लीलता के आरोपों पर भी सुप्रीम कोर्ट ने बेहद संतुलित लेकिन धारदार-सख्त टिप्पणी करते हुए स्पष्ट किया कि न तो अश्लीलता के लिए कोई गुंजाइश छोड़ी जानी चाहिए और न ही इसे अभिव्यक्ति की आजादी की राह में आने देना चाहिए। रणवीर इलाहाबादिया को पॉडकास्ट जारी रखने की इजाजत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वह नैतिकता और अश्लीलता की सीमा को लांघने की गलती न करें। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़ी इन जटिल होती स्थितियों को गंभीरता से लिया और अनेक धुंधलकों को साफ किया है। सर्वोच्च न्यायालय के इन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के जुड़े फैसलों रूपी उजालों का स्वागत होना ही चाहिए। गुजरात हाईकोर्ट ने भी इस मामले में जांच की जरूरत बताते हुए पुलिस कार्रवाई की पुष्टि की थी। इसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी मायने रखती है कि एफआईआर दर्ज करने से पहले संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस को कविता पढ़नी चाहिए थी। कविता नफरत और हिंसा की नहीं, इंसाफ और इश्क की बात करती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आजादी के 75 साल हो गए हैं। कम से कम अब तो पुलिस को स्वतंत्र अभिव्यक्ति का मर्म समझना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की इस बात का संदेश बिल्कुल स्पष्ट एवं न्यायसंगत है। हालांकि यह छिपी बात नहीं है कि पुलिस स्वायत्त तरीके से काम नहीं करती। अनेक कार्रवाइयां उसे सत्ता पक्ष के दबाव में करनी पड़ती हैं। इसलिए विपक्षी दलों एवं समुदाय विशेष के मामले में अगर अभिव्यक्ति की आजादी के कानून को हाशिये पर धकेल दिया या नजरअंदाज कर दिया जाता है, तो हैरानी की बात नहीं। यह कम बड़ी विडंबना नहीं कि साहित्य और कलाओं में अभिव्यक्त विचारों की व्याख्या भी अदालतों को करनी पड़ रही है। सत्ताएं सदा से अपनी आलोचना से तल्ख हो जाती रही है, ऐसी जटिल स्थितियों में आखिर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा कौन करेगा? ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, इससे पहले भी कई मौकों पर वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लम्बी बहसें हो चुकी हैं, आन्दोलन तक हुए, हिंसा एवं अराजकता का माहौल बना। हर बार अदालतें पुलिस को नसीहत देती हैं, अपने दखल से समझ एवं सीख भी देती है ताकि संतुलित वातावरण बना रहे। मगर शायद उस पर संजीदगी एवं संवेदनशीलता से अमल की जरूरत न तो पुलिस ने समझी और न उग्र एवं विध्वंसक शक्तियों ने। इसी का नतीजा है कि अब भी जब तब ऐसे मामले अदालतों में पहुंच जाते हैं, जिनसे किसी की भावना के आहत होने एवं विभिन्न समुदायों के आपसी सौहार्द-सद्भावना के खण्डित होने के आरोप लगते रहते हैं, जबकि वास्तव में उनमें ऐसा कुछ नहीं होता। बेवजह नफरत, द्वेष एवं घृणा का माहौल बनता रहा है, चाहे वह फिल्मों के दृश्यों-संवादों, किसी राजनेता के बयानों, धर्मगुरुओं के बोलों या साहित्य के किसी अंश को लेकर भावनाएं आहत करने या भड़काने के आरोप किसी ऐतिहासिक-मिथकीय प्रसंग को लेकर की गई टिप्पणी पर लगते रहे हों।

आज सोशल मीडिया जैसे मंचों के बेजा इस्तेमाल की प्रवृति बढ़ रही है, फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब जैसे सोशल मंचों पर ऐसी सामग्री परोसी जा रही है, जो अशिष्ट, अभद्र, हिंसक, भ्रामक, राष्ट्र-विरोधी एवं समुदाय विशेष के लोगों को आहत करने वाली होती है, जिसका उद्देश्य राष्ट्र को जोड़ना नहीं, तोड़ना है। इन सोशल मंचों पर ऐसे लोग सक्रिय हैं, जो तोड़-फोड़ की नीति में विश्वास करते हैं, वे चरित्र-हनन और गाली-गलौच जैसी औछी हरकतें करने के लिये उद्यत रहते हैं तथा उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक नीति अपनाते हुए अराजक माहौल बनाते हैं। एक प्रगतिशील, सभ्य एवं शालीन समाज में इस तरह की हिंसा, अश्लीलता, नफरत और भ्रामक सूचनाओं की कोई जगह नहीं होनी चाहिए, लेकिन विडम्बना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कानून के चलते सरकार इन अराजक स्थितियों पर काबू नहीं कर पा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया से जुड़े मंचों के दुरुपयोग पर चिंता से सहमति जताते हुए भी सेंसरशिप और नॉर्म (मानदंड) के बीच के फर्क को रेखांकित किया। उसका कहना था कि सरकार को इस संबंध में गाइडलाइंस लानी चाहिए, लेकिन ऐसा करते हुए यह भी ध्यान में रखना जरूरी है कि वे अभिव्यक्ति की आजादी पर गैरजरूरी पाबंदियों का रूप न ले लें।

# भारत : बदलते विश्व आर्थिक परिदृश्य का नया नायक



प्रो. आरके जैन

**भारतीय कृषि क्षेत्र भी इस संकटमय वैश्विक परिदृश्य में एक सुनहरे अवसर की प्रतीक्षा में है। जब विश्व खाद्य सुरक्षा और पोषण की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब भारत अपनी प्राचीन और समृद्ध कृषि परंपरा का उपयोग कर वैश्विक बाजार में एक नया मुकाम हासिल कर सकता है। मोटे अनाज, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'श्री अन्न' का सम्मानजनक नाम देकर पुनर्जनन प्रदान किया, आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुपरफूड के रूप में उभर रहे हैं।**

भारत आज वैश्विक मंच पर एक नए, स्वर्णिम युग की ओर दृढ़ कदमों से अग्रसर हो रहा है। जब समूचा विश्व व्यापार युद्ध की उलझनों, आर्थिक अस्थिरता और अनिश्चितता के भँवर में फँसा हुआ है, तब भारत अपनी अद्वितीय रणनीतिक दूरदर्शिता, आत्मनिर्भरता की अटूट शक्ति और प्रखर सूझ-बूझ के बल पर नवीन संभावनाओं का सृजन कर रहा है। वैश्विक पटल पर अमेरिका, चीन, कनाडा और मैक्सिको के बीच व्यापारिक तनाव अपने चरम पर पहुँच चुका है। अमेरिका द्वारा नए टैरिफ लागू करने के साहसिक निर्णय ने वैश्विक व्यापार व्यवस्था में भूचाल ला दिया है, तो वहीं चीन और कनाडा ने भी जवाबी शुल्कों के साथ इस युद्ध को और प्रचंड बना दिया है। ऐसे में भारत के लिए यह एक दुर्लभ अवसर है कि वह स्वयं को एक अडिग, विश्वसनीय और प्रभावशाली व्यापारिक शक्ति के रूप में स्थापित करे। टैरिफ की इस आंधी ने अनेक अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को नए विनिर्माण ठिकानों की खोज के लिए विवश कर दिया है। यदि भारत अपने 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' जैसे दूरदर्शी अभियानों को और अधिक प्रबल गति प्रदान करे, तो वह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का एक अपरिहार्य अंग बनने की क्षमता रखता है। विदेशी निवेश को आकर्षित करने हेतु व्यावसायिक सुगमता को सशक्त करने, नवाचार को प्रोत्साहन देने और अनुसंधान के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाने से भारत इस व्यापार संग्राम से अभूतपूर्व लाभ अर्जित कर सकता है। यह समय भारत के लिए अपनी आर्थिक नींव को सुदृढ़ करने और वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक नई पहचान गढ़ने का है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष' घोषित करना भारत की कृषि शक्ति और दूरदर्शिता का ज्वलंत प्रमाण है। यह पहल न केवल भारतीय किसानों की आय को दोगुना करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है, बल्कि भारतीय कृषि उत्पादों को वैश्विक मंच पर एक सम्मानजनक स्थान भी दिला रही है। व्यापार और कृषि के साथ-साथ भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था भी एक अभूतपूर्व उड़ान भर रही है। 'स्टार्टअप इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसे अभियानों ने देश में तकनीकी क्रांति की नींव रखी है। जब वैश्विक कंपनियाँ नए तकनीकी केंद्रों की तलाश में हैं, तब भारत अपनी नवाचार क्षमता, कुशल मानव संसाधन और स्थिर नीतियों के दम पर एक डिजिटल महाशक्ति बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय स्टार्टअप्स को वैश्विक स्तर पर मिल रही मान्यता इस बात का साक्ष्य है कि भारत अब केवल एक उपभोक्ता बाजार नहीं, बल्कि नवाचार और उद्यमशीलता का एक सशक्त केंद्र बन चुका है। यह तकनीकी उन्नति भारत को विश्व में एक नई पहचान देने का संकल्प रखती है। साथ ही, भारत की ऊर्जा नीति भी आत्मनिर्भरता और हरित भविष्य की ओर एक प्रेरक संकेत दे रही है। जब विश्व ऊर्जा संकट की चपेट में है और बड़े देश तेल व गैस की आपूर्ति को लेकर संशय में हैं, तब भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक अनुपम कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



दिनेश कुमार सैनी
(राज्य स्तरीय पुरस्कृत शिक्षक)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिए बालगीत, मनोरंजन गतिविधि से शिक्षण कराने वाले, गतिविधि आधारित शिक्षण, खेल-खेल में शिक्षा, कम लागत वाली शिक्षण अधिगम सामग्री बनाने वाले और शिक्षा में शून्य निवेश नवाचार करने वाले शिक्षक दिनेश कुमार सैनी की जो कि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ला में कार्यरत हैं। इनका जन्म 11 जुलाई 1991 को राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के पुराना राजगढ़ गांव में हुआ। इनकी प्राथमिक शिक्षा पुराना राजगढ़, उच्च माध्यमिक शिक्षा श्री प्यारेलाल गुप्ता सीनियर सेकेंडरी विद्यालय राजगढ़ व उच्च अध्ययन राजगढ़ महाविद्यालय से किया। विद्यालय समय से ही एनएसएस और स्काउट में रहकर सामाजिक कार्यों में रुचि रखते हैं। 2012 में दिल्ली पुलिस में सरकारी सेवा में नियुक्त हुए। इन्होंने दिल्ली पुलिस में अपने कार्य के लिए अलग ही पहचान बनाई। 3 साल दिल्ली पुलिस में सेवा देने के बाद 1 अप्रैल 2015 को शिक्षा विभाग में अलवर जिले के राजकीय प्राथमिक विद्यालय आदिनाका, रामगढ़ में नियुक्त हुए और यहीं पर इनको इब्तीदा संस्था का सहयोग मिला और उससे प्रेरित होकर बच्चों के साथ लगातार गतिविधि आधारित शिक्षण और बालगीत से शिक्षण करवाते रहे। इसी दौरान विद्यालय में अनेक विकास कार्य करवाए जैसे- चार दीवारी निर्माण, विद्यालय रंगाई-पुताई और आरओ प्लांट पुरे गांव के लिए अमेरिका की संस्था से लगवाया। आदिनाका विद्यालय से ही यूट्यूब पर दिनेश हिंदी बालगीत नाम से यूट्यूब चैनल बनाया। इस पर लगातार अपने नवाचार से संबंधित वीडियो डालते रहे। 7 जून 2018 से ये राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ला में कार्यरत हैं। विद्यालय आने के पश्चात गांव के सरकारी कर्मचारियों का एक समूह बनाया जिसको विद्यालय विकास समिति बड़ला के नाम से जाना जाता है इस समूह के सहयोग से विद्यालय में अनेक विकास कार्य करवाए। अंत्योदय फाउंडेशन संस्था मुंबई और अनेक संस्थाओं का भी सहयोग लगातार मिलता रहा। जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह इनको इनके नवाचार के लिए सम्मानित कर चुके हैं। इनके द्वारा विद्यालय समय के अलावा और छुट्टियों के दिनों में भी बच्चों को नवोदय विद्यालय और एनएमएमएस की तैयारी करवाई जाती है। अभी तक इनके द्वारा 17 बार रक्तदान करके जरूरतमंद लोगो की मदद की गई है।लोगों को रक्त की जरूरत के लिए परेशान ना हो इसलिए ये और इनके बीस साथियों के साथ मिलकर नई सोच नई किरण रक्तदानी संगठन नाम से समूह चलाते हैं जिसमे 800 से ज्यादा सदस्य हैं जो आवश्यकता होने पर जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध करवाता है।दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

राजकुमार गुप्ता, राजगढ़

## 2025_063
बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 4 | 8 | | | 1 |
| | | 3 | 9 | | | | 8 | |
| 5 | | 8 | | 3 | | | 7 | |
| 9 | | | | | | | | |
| 2 | 6 | | 3 | | | 8 | | 7 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | | 4 | 9 | | 5 |
| | 2 | | | | | | | 4 |
| 1 | 5 | 6 | 4 | | | | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | | | | | | 3 |

Ans_2025_062

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 7 | 2 |
| 7 | 6 | 9 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 2 | 7 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 5 | 7 | 2 | 4 | 6 | 1 | 3 | 8 |
| 3 | 9 | 5 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 | 7 |
| 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा। मित्रों से मुलाकात होगी।

### वृष
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

### मिथुन
पानी वाली जगहों से दूर रहें। आज धन का व्यय अधिक होगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

### कर्क
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो, इसका खास ध्यान रखें।

### सिंह
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा।

### कन्या
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

### तुला
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो, इसका खास ध्यान रखें।

### वृश्चिक
सरकार से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। प्रतिकूल संयोग के बनने से आपके कार्य में विलंब होगा। शरीर में ताजगी और मन में उत्साह का अभाव रहेगा। पेट के रोग सताएंगे। नौकरी में अधिकारियों के नकारात्मक व्यवहार से आपको दुख होगा।

### धनु
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। तन-मन की तंदुरस्ती अच्छी रहेगी। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा।

### मकर
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा।

### कुंभ
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है।

### मीन
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। बाहर जाना हो सकता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# अज्ञात वाहन की टक्कर से एक छात्र की मृत्यु, तीन घायलो को इलाज के लिए जयपुर रेफर

## चावण्डिया में खेत पर कार्य करते समय 11 केवी बिजली के तार टूट कर गिरने से एक महिला की मृत्यु

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा क्षेत्र में बुधवार को दो अलग अलग स्थानो पर हुई दुघटनाओं में एक छात्र व एक महिला की मृत्यु होने के अलावा तीन विद्यार्थी गंभीर रूप से घायल होने से इलाज के लिए जयपुर रेफर किया गया है। पुलिस सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को पचेवर क्षेत्र के अजीतपुरा गांव के एक ही परिवार के अजय पुत्र बद्री, रचना पुत्री जगदीश, रीना पुत्री भंवर गुर्जर व हंसराज पुत्र घासी गुर्जर पचेवर स्थित राउमावि से अपनी बोर्ड परीक्षा का प्रवेश पत्र लेकर पैदल अपने गांव जा रहे थे। पचेवर से अजीतपुरा जाने वाली सड़क पर बनेड़िया के निकट एक अज्ञात वाहन ने इन चारो को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें हंसराज की मौके पर ही मृत्यु हो गई व तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना पचेवर पुलिस व पूर्व सरपंच घनश्याम गुर्जर को लगते ही मौके पर पहुंच मृतक व गंभीर रूप से घायल विद्यार्थियों को एम्बूलेंस की सहायता से तुरन्त मालपुरा के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां तीनो घायल विद्यार्थियों का प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने के चलते इलाज के लिए जयपुर रेफर किया गया। वहीं मृतक छात्र का शव मोर्चरी में रखवा कर परिजनो को सूचना दी गई। परिजनो के आने के बाद चिकित्सको के पोस्टमार्टम के बाद शव अन्तिम संस्कार के लिए परिजनो को सौंपा गया।

### तार के टूटने से महिला की मृत्यु

ग्राम पंचायत चावण्डिया के सरपंच किशनलाल गुर्जर ने बताया कि चावण्डिया निवासी लक्ष्मी पत्नि बजरंग कुम्हार उम 51 वर्ष अपने खेत पर कार्य कर रही थी। इसी दौरान अचानक खेत पर से गुर्जर विद्युत की 11 केवी का तार टूट कर महिला पर गिर गया। जिससे महिला की मौके पर मृत्यु हो गई। सरपंच गुर्जर ने बताया कि चावण्डिया क्षेत्र से गुजर रही विद्युत विभाग की 11 केवी लाइन काफी नीची है जिसे जमीन पर से हाथ ऊपर करने पर ही छुआ जा सकता है। इसको लेकर ग्रामवासियो व पंचायत की ओर से कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियो को अवगत कराया गया है। लेकिन विभागीय अधिकारियो की अनदेखी व लापरवाही के चलते एक महिला को अकाल मौत का शिकार होना पड़ा। इसको लेकर ग्रामवासियो से भारी आक्रोश व्याप्त है।

# मुख्यमंत्री सहायता कोष से मृतका के आश्रितों को 1 लाख की आर्थिक सहायता मिली

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने जहरीले सांप के काटने से मृतका के आश्रितों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। कलेक्टर ने बताया कि मृतका सीमा धाकड़ पुत्री नारायण धाकड़ निवासी ग्राम कनवाड़ा तहसील दूनी को मुख्यमंत्री सहायता कोष से एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षिक गतिविधियों के साथ सह-शैक्षिक गतिविधियाँ भी आवश्यक : डॉ. हेमंत

## कुहू स्कूल के वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने मचाई धूम

बढ़ता राजस्थान



**गंगापुर सिटी/ सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित करने वाले एवं प्राइड ऑफ राजस्थान अवार्ड से सम्मानित कुहू इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विजयालक्ष्मी ऑडिटोरियम में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद दीक्षित एवं विशिष्ट अतिथि विद्यालय के निदेशक डॉ. हेमंत शर्मा व प्रधानाचार्य डॉ. मिथलेश शर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि गोविंद दीक्षित ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि अब तक कुहू स्कूल को केवल उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए जाना जाता था, लेकिन आज विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने यह सिद्ध कर दिया कि यह विद्यालय बच्चों के समग्र विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विद्यालय के निदेशक डॉ. हेमंत शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ सह-शैक्षिक गतिविधियाँ भी अत्यंत आवश्यक हैं। इस मंच के माध्यम से 400 से अधिक विद्यार्थी अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। विद्यालय के मीडिया चेयरपर्सन धनेश शर्मा एवं दुर्गेश शर्मा ने विद्यार्थियों को अध्ययन के प्रति जागरूक रहने, माता-पिता का सम्मान करने और उज्ज्वल भविष्य के लिए कठिन परिश्रम करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में वार्षिक उत्सव की तैयारियों में विशेष योगदान देने वाले शिक्षकों को विद्यालय निदेशक डॉ. हेमंत शर्मा एवं प्रधानाचार्य डॉ. मिथलेश शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य मुकेश शर्मा, प्रभारी श्रीमती पिंकी त्रिलोकानी, दीक्षा राजावत, भरत जगवानी, शुभम शर्मा, ज्योति कंवर, योगिता शर्मा, दीक्षा शर्मा, भरत शर्मा, सूर्यकांत चतुर्वेदी, आशा शर्मा, शुभम लक्षकार, नरेंद्र गुर्जर, सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ, विद्यालय कर्मचारी, सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# खेत पर लगी आग पर किसानो ने काबू पाया



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा शहर से धानोता गांव की ओर जाने वाली मुख्य सड़क किनारे गणेश माली के खेत में अज्ञात कारणो से लगी आग पर किसानो ने अपने स्तर पर प्रयास कर काबू पाया। बुधवार को श्रवण माली के खेत से धुंआ उठता दिखाई दिया। इसे देख खेत पर काम कर रही महिलाओं ने घबरा कर चिल्लाना प्रारम्भ किया। मौके पर मौजुद एक किसान ने इसकी जानकारी खेत मालिक व दमकल व पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर मालपुरा पुलिस पहुंची। वहीं नगरपालिका मालपुरा के दमकल वाहन मरम्मत कार्य के लिए बाहर होने के चलते टोडारायसिंह दमकल वाहन को मौके पर बुलाया गया। दमकल आने से पूर्व तक मौके पर मौजुद आसपास के किसानो व महिलाओं ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# मालपुरा शहर के चार परीक्षा केन्द्रो पर 2224 परीक्षार्थी देगें परीक्षा

## आज से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा को लेकर बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा शहर के चार परीक्षा केन्द्रो पर गुरूवार से शुरू होने वाली माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10 व 12 की परीक्षा में कुल 2224 परीक्षा दे सकेगें। इधर परीक्षा को लेकर राउमावि मालपुरा में केन्द्राधीक्षक व प्रधानाचार्य अल्का पारीक की अध्यक्षता में वीक्षको की आवश्यक बैठक आयोजित हुई। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य कक्ष में प्रधानाचार्य अल्का पारीक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रधानाचार्य पारीक ने बताया कि परीक्षा देने के लिए आने वाले विद्यार्थियों को शाला गणवेश में परीक्षा शुरू होने के आधा धंटा पूर्व अपने परीक्षा परमिशन कार्ड के साथ आना होगा। परीक्षा अवधि में विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रिक डवाइस लाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा प्रभारी देवेन्द्र कुमार व गिरधर शर्मा ने बताया कि अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक जीतराम चौधरी व व्याख्याता दीपक गुप्ता के साथ 42 कार्मिको को परीक्षा के लिए नियुक्त किया गया है। प्रधानाचार्य ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सहित जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से परीक्षा को लेकर दिए गए दिशा निर्देशो की जानकारी देकर परीक्षा की विश्वसनीयता बनाए रखने व व्यवस्थाओ बाबत विचार विमर्श किया गया।

**चार परीक्षा केन्द्र होगें :** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से कक्षा 10 व कक्षा 12 के लिए मालपुरा शहर में चार परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं। जिनमें राउमावि में 1165, एमडी पब्लिक स्कूल में 396, राजकीय बालिका उमावि में 226 तथा आदर्श विद्या मन्दिर में 437 परीक्षार्थी परीक्षा दे सकेगें। परीक्षाओ का समय सुबह 8.30 बजे से शुरू होगा।

# आपातकालीन प्रतिक्रिया व आपदा प्रबंधन के अभ्यास के लिए मॉक ड्रिल

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** भारत पैट्रोलियम कार्पोरेशन द्वारा मुंबई मंडमाड बिजवासन पाइपलाइन के लिए 1389 किलोमीटर लम्बी भूमिगत पाइपलाइन बिछाई गयी है, जिसके द्वारा राजस्थान के जिलों में पैट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति की जाती है। इस पाइपलाइन पर आपातकालीन प्रतिक्रिया व आपदा प्रबंधन के अभ्यास के लिए सवाई माधोपुर जिले में चैनेज नंबर 1994.730 किलोमीटर पर मोक ड्रिल का आयोजन किया गया। मोक ड्रिल के दौरान जिला प्रशासन, म्यूच्युअल ऐड मेम्बर गेल, स्वास्थ्य विभाग एवं बीपीसीएल द्वारा तेल के रिसाव को रोकने, घायल कर्मियों को बचाने एवं आग पर काबू पाने का अभ्यास किया गया। मोक ड्रिल मे जिला अग्निशमन टीम, राजकीय अस्पताल एम्ब्युलेन्स टीम ने भी भाग लिया। ड्रिल मे बीपीसीएल के अधिकारियों ने भी अपने सुरक्षा उपकरणो का उपयोग किया। बीपीसीएल पाइपलाइन से कैलाश कूशवाह (हेड पाइपलाइन) ने मॉक ड्रिल का संचालन किया। म्यूच्यूअल ऐड रिस्पांस ग्रुप से गेल कंपनी से सतीश जैन तथा संजय गुप्ता (मुख्य प्रबंधक कोटा) पाइपलाइनों के संचालन और उसके महत्व के बारे में जानकारी दी। बीपीसीएल की तरफ से राकेश समलोडीया वरिष्ठ, प्रबंधक, सागर सुल (प्रबंधक, मेंटेनेंस), आशीष कुमार, रूपेश पाटील, मेनेजर मैकिनीकल रजनीश कूमार तथा अन्य बीपीसीएल अधिकारियों ने इस ड्रिल में भाग लिया। जिला कलेक्टर एवं एसपी साहब ने प्रेरित किया कि इस तरह के अभ्यास निरंतर किए जाने चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की आपदा से प्रभावी रूप से निबटा जा सके। इस दौरान जिला कलक्टर शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, तहसीलदार विनोद शर्मा, सीएमएचओं डॉ. अनिल कुमार जैमिनी, फायर डिपार्टमेंट , स्वास्थ्य विभाग, म्यूच्यूअल ऐड मेम्बर गेल आदि से बड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्टेम आईडीईईडी कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रबंधन को लेकर बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** भारत सरकार के आई स्टेम आईडीईईडी कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रबंधन को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने आई स्टेम के पायलट प्रोजेक्ट में टोंक जिले के चयन और नवीन लैब की स्थापना के संबंध में कार्यक्रम से जुड़े सभी अधिकारियों को अपने प्रस्ताव 10 मार्च तक भिजवाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कृषि, कॉलेज एवं पॉलिटेक्निक शिक्षा, डीओआईटी, उद्योग, आईसीडीएस, राजीविका, ग्रामीण विकास, चिकित्सा से संबंधित अधिकारियों को ऐसे प्रस्ताव भिजवाने के लिए निर्देशित किया जो जिले के लोगों के लिए उपयोगी हो। उन्होंने कहा कि जिले में वर्तमान परिदृश्य एवं भविष्य की जरूरतों के ध्यान में रखकर कार्य योजना तैयार करें। कार्यक्रम में उप महानिदेशक श्याम सुंदर धाकड़ ने बताया कि कार्यक्रम के तहत भारत सरकार ने टोंक जिले का चयन किया है। इसलिए ऐसे प्रस्ताव तैयार किए जाएं जो ग्रासरूट लेवल के लोगों के लिए उपयोगी हो, ताकि जिले के अधिकाधिक लोगों का इस कार्यक्रम का लाभ मिल सके। बैठक में जिला परिषद के सीईओ परशुराम धानका, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक दीपक कुमार, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सुशील अग्रवाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य लोकेश कुमार शर्मा, उपनिदेशक कृषि विस्तार वीरेंद्र सोलंकी एवं जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक समेत अन्य मौजूद रहे।

# 259वां फूलडोल महोत्सव 10 मार्च से 3 अप्रेल तक शाहपुरा में

## मुख्य महोत्सव 14 से 19 मार्च तक



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के महाप्रभू स्वामी रामचरण जी महाराज की पावन मुख्य धरा शाहपुरा जिला भीलवाड़ा स्थित श्री रामनिवास धाम पीठ में 259वां फूलडोल महोत्सव पीठाधीश्वर अनंत विभूषित आचार्य श्री रामदयाल जी महाराज के पावन सानिंध्य में 10 मार्च से 3 अप्रैल तक आयोजित होगा। वहीं मुख्य महोत्सव 14 से 19 मार्च तक आयोजित होगा। श्री रामनिवास धाम पीठ में विराजे संत जगबल्लभ राम जी एवं संत नवनिध राम जी बताया कि 10 मार्च को प्रातः से संतो का आगमन व 10.30 बजे से शाहपुरा के नयाबाजार स्थत राममेड़िया से विशाल शोभायात्रा का जुलुस, पवित्र ग्रंथ अणभै वाणी व थाल सदर बाजार, त्रिमूर्ति चौराहे होते हुए श्री रामनिवास धाम पहुंचेगें। वहीं मुख्य समारोह के अन्तर्गत 13 मार्च श्री रामनिवास धाम में रात्रि जागरण, 14 मार्च से 19 मार्च तक प्रतिदिन प्रातः 5 से 7 बजे तक कम्बल जी के दर्शन, रामध्वनि एवं संतो के प्रवचन तथा अणभै वाणी जी के पाठ धाम स्थितत बारादरी में होगें। इस दौरान प्रतिदिन 9 से 12 तक तथा अणभै वाणी जी के पाठ व संतो के प्रवचन , 10 बजे शोभायात्रा व वाणी जी का जुलुस, दोपहर 3 से 5 बजे तक संतो के प्रवचन, रात्रि 8 से 11 बजे तक संतो के प्रवचन होगें। 19 मार्च को आचार्य श्री रामदयाल जी महाराज के चातुर्मास की धोषणा होगी। वहीं 3 अप्रैल को प्रातः 10 बजे शोभायात्रा जुलुस के साथ फूलडोल महोत्सव का विधिवत समापन होगा। संतो ने बताया कि महोत्सव में भाग लेने के लिए देश विदेश से असंख्य श्रद्धालु शाहपुरा पहुंचेगें।

# सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाकर करें लाभान्वित : बुढ़ानिया



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आईएएस गौरव बुढ़ानिया ने बुधवार को पंचायत समिति गंगापुर सिटी एवं बामनवास के विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारियों सहित स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के ब्लॉक समन्वयक तथा कनिष्ठ तकनीकी सहायकों एवं प्रधानमंत्री आवास तथा स्वच्छता प्रभारियों से विकास कार्यों की समीक्षा की! सीईओ बुड़ानिया ने ग्राम पंचायतों को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए अधिकारी कार्मिकों को निर्देश दिए ग्राम पंचायतो में चल रहे विकास कार्यों की समय समय पर मॉनिटरिंग कर कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के ग्राम विकास अधिकारियों को आवास योजना में प्रगति लाने सहित स्वामित्व योजना, के मैप समय पर भेजने ग्राम विकास अधिकारियों के कार्यों की विकास अधिकारियों को समीक्षा एवं निरीक्षण कर जिला स्तर पर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए! सीईओ बुढ़ानिया ने कहा की सरकार द्वारा चलाई जा रही फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाने के लिए कार्य कर उन्हें लाभान्वित करें। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने सीईओ को विभागीय योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। बैठक में गंगापुर सिटी विकास अधिकारी जगदीश गुर्जर बामनवास विकास अधिकारी ब्रज लाल मीना अधिशासी अभियंता अशोक मीना परियोजना अधिकारी लेखा रमेश चंद मथुरिया वरिष्ठ लेखाधिकारी ओमप्रकाश मीना समन्वयक स्वच्छता बलवंत सिंह , सत्यप्रकाश सैन लक्ष्मीकांत भारद्वाज सहित अधिकारी कार्मिक उपस्थित थे।

# जिले की समस्त ग्राम पंचायतों पर आज होगी जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( नि.स. )।** जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए माह के प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 6 मार्च को प्रातः 11 बजे से जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में आयोजित की जाएगी। जिसमें आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं की सुनवाई कर समाधान किया जाएगा।

# जिले में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में अब तक 50 हजार 189 किसानों ने करवाया पंजीकरण

## 31 मार्च तक हर किसान को बनवाना ही होगा आईडी कार्ड, बिना इसके नहीं मिलेगी किसान सम्मान निधि, फसल बीमा का फायदा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों को सशक्त करने के उद्देश्य से जिले में ग्राम पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 50 हजार 189 किसान अपना पंजीकरण करवा चुके हैं जिससे 11 अंकों की यूनिक आईडी मिली हैं।

जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बताया कि केन्द्र सरकार की ओर से पारदर्शिता सुनिश्चित करने एवं किसानों को जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करवाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री एग्रीस्टैक परियोजना शुरू की गई है। इसके तहत प्रत्येक किसान का रजिस्ट्रेशन कर किसान को 11 अंको की विशिष्ट किसान आईडी आवंटित कर किसानों को डिजिटल पहचान प्रदान की जा रही है। जो भविष्य में किसान सम्मान निधि, कृषि ऋण, फसल बीमा, फसल सर्वे, स्वामित्व हस्तातरण, किसान क्रेडिट कार्ड, न्यूनतम समर्थन मुल्य व अन्य ऋण का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक होगी।

उन्होंने बताया कि सभी किसानों के लिए 31 मार्च तक फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में पंजीयन करवाना अनिवार्य इसके के बाद सशुल्क पंजीयन करवाना होगा। जिन ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा चुका है वहां जो किसान पंजीयन करवाने से वंचित रहे गए हैं वह पटवारी से सम्पर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। यूनिक आईडी के बिना किसानों को किसान सम्मान निधि व फसल बीमा आदि योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा।

### 6 से 8 मार्च तक यहां होंगे शिविर आयोजित

जिला कलक्टर ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री (एग्रीस्टैक) अभियान तहत 6 से 8 मार्च, 2025 तक सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत चितारा, पढ़ाना, शेरपुर एवं एण्डा में, चौथ का बरवाड़ा की जौला, भगवतगढ़ एवं शिवाड़ में, मलारना डूंगर की कुण्डली नदी, जोलन्दा एवं बहतेड़ में, बौंली की बांस टोरडा, नीमोद (राठोद) एवं मामडोली में, गंगापुर सिटी की अहमदपुर एवं टोकसी में, बामनवास की खेडली, सीतोड़ एवं सुकार में, वजीरपुर की पावटा, उदेई खुर्द, पीलोदा एवं भालपुर में, बरनाला की नारौली चौड़ एवं भिनौरा में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फार्मर आईडी बनवाने के लिए किसान को आधार कार्ड, नवीनतम खसरा/जमाबंदी की प्रति, आधार से जुड़े मोबाइल नंबर वाला फोन अपने साथ शिविर में लाना आवश्यक हैं।

### भूरीभड़ाज में शहीद सांवरमल स्वामी का मूर्ति अनावरण समारोह आयोजित

# अमर शहीदों का जीवन राष्ट्र व समाज के लिए प्रेरणादायी : प्रेमसिंह बाजौर

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** ग्राम पंचायत भूरीभड़ाज में बुधवार को शहीद सांवरमल स्वामी का मूर्ति अनावरण अध्यक्ष सैनिक कल्याण बोर्ड राज्य मंत्री प्रेम सिंह बाजौर के मुख्य आतिथ्य व ग्राम पंचायत भूरीभड़ाज के प्रशासक कैलाश चंद स्वामी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर सैनिक कल्याण बोर्ड राज्य मंत्री प्रेम सिंह बाजौर समेत अन्य अतिथियों ने फिता काटकर शहीद स्मारक का उद्घाटन किया। वहीं माल्यार्पण कर शहीद सांवरमल स्वामी की प्रतिमा का अनावरण भी विधिवत् रूप से किया। मूर्ति अनावरण समारोह को सम्बोधित करते हुए सैनिक कल्याण बोर्ड राज्य मंत्री ने कहा कि सदियों से हमारे देश की धरती अपनी वीरता के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। गाँव देहात की मिट्टी से निकलने वाले बलिदानियों ने अपने प्राण न्यौछावर कर इस देश व देश की सीमा की रक्षा की है। इसीलिए अमर शहीदों का जीवन राष्ट्र व समाज के लिए प्रेरणादायी होता है। उनके बलिदान को भुलाया ना जा सकें, साथ ही युवा पीढ़ी प्रेरणा लेकर देशभक्ति का जज्बा अपने जीवन में उतार सकें इसके लिए अमर शहीदों की मूर्तियां गाँव-ढ़ाणियों में लगाई जाती है। पूरा देश बलिदानियों का कृतज्ञ है। हमें उनके बलिदान को याद रखने के साथ-साथ शहीदों के परिवार के प्रति भी जिम्मेदार बनना चाहिये। इस मौके पर आगंतुक अतिथियों ने शहिद के भाई रामनिवास, कैलाश पुत्र आदित्य स्वामी व विरांगना श्रीमती मनोहरी देवी आदि परिजनों का माल्र्यापण कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, पूर्व विधायक इन्द्रराज गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, भाजपा नेता आशिष धनकड़, पंचायत समिति सदस्य सुमन स्वामी ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन करते हुए पूर्व सरपंच गोपाल सिंह ने कहा कि शहीद सांवरमल ने अपने गाँव का नाम रोशन किया है।

युवा पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिये। पूर्व पंचायत समिति सदस्य हरिद्वारी लाल स्वामी ने अतिथियों का स्वागत किया। जबकि वार्ड पंच राजेन्द्र आर्य ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भजन व सत्संग कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता धर्मसिंह भैंसलाना, एडवोकेट रामनिवास यादव, महेन्द्र फौजी, झाबर फौजी, लालचंद, कमलेश कुमार, लीलाराम, प्रकाश, रामवतार, बनवारी लाल, राजेन्द्र सांखला समेत ग्रामीण मौजुद थे।



## मीडिया में सुर्खियां बटोरने के लिए सरकार अपना रही हैं नए नए पैतरे : टीकाराम जूली

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि प्रदेश के शिक्षा मंत्री को कोई भी गंभीरता से नहीं लेता है। उन्होंने शिक्षा पर रिप्लाई के समय फॉरेस्ट पर बोले शिक्षा के अलावा अन्य मुद्दों पर उन्होंने बेवजह भाषणबाजी की। उन्होंने कहा कि मीडिया में सुर्खियां बटोरने के लिए शिक्षा मंत्री ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के विकास के लिए भारत सरकार का पैसा था वह नहीं दिया गया। टी ए डी के छात्रावास में कैडर बनाने का काम हमने शुरू किया डेढ़ साल से बैसाखी पर चल रही इनकी सरकार ने प्रदेशवासियों के हित के लिए कुछ भी नहीं किया। उन्होंने नगर निकाय चुनाव को लेकर भी निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी नगर निकाय चुनाव एक साथ कराने की बात कर रही है लेकिन लगता नहीं कि यह एक साथ नवंबर में चुनाव करा पाएंगे या नहीं क्योंकि इनके पास कोई कार्य योजना ही नहीं है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव कराने से इसलिए बच रहे हैं क्योंकि इनकी हालत बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी एकजुटता के साथ विपक्ष की भूमिका निभा रही है। भाजपा के राज में कानून व्यवस्था बेपटरी हो गई है इसलिए कानून व्यवस्था जैसे अहम मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए बेवजह की बातें इनके द्वारा फैलाई जा रही है।

### कांस्टीट्यूशन क्लब के उद्घाटन को लेकर नेता प्रतिपक्ष जूली का तंज

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने विधानसभा में कांस्टीट्यूशन क्लब के उद्घाटन को लेकर सत्ता पक्ष पर तंज करते हुए कहा कि कांस्टीट्यूशन क्लब का उद्घाटन पहले ही हो चुका है अब दो-दो बार उद्घाटन करने से कोई फायदा नहीं है। उन्होंने कहा कि कांस्टीट्यूशन क्लब के शिलान्यास और उद्घाटन का पत्थर वहां मौजूद है तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष का भी उस पर नाम है। उन्होंने कहा कि एक बिल्डिंग में दो.दो बार उद्घाटन होने पर लोग मजाक बनाएंगे और दोबारा उद्घाटन से परिपाटी गलत हो जाएगी।

## ब्राह्मण समाज की नवीन कार्यकारिणी के चुनाव 9 मार्च को

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** श्री ब्राह्मण समाज राजगढ़ की नवीन कार्यकारिणी के गठन के अन्तर्गत अध्यक्ष पद के लिए 9 मार्च को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन वापसी के बाद तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी अशोक पालीवाल ने बताया कि ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पद के छह प्रत्याशियों में से तीन प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस ले लिए हैं। शेष रहे तीन प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए हैं। 9 मार्च को प्रात: 9 बजे से सायं 4 बजे तक कस्बे के गोविन्द देवजी बाजार स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में निर्वाचन कार्यक्रम रखा गया हैं।

## मालाखेड़ा के श्याम मंदिर पर 10 मार्च को होने वाले फाग उत्सव मेले की तैयारी जोरों पर

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के रेलवे स्टेशन स्थित श्याम मंदिर प्रांगण में फागुन मेला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी जोरों से की जा रही है। मंदिर महंत हरिप्रसाद उपाध्याय ने बताया कि 10 मार्च को एकादशी के अवसर पर बाबा श्याम के मंदिर प्रांगण में फाल्गुन मेला महोत्सव मनाया जाएगा। जहां इस मनमोहन महोत्सव के दौरान इंदुलेखा के मुखारविंद से सुंदर भजन भी प्रस्तुत किए जाएंगे। आसपास के गांव से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रत्येक ग्यारस पर आकर बाबा से आशीर्वाद लेते हैं। श्रद्धालु कृष्णा चौधरी ने बताया कि फागुन मेला महोत्सव के आयोजन के लिए मंदिर प्रांगण में तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। बाबा के प्रांगण पर आने वाले श्रद्धालुओं को छाया पानी व बैठने की उचित व्यवस्था की जा रही है।

## होली पर्व के कारण छूट 12 मार्च तक ही

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** मंगलवार को ललित कुमार गुप्ता, अति.प्रादेशिक परिवहन अधिकारी व सविता भारद्वाज, जिला परिवहन अधिकारी अलवर द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर में यूनियन पदाधिकारियों व ट्रांसपोटर्स व्यवसायियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों द्वारा वाहन स्वामियों को राहत देने के लिए एमनेस्टी योजनाओं के तहत ई-रवन्ना ओवरलोडिंग चालानों में भारी छूट, नष्ट हो चुके वाहनों के पंजीयन प्रमाण.पत्र निरस्तीकरण की सुविधा और पुराने बकाया कर पर नई पैनल्टी दरें, खनिज विभाग से प्राप्त ई-रवन्ना के तहत ओवरलोडिंग के मामलों में बनाए चालानों में 95 प्रतिशत तक की छूट के संबंध में अवगत करवाया गया। भार वाहन के कर जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2025 है। परंतु दिनांक 13 मार्च 2025 व 14 मार्च 2025 का होलिका अवकाश होने के कारण यूनियन पदाधिकारियों व वाहन स्वामियों से अंतिम तिथि से पूर्व ही अग्रिम कर जमा करवाने हेतु निर्देशित किया गया। 15 मार्च 2025 के पश्चात् वाहन का कर जमा करवाने पर पैनल्टी देय होगी, साथ ही बिना कर संचालित पाये जाने वाले वाहनों पर जब्तीकरण की कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में पार्किंग शुल्क के नाम पर अवैध वसूली का वीडियो वायरल होने के बाद बुधवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने एबीवीपी के नगर मंत्री व जिला कार्यकर्ता सचिन शर्मा के नेतृत्व में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के एल मीना को ज्ञापन सौंपकर पार्किंग के नाम पर हो रही अवैध वसूली को रोकने की मांग की है। राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के एल मीना ने छात्रों को आश्वासन दिया कि छात्रों के साथ किसी तरह का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नियमित विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार का पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाएगा। स्वयंपाठी विद्यार्थियों से पार्किंग के 10 रूपए लिया जाएगा। इस मौके पर एबीवीपी के जिला कार्यकर्ता सचिन शर्मा, राजगढ़ नगर मंत्री पुष्पेन्द्र, नीरज, प्रदीप सहित महाविद्यालय के छात्र मौजूद रहे।

## प्राचीन शिव एवं हनुमानजी मन्दिर प्रांगण में दो दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति एवं समस्त सोनावां क्षेत्र के लोगों द्वारा प्राचीन शिव एवं हनुमानजी मन्दिर प्रांगण में दो दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह के द्वारा भगवान श्री रामदरबार एवं श्री राधा.कृष्ण की मूर्ति स्थापित की जाएगा। पंडित सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि आज दिनाँक 5 मार्च को सुबह 9 बजे श्री रामदरबार एवं राधा.कृष्ण की सुन्दर झांकियों की प्रस्तुति के बीच कलश यात्रा निकाली गयी जिसमें 60 महिलाएं कलश यात्रा में शामिल हुईं। जो कि सोनावा डूंगरी प्राचीन शिव हनुमानजी मंदिर शुरू से होकर सरोज गौड़ के सामने से होते हुए विवेकानंद चौराहे से मैन रोड परिक्रमा करते हुए स्कीम नं 8 स्थित दक्ष अस्पताल के सामने से होते हुए उपला सोनावा होते हुए राशन डीलर की दुकान के सामने होते हुए वापस प्राचीन मंदिर पहुँची। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं पुरूष डीजे और ढ़ोल नगाडों की धुन पर भजन गाते एवं नाचते हुए शामिल हुए। 6 मार्च गुरुवार को सुबह 10ण् 30 बजे श्री रामदरबार एवं श्री राधा कृष्ण जी मूर्ति मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के साथ हवन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह सहित अन्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष योगेश मिश्राए विधानसभा चुनाव में काँग्रेस प्रत्याशी रहे एवं नगर परिषद के पूर्व सभापति अजय अग्रवाल, नगर परिषद की पूर्व सभापति एवं महिला काँग्रेस जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी और एडिशनल एसपी ग्रामीण सहित अन्य जनप्रतिनिधी मौजूद रहेंगे। पण्डित सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि आज कार्यक्रम में नगर परिषद की पूर्व सभापति एवं महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती कमलेश सैनी, पूनम यादव, सरोज गौड़, संजू गंगावत, मीना मुदगल, रजनी देवी, पुष्पा देवी,सुनीता सैनी, अनीता सैनी, सर्वेश देवी, संतोष सिंह,रेखा कँवर,बबीता प्रजापति, नीलम देवी,शिवानी देवी, मंजू देवी, बबली देवी सहित समस्त सोनावा के महिला.पुरूष शामिल हुए।

## खाटू धाम के लिये 41 वीं ध्वज पद यात्रा रवाना श्री श्याम बाबा की विशाल शोभा यात्रा निकाली



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राजमार्ग स्थित श्री श्याम मंदिर से बुधवार को श्री श्याम शक्ति मण्डल कोटपूतली ट्रस्ट के तत्वाधान में 41 वीं अखंड ज्योत व निशान पद यात्रा धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ रवाना हुई। पद यात्रा को पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने पूजा अर्चना कर, ज्योत जलाकर व श्री श्याम ध्वज दिखाकर रवाना किया। पद यात्री श्री श्याम बाबा की झांकी रथ के साथ खाटू नरेश के जयकारों और भजनों के साथ नाचते गाते हुये रवाना हुये। स्थानीय मंडल के कलाकारों द्वारा यात्रा में भजनों की प्रस्तुति दी गई। पद यात्रियों द्वारा मंदिर प्रांगण से कस्बे के मुख्य मार्गों से गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का जगह-जगह क्षेत्रवासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। महामंत्री मनोज दीवान व रमेश जिंदल ने बताया कि मण्डल द्वारा यात्रियों के लिये रास्ते में भोजन, पानी, विश्राम की व्यवस्था की गई है। पद यात्रियों का प्रथम पड़ाव होटल शकुंत रिसोर्ट पावटा, दूसरे दिन त्रिवेणी धाम, तीसरे दिन महरौली, चौथे दिन पद यात्री श्री श्याम खाटू धाम में निशान चढ़ायेगें। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष श्यामलाल बंसल, उपाध्यक्ष ख्यालीराम सैनी, भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, पूर्व चेयरमैन महेंद्र सैनी, जगन दीवान, रमेश जिंदल, जितेन्द्र जोशी, रजत जिंदल, विश्वनाथ सोनी, विजय गोयल, महेश बंसल, मनोज दीवान, हीरालाल सैनी, ख्यालीराम सैनी, जगदीश सैनी, कैलाश सैनी, दिलीप मित्तल, कमल गुप्ता, पवन मोरीजावाला,सीताराम अग्रवाल, गोविंद बिदाणी, सियाराम शर्मा, घनश्याम शर्मा (बब्बल), घनश्याम अथोनिया, सोनू लाडला, अरविंद सैनी, महेंद्र सैनी, भीम सैनी, बाबूलाल सैनी, राजू सैनी, श्रीराम सैनी, करण सवाईका, मुकेश शेखावत समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे।

### पद यात्रियों ने डीजे कोर्ट की मांग को दिया समर्थन

बुधवार को कस्बे के विभिन्न मुख्य मार्गो से श्री श्याम बाबा की विशाल शोभा यात्रा निकालने के बाद पद यात्रियों द्वारा डीजे कोर्ट की मांग को अपना समर्थन दिया गया। इस अवसर पर पद यात्रियों ने जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर को दुपट्टा पहनाकर अपना समर्थन देते हुये हरसम्भव सहयोग का आश्वासन दिया।

## उप प्राचार्य पद पर पदोन्नति के लिए बकाया डीपीसी करवाने के लिए सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** उप प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष समिति राजस्थान के बैनर तले बुधवार को उप प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष समिति अलवर के संयोजक मुरारीलाल मीणा के नेतृत्व में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी व जिला शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। उप प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष समिति के संयोजक मुरारीलाल मीणा ने बताया कि राज्य सरकार ने जुलाई 2023 में राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवा नियमों का प्रकाशन किया जिसमें विद्यालयों में उप प्राचार्य के 12424 नवीन पद स्वीकृत किए गए और इन पद को 100 प्रतिशत व्याख्याता की पदोन्नति देते हुए सत्र 2022-23 में डीपीसी भी कर दी गई। उन्होंने बताया कि उप प्राचार्य पद की बकाया डीपीसी 2022-23 की रिव्यू डीपीसी एवं वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 की डीपीसी करवाने की मांग सरकार से की है।

ज्ञापन के दौरान मुरारीलाल मीणा, जगदीश प्रसाद शर्मा, हेमकरण यादव, सत्यप्रकाश यादव, लोकेश शर्मा, मुकेश कुमार मीना, राजेश मीना, श्रवण सिंह सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## विश्व इंजीनियरिंग दिवस के आयोजन पर इंजि. राजदीप शर्मा का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** द इन्स्टीट्यूशन ऑफ इन्जिनियर्स इण्डिया के राजस्थान स्टेट सेन्टर के तत्वावधान में मंगलवार को विश्व इंजीनियरिंग दिवस का आयोजन किया गया। इस दिवस का विषय सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए इंजीनियरों की शक्ति को उन्मुक्त करना कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत रत्न सर डॉ. एम विश्वेश्वरैया की मूर्ति पर माल्यापर्ण करके किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इंजी० प्रीतम सिंह जी, सेवानिवृत्त व विशिष्ठ अतिथि इंजी लोकेन्द्र सिंह चाहौन एवं मुख्य वक्ता डॉ.श्रद्धा आर्य थे। सर्वप्रथम संस्थान के अध्यक्ष इंजी महेन्द्र चौहान ने सभी अतिथियो का स्वागत किया व अपने स्वागत उद्बोधन में संस्थान की गतिविधियो के बारे में काफी विस्तार से बताया। कार्यक्रम का आयोजन द् इन्स्टीट्यूशन ऑफ इन्जिनियर्स इण्डिया राजस्थान स्टेट सेन्टर के परिसर, इंजीनियर्स भवन, टोंक रोड जयपुर पर किया गया। संस्थान के मानद सचिव डॉ. हेमन्त कुमार गर्ग ने बताया कि विकास और मानव कल्याण में इंजीनियरिंग की हमेशा से अहम भूमिका रही है। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि इंजीनियरों और वैज्ञानिकों की भावी पीढियाँ स्थानीय और वैश्विक चुनौतियों के लिए समाधान तैयार करने में सक्षम होंगी। समारोह में दस अभियंताओं को सम्मानित भी किया गया जहां अलवर की धरोहर इंजि० राजदीप शर्मा का सम्मान भी किया गया। समारोह के अन्त में सभी आगन्तुक अभियन्ताओं का आभार प्रदर्शित कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागपुरा में पीएम श्री योजना के तहत सामाजिक कार्यकर्ता राजेश हाडिया के मुख्य आतिथ्य व भामाशाह बजरंग लाल चौधरी की अध्यक्षता में एक दिवसीय स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपजिला अस्पताल पावटा के सहयोग से छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया।

मुख्य चिकित्सक एमडी पीजिशियन डॉ. रवि बंसल, दन्त रोग विशेषज्ञ अनिता शर्मा, भवानी शर्मा, नरसिंह ऑफिसर विजय लक्ष्मी आदि स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे। जिन्होंने विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण की। राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रागपुरा में सेवारत फार्मासिस्ट जयसिंह लताला ने जानकारी दी कि शिविर में नाक, कान, गला, आंखों की जांच, दांतों सम्बन्धित जांच एवं हिमोग्लोबिन, शुगर, बी.पी., ब्लड आदि जाँचे निन्शुल्क करवाई गई। कार्यवाहक प्राचार्य रामवतार कुमावत ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान शिविर प्रभारी मुकेश कुमार जाट, व्याख्याता मालाराम यादव, धोलाराम यादव, महावीर प्रसाद शर्मा, प्रकाश गुर्जर, मुकेश कपुरिया, निखिल गुप्ता, अरविंद शर्मा, रामजीलाल योगी, लक्ष्मी कांत रेवाला, रजनी बाला योगी, पुष्पा कुमारी, सुशीला मीणा, धन्नी देवी यादव, पूनम यादव, रजनी चौहान समेत विद्यालय स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## ज्योति कलश रथ यात्रा का किया अभिनन्दन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार से निकली ज्योति कलश रथ प्रातः बड़ोदा मेव से रवाना होकर कठूमर तहसील के गाँव खुडियाना, बड़ोदा कान, टिटपुरी, मथुराहेडा, बींजला, पहाड़ी, कांकरौली, इसरौता, आदि गांवों से होती हुई कठूमर पहुंची। सभी गांवों में भाई बहिनों ने बड़ी श्रध्दा के साथ ज्योति कलश के दर्शन कियेए पूजा की और पुष्प वर्षा की। कठूमर कस्बे में ज्योति कलश का भव्य स्वागत किया गयाए बाजार में बैंड ध्वनि महिलाओं ने सिर पर कलश धारण ज्योति कलश रथ के साथ चल कर शोभायात्रा निकाली। जीआईएस गैलेक्सी शिक्षण संस्था में पहुँच कर यात्रा का समापन हुआ। बड़ौदा मेव में ज्योति कलश रथ के सूरजमल शिक्षण संस्थान में पहुंचने पर छात्र छात्राओं तथा शिक्षकों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और उसके बाद ज्योति कलश रथ के आगे छात्र छात्राओं ने रैली निकाल कर बाज़ार में रैली निकाली थी। रात्रि विश्राम बडोदा मेव में किया था यात्रा में गायत्री परिवार के मुरारी लाल शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद सेठी, चरण सिंह चौधरी, मोहनलाल शर्मा, रघुवीर सिंह नरूका, गिरीश सेठी, कैलाश प्रजापति के साथ कठूमर तहसील के नरेश सिंह, भगवान सिंह, रमेश चौधरी आदि रहे।

# अब सरस पेयजल व चाय पत्ती भी मिलेगी अत्याधुनिक सरस कैफे की भी होगी स्थापना

- आइसक्रीम प्लांट, बटर मैन्युफेक्चरिंग यूनिट व सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना की भी योजना
- कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की बोर्ड बैठक में कई नवीन परियोजनाओं की हुई घोषणा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की बोर्ड बैठक सरस सभागार में अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संघ की वर्तमान भौतिक एवं आर्थिक प्रगति की समीक्षा की गई तथा आगामी योजनाओं पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। संघ अध्यक्ष राठौड़ ने बताया कि सरस डेयरी कोटा के विस्तार एवं प्रगति के लिए कई नवीन परियोजनाएं क्रियान्वित करने की योजना बनाई गई है। शीघ्र ही संघ परिसर में ड्रिंकिंग वाटर बॉटलिंग प्लांट तथा टी पैकेजिंग यूनिट की स्थापना की जाएगी। इससे कोटा शहरवासियों को उच्च गुणवत्ता का सरस ब्रांडेड पेयजल व चायपत्ती की सौगात मिलेगी। ड्रिंकिंग वाटर की सरस नम्बर 01 के नाम से ब्रांडिंग की जाएगी। इसकी बोटलें विभिन्न एमएल की होंगी। चायपत्ती भी 50,100 तथा 250 ग्राम की पैकेजिंग में मिलेगी।

**यहां होगी सरस कैफे की स्थापना :** इसके अतिरिक्त दुग्ध संघ द्वारा आइसक्रीम प्लांट, बटर मैन्युफेक्चरिंग यूनिट व सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना की योजना भी बनाई गई है। यह हाड़ोती का प्रथम सरस आइसक्रीम प्लांट होगा। बैठक में श्रीनाथपुरम स्टेडियम के समीप स्थित डेयरी परिसर में सरस कैफे की स्थापना का प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें सरस घी में बने शुद्ध एवं स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध कराए जाएंगे। यह कैफे शहरवासियों को स्वास्थ्यवर्धक एवं स्वच्छ भोजन के साथ एक नए स्वाद का अनुभव देगा। सरस कैफे एक बीघा क्षेत्र में बनाया जाएगा। यहां पिकनिक व पार्टी की भी व्यवस्था रहेगी।

**बॉयलर संचालन के लिए पीएनजी कनेक्शन पर भी विचार किया :** बैठक में संघ परिसर में बॉयलर संचालन के लिए पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन पर भी विचार किया गया। एमडी दिलखुश मीणा ने बताया कि संघ परिसर में पीएनजी लाइन बिछाई जा चुकी है। शीघ्र ही इसका संचालन प्रारम्भ कर दिया जाएगा। इससे ऊर्जा लागत में कमी आएगी। इस अवसर पर गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि भी की गई। संघ की आर्थिक व भौतिक प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। इस अवसर पर एसीडीएफ प्रतिनिधि सुधांशु गुर्जर, एमडी दिलखुश मीणा सहित संचालक मंडल के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### नई योजनाएं सरस डेयरी कोटा को नए मुकाम पर पहुंचाएंगी

संघ अध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि ये योजनाएं सरस डेयरी कोटा को एक नए आयाम पर ले जाएंगी। उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करने के प्रति संघ की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करेंगी। बैठक में गौरी शंकर, धनराज सैनी, जोधराज मीणा, बनवारी लाल नागर, माया किराड़, हरनाथ मीणा, रामेश्वर, फोरंता बाई, शैतान गुर्जर भी रहे।



# सुपर परीराज ब्रांड के 988 किलो गुलाब जामुन सीज, विभिन्न खाद्य पदार्थों के 19 नमूने भी लिए

## पीपों पर लगे लेबल पर इंग्रिडिएंट्स में मीडिया डिक्लेयर नहीं होने पर की गई कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** खाद्य सुरक्षा दल ने बुधवार को गुमानपुरा क्षेत्र के एक प्रतिष्ठान पर गुलाब जामुन (सुपर परीराज) के लेबल पर इंग्रेडिएंट्स में मीडिया डिक्लेयर नहीं होने (किस तेल या घी में बने हैं का उल्लेख नहीं होने) के कारण शक के आधार पर 18 किलो के टिन को खुलवाकर नमूना लिया। इसी के साथ 18 किलो के 54 टिन व 16 किलो के 1 टिन को सीज किया। गुलाब जामुन के पीपों पर जो लेबल डिक्लेरेशन दिया गया था, उसमें गुलाब जामुन किस मीडिया में बनाए गए हैं, इसका विवरण अंकित नहीं था। इसी कारण यहां से एक नमूना लेकर कुल 988 किलो गुलाब जामुन सीज कर दिए गए।

इस अभियान के क्रम में कोटा शहर की विभिन्न डेयरियों व किराना स्टोर का निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के 18 नमूने भी लिए। इन सभी 19 नमूनों को कोटा की ही खाद्य प्रयोगशाला में जांच के लिए भिजवाया गया है। वहां से प्राप्त होने वाली रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जाएगी।

**कार्रवाई में ये रहे शामिल :** इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, अरुण सक्सेना, चंद्रवीर सिंह जादोन व मोजी लाल कुम्भकार तथा सहायक चेतराम शामिल रहे। यह कार्रवाई कोटा प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे कामयाब कोटा व राज्य में चलाए जा रहे शुद्ध आहार-मिलावट पर वार होली स्पेशल अभियान के तहत प्रमुख शासन सचिव मेडिकल एंड हेल्थ गायत्री राठौर व आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एच गुइटे के मार्गदर्शन, जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी के निर्देशन में तथा अभिहित अधिकारी एवं सीएमएचओ डॉ. नरेन्द्र नागर के नेतृत्व में की गई।

# बैंकिंग क्षेत्र के सतत विकास ने देश को आर्थिक मजबूती प्रदान की : बिरला

## कोटा नागरिक सहकारी बैंक की दादाबाड़ी शाखा का स्थानांतरण समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** कोटा नागरिक सहकारी बैंक लि. की दादाबाड़ी शाखा का नवीन परिसर में भव्य स्थानांतरण समारोह बुधवार को आयोजित किया गया। दादाबाड़ी मेन रोड स्थित अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस नवीन शाखा का लोकार्पण लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने फीता काटकर किया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए ओम बिरला ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र के सतत विकास ने देश को आर्थिक मजबूती प्रदान की है। आधुनिक बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से आज देश के कोने-कोने में वित्तीय समावेशन का सपना साकार हो रहा है। सहकारिता केवल आर्थिक व्यवस्था नहीं, बल्कि सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के मूल मंत्र पर आधारित सामाजिक आंदोलन है, जो आपसी सहयोग, आत्मनिर्भरता और आर्थिक समृद्धि का सशक्त माध्यम है।

विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में सहकारी संस्थाएं आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत आधार हैं। डिजिटल तकनीकों और पारदर्शिता को अपनाकर सहकारी बैंक समाज के हर वर्ग को वित्तीय रूप से सक्षम बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। बिरला ने कहा कि बैंकिंग सेवाओं की डिजिटल पहुंच ने सूदखोरों की व्यवस्था पर अंकुश लगाया है और छोटे व्यापारियों, किसानों से लेकर रिक्शा चालक तक सभी को सशक्त बनाया है। भारत आज विश्व का ऐसा देश बन चुका है, जहां बैंकिंग के विविध आयामों के माध्यम से आमजन को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, उन्होंने कहा। मुद्रा लोन जैसी योजनाओं से छोटे व्यापारियों को आर्थिक सम्बल मिला है, वहीं शून्य ब्याज दर पर ऋण योजनाएं किसानों एवं लघु उद्यमियों के जीवन स्तर को सुधारने का कार्य कर रही हैं।

**पुराने विश्वास के साथ नया सफर :** इस अवसर पर बैंक अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला ने कहा कि बैंक अपनी पारदर्शिता, विश्वसनीयता और सेवा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ नवीन परिसर में सेवाएं जारी रखेगी। उन्होंने बताया कि दादाबाड़ी शाखा वर्ष 1985 से कार्यरत है और वर्तमान में शाखा के पास 218.50 करोड़ रुपये की जमाएं एवं 69 करोड़ रुपए के ऋण प्रबंधन हैं। स्मार्ट बैंक के रूप में परिवर्तित यह शाखा ग्राहकों को अत्याधुनिक बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करेगी।

**बैंक की सुदृढ़ वित्तीय स्थिति :** बैंक की प्रबंध निदेशक बीना बैरवा ने बताया कि बैंक की स्थापना वर्ष 1962 में मात्र 32 सदस्यों के साथ की गई थी, जो अब बढ़कर 6319 सदस्यों तक पहुंच चुकी है। वर्तमान में बैंक की कुल जमा राशि 833.45 करोड़ रुपए, ऋण 436.82 करोड़ रुपए और कार्यशील पूंजी 1033.90 करोड़ रुपए है। बैंक का कुल व्यवसाय 1062 करोड़ रुपए है। बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सुदृढ़ वित्तीय स्थिति वाला बैंक घोषित किया गया है। बैंक एटीएम, मोबाइल बैंकिंग, एनईएफटी, आरटीजीएस व लॉकर जैसी आधुनिक सेवाएं प्रदान कर रहा है। विभिन्न ऋण सुविधाओं के साथ वाहन की ऋण सुविधा भी शुरू कर दी गई है।

### सम्मान व सहभागिता

समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ने बैंक के पुराने सदस्यों को माला एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन बैंक के उपाध्यक्ष हेमराज सिंह हाड़ा व प्रबंध निदेशक बीना बैरवा ने किया। इस अवसर पर भाजपा कोटा जिलाध्यक्ष राकेश जैन, कोटा देहात भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर, सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के प्रबंध निदेशक बलविंदर सिंह गिल, उप रजिस्ट्रार कोटा राजेश मीणा सहित अनेक राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी, बैंक अंशधारक एवं शहर के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# महिलाओं ने पारम्परिक परिधानों में राधा-कृष्ण के रूप धर हर्षोल्लास से मनाया फाग उत्सव

## संगम विहार महिला विकास समिति का संगमेश्वर महादेव मंदिर में हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** संगम विहार महिला विकास समिति ने बूंदी रोड स्थित संगमेश्वर महादेव मंदिर में भव्य फाग उत्सव का आयोजन किया। इस आयोजन में महिलाओं ने पारम्परिक परिधानों में सजकर राधा-कृष्ण के रूप धारण किए और भक्ति रस से सराबोर रासलीला प्रस्तुत की। महिला मंडल अध्यक्ष संतोष पारीक ने बताया कि इस अवसर पर महिलाओं ने मीठे-मीठे भजनों की मधुर स्वर लहरियों के साथ पुष्प पंखुड़ियों से होली खेली और फाग उत्सव की परम्परा को जीवंत किया।

कार्यक्रम में महिलाओं ने नृत्य और संगीत के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का संदेश दिया। समारोह के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। इसमें सभी महिलाओं ने प्रसाद ग्रहण कर उत्सव की खुशियों को साझा किया।

### आयोजन में ये महिलाएं रहीं शामिल

इस अवसर पर महिला विकास समिति की पदाधिकारी उत्तरा प्रजापति, मंजू नागर, उषा कुमावत, विजयलक्ष्मी पारीक, ज्योति पारीक, सीमा पंकज, नितेश प्रजापति, राजू प्रजापति, चेतना स्वामी, गुड्डी हाड़ा, बेबी झाला, सुमित्रा मीणा सहित कॉलोनी की समस्त महिलाएं शामिल रहीं।

# एजुकेशन हब के साथ ही ट्यूरिज्म हब के रूप में विकसित होगा कोटा

## अप्रेल माह में टेऊवल एजेन्ट एवं टूर ऑपरेटर्स की होगी विजिट

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** एजुकेशन हब के नाम से मशहूर कोटा को अब ट्यूरिज्म हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए कोटा के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों, यहां की वाइल्ड लाइफ सहित यहां की समृद्ध संस्कृति और विरासत की ब्रांडिंग की जाएगी। कोटा को विश्व के पर्यटन मानचित्र पर लाने के प्रयासों एवं यहां पर्यटन में निवेश की संभावनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को कोटा विकास प्राधिकरण के सभागार में संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में शामिल हुए होटल एसोसिएशन, ट्यूरिज्म डवलपमेंट सोसायटी, एसएसआई एसोसिएशन एवं पर्यटन से जुड़े प्रतिनिधियों ने कोटा को पर्यटन के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में तय किया गया कि कोटा को पर्यटन की दृष्टि से देश विदेश में हाईलाइट करने के लिए टेऊवल एजेन्ट एवं टूर ऑपरेटर्स का अप्रेल माह के पहले सप्ताह में 2 दिवसीय ट्यूर एवं सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में ब्लॉगर, यूट्यूबर, सोशल मीडिया इन्फलूएंसर्स एवं मीडिया के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। आमंत्रित अतिथियों को रिवर फ्रंट, सिटी पार्क, गराडिया महादेव जैसे महत्वपूर्ण स्थलों की विजिट कराई जाएगी। इसके साथ ही सेमिनार एवं प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कोटा को पर्यटन सिटी के रूप में विकसित करने पर चर्चा की जाएगी। बैठक में संभागीय आयुक्त ने कहा कि एजुकेशन सेक्टर को मजबूत बनाने के साथ ही कोटा में पर्यटन को भी बढावा देना होगा। उन्होंने गरडिया महादेव, मुकुन्दरा हिल्स, दरा, प्राचीन मथुराधीश मंदिर सहित शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों को हाइलाइट करने एवं सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से इनकी जानकारी देश-विदेश के पर्यटकों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने होटल एसोसिएशन, व्यापार महासंघों, उद्योग जगत एवं आमजन को साथ लेकर पर्यटन को विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यटन की जहां बात होती है हाडौती क्षेत्र अछूता सा महसूस होता है। हमें पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध इस क्षेत्र की विशेषताओं को देश-विदेश तक पहुंचाना होगा। यह सभी के सहयोग से ही संभव है। उन्होंने कोटा डोरिया साडी को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता जताई। केडीए के आयुक्त ऋषभ मंडल ने दो दिवसीय ट्यूर एवं सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि सेमिनार एवं कार्यशाला में विभिन्न थीम पर चर्चा कर सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। बैठक में सचिव कुशल कोठारी, उप वन संरक्षक वन्यजीव अनुराग भटनागर, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनीष शर्मा, महाप्रबंधक उद्योग हरिमोहन शर्मा, उप निदेशक पर्यटन विकास पांड्या, उपाधीक्षक यातायात अशोक मीणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सुपोषित मां अभियान मां व शिशु स्वस्थ नहीं रहेंगे तब तक जारी रहेगा यह अभियान, गर्भवती महिलाओं को वितरित किए पोषण किट

## 17.13 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया।

बढ़ता राजस्थान




**बून्दी (अनन्त दाधीच)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने बुधवार को बूंदी पुलिस परेड़ ग्राउण्ड में कोटा बूंदी संसदीय क्षेत्र में संचालित सुपोषित मां अभियान के तीसरे चरण के शुभारंभ किया। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सुपोषित मां अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक सो प्रतिशत महिलाएं व शिशु स्वस्थ नहीं होंगे। इस अभियान का उद्देश्य मातृ शक्ति को स्वस्थ व तंदुरुस्त रखने के साथ स्वस्थ शिशु को जन्म देना है।

उन्होंने कहा कि महिलाएं तभी स्वस्थ शिशु को जन्म दे सकती है जब वह खुद स्वस्य रहे। इसी को मध्यनजर रखते हुए उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में सुपोषित मां अभियान को शुरूआत की है जिससे गर्भवती महिलाएं लाभान्वित हो। बिरला ने कहा कि भारत आत्मनिर्भर तभी बन सकता है जब महिलाएं भी आत्मनिर्भर होगी। इसके लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। बिरला ने हंस फाउण्डेशन उत्तराखण्ड को संरक्षक माताजी मंगला व भोले जी महाराज की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये सभी क्षेत्रों में पुनीत कार्य कर रहे है जो अनुकरणीय है।

उन्होंने कहा कि कोटा में जल्द ही वेलकम बेबी अभियान की शुरूआत की जाएगी जिसमें बालिका के जन्म लेने से 18 वर्ष तक एक लाख रूपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी जिससे बालिका उच्च शिक्षा ग्रहण कर सके। बिरला ने अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को माताजी मंगला व भोले जी महाराज की उपस्थिति में सुपोषित किट वितरित किए। इस अवसर पर मंच पर पूर्व विधायक अशोक डोगरा, चंद्रकांता मेघवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नुपूर मालव, के. पाटन प्रधान विरेन्द्र सिंह हाड़ा, नैनवां प्रधान पदम नागर, तालेड़ा प्रधान राजेश रायपुरिया, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, कुंजबिहारी चील्या, भंवरलाल शर्मा, भाजपा नेता भरत शर्मा, हंस फाउण्डेशन के संदीप कपूर, पंचायत समिति सदस्य अर्चना कंवर हाड़ा आदि मौजूद रहे।

बिरला को 21 किलो का हार पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बून्दी शहर सहित जिले भर की गर्भवती महिलाओं ने भाग लिया। इसी के साथ कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बून्दी व तालेड़ा पंचायत समिति क्षेत्र में 17.13 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया।

# रामगंजमंडी से लापता नाबालिग लड़की इंदौर से बरामद, घर से बिना बताए निकल गई थी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** रामगंजमंडी के सुकेत थाना क्षेत्र से 26 फरवरी को लापता हुई नाबालिग लड़की को पुलिस ने मध्यप्रदेश के इंदौर से बरामद कर लिया। पुलिस आरोपी की पहचान और घटना के कारणों की जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र से लड़कियों के गायब होने का मुद्दा भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के समक्ष उठाया था। कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के ऑपरेशन हर्ष 2.0 अभियान के तहत यह महत्वपूर्ण सफलता मिली है। सुकेत थाना पुलिस ने नयागांव से लापता हुई एक नाबालिग लड़की को इंदौर से बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया इस मामले में पीड़िता के पिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें बताया गया था कि वह झालावाड़ जिले का रहने वाला है और नयागांव में एक फेक्ट्री में मजदूरी करता है। उसकी नाबालिग बेटी शाम को बिना बताए घर से चली गई थी। पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू की। एएसपी राम कल्याण के पर्यवेक्षण में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में रामगंजमंडी के डीएसपी घनश्याम मीणा और थानाधिकारी सुकेत छोटूलाल शामिल थे।

# रोटरी पद्मिनी क्लब ने मनाया फाग उत्सव, जल संरक्षण की शपथ के साथ खेली फूलों की होली

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** रोटरी पद्मिनी क्लब की ओर से तलवंडी में फाग उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब की सभी सदस्याएं फागुन के उल्लास में झूमकर नाचीं और हर्षोल्लास के साथ होली उत्सव मनाया। क्लब अध्यक्ष नीता मित्तल ने बताया कि होली के इस पारम्परिक आयोजन में पानी बचाओ, होली मनाओ सम्बंधी संदेश देने के उद्देश्य से सभी सदस्यों को पानी से होली न खेलने की शपथ दिलाई गई। क्लब सचिव गुरप्रीत आनंद ने बताया कि कार्यक्रम में सभी मेम्बर्स को गुलाल का तिलक लगाकर एवं फूलों की होली खेलकर उत्सव का आनंद लिया।

**यह प्रस्तुति रही प्रमुख आकर्षण :** कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण प्रस्तुति में मंजू यादव ने कृष्ण स्वरूप में तथा डॉ. प्रीति शर्मा ने राधा स्वरूप में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इसे सभी ने खूब सराहा।

क्लब अध्यक्ष नीता मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम की संयोजिका रेनू, सपना, महिमा, संगीता, सरोज, ऊषा रंजन व प्रियंका रहीं। होली के पारम्परिक स्वाद को बनाए रखते हुए उत्सव के समापन पर सभी सदस्यों ने चटपटे व्यंजनों, ठंडाई व गुजिया का स्वाद लेकर पर्व की खुशियां साझा कीं।



# बयाना के रेलवे स्टेशन प्रवेश द्वार को रखा छोटा

## बयाना की जनता में आक्रोश की लहर, कभी भी यात्रियों के साथ बड़ी दुर्घटना हो सकती है

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** बयाना कस्बे के रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों की डिजाइन में बड़ी चूक सामने आई है। स्टेशन के मैन एंट्रेंस पर लंबी चौड़ी हाइट का पोर्च तो बनाया गया है। लेकिन यात्रियों के प्रवेश और निकासी के लिए गेट की लंबाई चौड़ाई नहीं बढ़ाई गई है। यात्रियों के प्रवेश और निकासी के लिए आर्च नुमा का गेट पुराना वाला ही रखा गया है। इससे भविष्य में जल्दबाजी में दुर्घटनाएं होने की संभावना रहेगी इसे लेकर स्थानीय लोगों ने आक्रोश जताते हुए रेलवे प्रशासन से यात्रियों के प्रवेश निकासी के पुराने गेट को नए सिरे से सुविधायुक्त बनाने की मांग की है। गांव कारबारी निवासी बने सिंह ने बताया कि मैं अपने बच्चों के साथ कोटा के लिए जा रहा था मेरे पास लगेज भी था मैंने लगेज को सिर पर रखकर बयाना स्टेशन के प्रवेश द्वार से प्रवेश कर ही रहा था कि अचानक सिर पर रखा हुआ लगेज प्रवेश द्वार के ऊपर टकरा गया और मैं लगेज सहित जमीन पर गिर गया। जिसकी वजह से मेरी गर्दन में गंभीर चोट आई है। और आगे इसी तरह की अन्य और भी कई घटनाएं होने की संभावना रहेगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि बयाना स्टेशन पर प्रवेश द्वार की ऊंचाई पहले ज्यादा थी लेकिन अब बयाना स्टेशन पर चल रहे भारत अमृत योजना कार्य के तहत नीचे वाले फर्श को और ऊपर उठा दिया है जिसकी वजह से प्रवेश द्वार की ऊंचाई और भी कम हो गई है नापने पर गेट की बीच सेन्टर में ऊंचाई 7 फुट की है। अभी पूरी तरह से नहीं बना है रेलवे ठेकेदार की असिस्टेंट ईश्वर पंडित ने बताया कि अभी इसके नीचे ग्रेनाइट का पत्थर भी लगेगा जिससे प्रवेश द्वार लगभग 2 इंची और काम हो जाएगा।

स्थानीय लोगों ने कहा अगर कोई यात्री 6 फीट हाइट का सिर पर लगेज रखकर प्रवेश द्वार से जाता है तो दुर्घटना होने की संभावना बनी रहेगी। रेलवे विभाग के आदेश अनुसार सभी हिस्सों को तोड़कर दोबारा से बनाया गया है लेकिन इस प्रवेश द्वार को ज्यों की त्यों रखा गया है दूसरे नीचे से फर्श को और ऊपर उठा दिया गया है जिससे प्रवेश द्वार बहुत ही छोटा हो गया है। अगर इसको भी नए सिरे से तोड़कर बनाया जाता तो भारत अमृत योजना के तहत चल रहे कार्य से स्टेशन सुंदरता भी बढ़ जाती। और दुर्घटनाएं भी नहीं होती। भारत अमृत योजना के तहत काम कर रहे ठेकेदार राजेंद्र बंसल के सेक्रेटरी ईश्वर पंडित ने बताया की प्रवेश द्वार के ऊपर जो आर्स बनी हुई है वह बहुत पुरानी है अंग्रेजों के टाइम की है उसके नीचे लेन्टर भी नहीं लगे हुए हैं और ऊपर पट्टियां लगी हुई है। तोड़ने पर खतरा होने की संभावना है। ईश्वर ने बताया अगर प्रवेश द्वार को और ऊंचा किया जाए तो उसमें खर्च अधिक आएगा।



# चिंता का परित्याग व चिंतन को अपनाओ : श्री हरि चैतन्य महाप्रभु

बढ़ता राजस्थान

**जुरहरा/कामां (रेखचन्द्र भारद्वाज)।** तीर्थराज विमल कुण्ड स्थित श्री हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एंव श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि चिंता करने से कुछ होने वाला नहीं फिर भी ज़रा ज़रा सी बात पर चिंता करना मानव स्वभाव बन गया है। विचार करो तुम्हारे चिंता करने से क्या हो सकता है कुछ भी नहीं। चिंता करने से कोई काम बनने वाला नहीं है । कर्म करने, पुरुषार्थ करने से संभावना बन सकती है कि काम बन जाए। अतः सोच समझ कर अपने जीवन में चिंतन को तो अपनाओ और चिंताओं का परित्याग करो। परमात्मा का स्मरण करते हुए कर्म हेतु प्रयास अवश्य करें ।असत चिंतन व चिंता त्यागकर सत चिंतन करने वालों को स्वतः राह मिलती है चिंताएं दूर होती हैं। भक्त होते हुए भी चिंता करना बताता है कि हमें अपने उस परमात्मा पर भरोसा नहीं जो विश्वम्भर है, संसार का भरण पोषण करने वाला है । समुद्र के अंदर रहने वाले,आकाश में विचरण करने वाले, वन में रहने वाले यहां तक कि पत्थरों के अंदर रहने वाले जीवो तक की व्यवस्था वह करता है , तो क्या उस पर भरोसा रखने वालों का वह ध्यान नहीं रखेगा । उन्होंने कहा कि परमात्मा स्वयं कहते हैं कि मैं अपने आश्रित व समर्पित भक्तों का ध्यान व रक्षा ठीक वैसे ही करता हूं जैसे कि मां अपने आश्रित छोटे बच्चों का ध्यान रखती है अतः छोटे बच्चों की तरह भक्त बनकर प्रभु को पूर्ण समर्पित हो जाओ। उन्होंने कहा कि जो आंखें विषय वासना, सांसारिक मोहमाया में फँसी है उन्हें परमात्मा नहीं दिखाई देते। तथा जब संसार नहीं दिखता तो प्रभू दिखते हैं। सन्तों, शास्त्रों व अवतारों को मात्र अपनी कमियां छुपाने की ढाल ही ना बनाएँ । उनसे प्रेरणाएं, शिक्षाएँ व उपदेश भी ग्रहण करके अपने जीवन में उतारकर जीवन को दैवत्व परिपूर्ण बनाए। विचार शील प्राणी कभी भी,किसी भी हाल में धर्म व परमात्मा का साथ कदापि भी नहीं छोड़ता। यूँ भी धैर्य ,धर्म ,मित्र व नारी इन चारों की परीक्षा विपत्ति के समय होती है। कब कौन सी बुद्धि उजागर हो जाए कोई कुछ कह नहीं सकता, हाँ अच्छे संग से सुमति व बुरे संग से कुमति ही उत्पन्न होगी।

# गर्भवती महिलाओं को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण एएनसी सेवाऐं

### 53 चिकित्सा अधिकारियों आमुखीकरण

बढ़ता राजस्थान




**भरतपुर,(नि.स.)।** मातृ एवं शिशु दर में कमी लाने के उद्देश्य से डवलपमेंट पार्टनर जपाइगो द्वारा उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की शीघ्र पहचान व प्रबंधन पर चिकित्सा अधिकारियों का जिला स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें 53 चिकित्सा अधिकारियों को गर्भवती महिलाओं को गुणवत्ता पूर्ण एएनसी सेवाएं देने हेतु प्रशिक्षण दिया गया है।

सीएमएचओ डॉ. गौरव कपूर ने बताया कि 'बॉर्न हैल्थी'' कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में स्वास्थ्य केन्द्रों पर एएनसी सेवाओं का सुदृढीकरण, विशेषकर गर्भावस्था के दौरान होने वाले संक्रमणों, जटिलाओं की शीघ्र पहचान व ईलाज के लिए चिकित्सा अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। आरसीएचओ डॉ. अमर सिंह ने बताया की ट्रेनिंग का उद्देश्य जिले की गर्भवती महिलाओं को समय पर उचित और सम्पूर्ण जांच और दवाइया मिल पाए। जिसमें चिकित्सा अधिकारी कि बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रशिक्षक जयपाल ने बताया कि सर्वप्रथम एएनसी सेवाएं प्रदान करने वाले स्वस्थ्य कार्यकर्ताओं यथा एएनएम, एलएचवी, सीएचओ को कार्यदक्षता में वृद्धि हेतु प्रशिक्षण दिया जा चुका है अब मेडिकल आफिसर को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके पश्चात चयनित चिकित्सा संस्थाओं पर प्रसवपूर्व सामूहिक देखभाल के तहत गर्भवती महिलाओं को सामूहिक तौर पर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श सेवायें एवं आपसी विचार-विमर्श से जानकारी साझा की जायेगी। सामूहिक देखभाल के दौरान प्रसवकाल में पोषण का विशेष ध्यान रखने पर चर्चा की जाएगी तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पोषक खाद्य सामग्री का उपयोग करने की जानकारी भी दी जाएगी। कार्यक्रम के अन्तर्गत एमसीएचएन दिवस पर गुणवत्तापूर्ण एएनसी सेवायें प्रदान किये जाने हेतु आवश्यक संसाधनों जैसे एचआईवी सिफलिस ड्यूल किट, एएसबी की जांच हेतु मल्टीयूरिस्टीक, गर्भकालीन मधुमेह की जांच हेतु ओजीटीटी इत्यादि की आवश्यकतानुसार उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी व सही प्रकार से उपयोग में लेकर रिकॉर्ड संधारित करने तथा जांचों के आधार पर परिलक्षित हुई जटिलताओं के प्रबंधन हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

सीनियर प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर जपाईगो अजय प्रकाश ने बताया कि कार्यक्रम के अन्तर्गत चयनित स्वास्थ्य केन्द्रों पर एएनसी सेवाओं की सूचना, रियल टाईम पीसीटीएस ऐप पर दर्ज किए जाने हेतु प्रत्येक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सुपरवाईजरी स्टाफ एवं चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। मास्टर प्रशिक्षक के रूप में स्टेट प्रशिक्षिक अनुपमा आर्य, दीपेश कुमार नर्सिंग ऑफिसर, जयपाल तिवारी प्रोग्राम ऑफिसर जपाईगो, अजय प्रकाश सीनियर प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर जपाईगो ने प्रेजेंटेशन, मॉड्यूल एवं कार्य कौशल के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में सभी खंडो एवं शहरी चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया।

# फसल खराब होने की खबर गलत साबित

## गुण्डवा गांव तक नहीं पहुँचा गुडगांवा कैनाल का पानी

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर, (यतेन्द्र पाण्डेय्)।** जल संसाधन विभाग के अधिकारियों द्वारा संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर अमित यादव के निर्देश पर भरतपुर फीडर के होम्स कैनाल से संबंध गुण्डवा ग्राम, भांडोर बंध एवं सेह बंध का निरीक्षण किया। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों द्वारा मौका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि होम्स कैनाल से गुण्डवा तक पानी नहीं पहुँचा है केवल भांडोर बांध में पानी की आवक हुई है जिससे ग्रामीणों में गुण्डवा ग्राम तक पानी पहुँच की आशंका व्यक्त करते हुये खेतों में पानी भरने से फसल खराबे का अंदेशा हुआ था। अधिशाषी अभियंता जल संसाधन विभाग बनैसिंह ने बताया कि भरतपुर फीडर में बह रहे पानी को उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर पूर्व में ही बन्द करवा दिया गया था। तमरेर माइनर पर मिट्टी से भरे कट्टे भी लगवा दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि 3 मार्च को भरतपुर फीडर में गेज 2.90 फीट तथा 4 मार्च को 1.50 फीट तथा 5 मार्च को पूरी तरह शून्य हो चुका है। उन्होंने बताया कि होम्स कैनाल के माध्यम से गुण्डवा ग्राम में पानी की आवक नहीं हुई है तथा कैनाल के अपस्ट्रीम में भी पानी की आवक रोक दी गई है। उन्होंने बताया कि 4 मार्च को पत्रिका में प्रकाशित समाचार ''खेतों में घुसा पानी, फसलें खराब होने की आशंका'' में गुडगांवा कैनाल से आये पानी से खेतों में भर जाने से किसान परेशान होने का उल्लेख किया गया इससे किसानों की खडी फसल खराब होने की जानकारी दी गई जबकि गुण्डवा गांव में पानी की आवक ही नहीं हुई थी।

# उपखण्ड स्तरीय फार्मर रजिस्ट्री शिविर का एडीएम प्रशासन ने किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,(नि.स.)।** अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा ने भारत सरकार की एग्रीस्टैक योजनान्तर्गत फार्मर्स रजिस्ट्री प्रौजेक्ट के तहत तहसील नदबई की ग्राम पंचायत मुख्यालय पहरसर एवं परसवारा में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उपखण्ड स्तरीय फार्मर रजिस्ट्री शिविर नोडल अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी नदबई गंगाधर मीणा को शिविरों में नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री शिविर में अधिकाधिक रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए अन्य कृषकों को भी जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषकों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार का यह प्रयास है कि प्रत्येक कृषक की यूनिक आई.डी. बनाई जाये ताकि उनको प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत मुख्यालय पहरसर एवं परसवारा पर आयोजित शिविरों में सम्बन्धित अधिकारी एवं कार्मिक अनुपस्थित पाये जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और साथ ही सरकार की मंशानुरूप कृषकों को शत-प्रतिशत योजनाओं में लाभ दिलवाये जाने के निर्देश दिए।

# स्नातक की मिड टर्म परीक्षाएं 10 मार्च से

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत बीएससी, बीए एवं बी.कॉम प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर तथा द्वितीय वर्ष तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों की मिड टर्म परीक्षाएं आगामी 10 मार्च से 12 मार्च एवं 17 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। ये परीक्षाएं बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर के निर्देशानुसार संपन्न कराई जाएंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फिरोज अख्तर ने बताया कि विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए विद्यार्थियों का इस मिड टर्म परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। यदि कोई छात्र इसमें अनुपस्थित रहता है, तो उसकी जिम्मेदारी स्वयं उसकी होगी। उन्होंने आगे बताया कि परीक्षा में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों को अपना मूल आधार कार्ड अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों से परीक्षा में समय पर उपस्थित रहने की अपील की है।

# अवैध रूप से शराब बेचते एक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर राहुल प्रकाश आईपीएस एवं पुलिस अधीक्षक भरतपुर मृदुल कच्छावा आईपीएस द्वारा हार्डकोर अपराधी, हिस्ट्रीशीट अपराधी, आदतन अपराधी, जघन्य अपराधों में वांछित चल रहे अपराधी, आर्म्स एक्ट के प्रकरणों में वांछित व अवैध शराब, वाहन चैकिंग एवं एमवी एक्ट की कार्यवाही के विशेष अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैर जयनारायण मीना आरपीएस व वृत्ताधिकारी वृत्त भुसावर धर्मेन्द्र शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी रामनिवास मीना पुलिस थाना खेडली मोड द्वारा टीम का गठन कर अवैध देशी शराब सादा अजन्ता निबू को बेचते हुये 56 पव्वा के साथ थाना क्षेत्र के बबेखर गांव निवासी परशुराम40 पुत्र रमसी जाति जाटव को गिरफ्तार कर भुसावर न्यायालय में पेश किया गया।

# रूपबास में चल रही अभिभाषक संघ की मांगों के समर्थन में जाटव समाज भी



बढ़ता राजस्थान

**रूपवास/ भरतपुर(राजेश कटारा)।** उपखंड मुख्यालय पर एडीजे स्थाई कोर्ट व एसीजेएम कोर्ट स्थापित कराने की मांग को लेकर अभिभाषक संघ रूपवास के तत्वावधान में 14वें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा तथा जाटव समाज के लोगों द्वारा धरना स्थल पर पहुंचकर अधिवक्ताओं के समर्थन में धरना दिया व नारेबाजी करते हुए सरकार से शीघ्र ही कोर्ट स्थापित कराने की मांग की गई । धरना स्थल से एसडीएम कार्यालय तक रैली निकाली गई व मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम विष्णु बंसल को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर समाज के थान सिंह, दीपक, रमेश, कैलाशी, लक्की,पवन, सतीश, पूरनसिंह, नवल-किशोर, सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष चन्द्रकेश राजावत, संघ अध्यक्ष सचिन शर्मा, संघर्ष समिति अध्यक्ष संतोष बंसल, सोबरन सिंह, जयप्रकाश पाराशर,सुरेन्द्र परमार, हरदौल सिंह, नीरज राजावत,नैमीचंद शर्मा, यतेंद्र सिंह, राधेलाल शर्मा, मुकुल परमार, पंकज सरस, मौहनलाल शर्मा, जीतेन्द्र सिंह, ताराचंद शर्मा, प्रेम प्रकाश, पवन शर्मा, अशोक भातरा, राजीव, ओंकार सिंह, रामवीर सिंह, अमृतलाल, महेंद्र सिंह, सुम्मेरा, डौलेन्दर गौड़, सुरेंद्र परमार,सियाराम शर्मा, संतोष शर्मा, अशोक शर्मा सहित अन्य अधिवक्ताओं ने धरना स्थल को सम्बोधित करते हुए सरकार से शीघ्र ही निराकरण करने की अपील की गई।

# उपखंड अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

## तीन चिकित्सकों सहित पांच चिकित्सा कर्मी मिले अनुपस्थित

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भुसावर उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा द्वारा बुधवार 5 मार्च 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य भुसावर एवं छौकरवाडा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में तीन चिकित्सको सहित पांच चिकित्सा कर्मी अनुपस्थित मिले। जिला कलेक्टर भरतपुर के निर्देश पर स्वतंत्रता सेनानी पाण्डेय् केहरी सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण में चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर केदार नेवला, डॉक्टर राजकुमार गुप्ता, एवं डॉ बृजेश कुमारी ,नर्सिंग अधिकारी उदल सैनी एवं नेत्र सहायक श्याम सुंदर अनुपस्थित मिले। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर दीपक शर्मा को चिकित्सालय में बार्डो एवं शौचालय की साफ सफाई हेतु निर्देशित करते हुए सभी कार्मिकों को कार्यालय समय में उपस्थित रहने हेतु निर्देश दिए गए । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छौकरवाड़ा के औचक निरीक्षण में उपखंड अधिकारी ने व्यवस्थाओं एवं साफ सफाई को लेकर नाराजगी जहिर करते हुए चिकित्सालय में व्यवस्था एवं साफ सफाई के निर्देश के साथ कार्मिकों को समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया।

# प्राइवेट स्कूल संचालकों की बैठक में बड़ा फैसला सरकार के खिलाफ किया आंदोलन का एलान



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** बयाना में स्कूल शिक्षा परिवार की बैठक में निजी स्कूल संचालकों ने सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान किया है। मदर्स प्राइड स्कूल में हुई बैठक में संचालकों ने कहा कि आरटीई के तहत दाखिला लेने वाले बच्चों की पुनर्भरण राशि पिछले दो वर्षों से नहीं मिली है। संभाग प्रभारी उदयभान शर्मा ने बताया कि सरकार ने 2024-25 में भी प्रति बालक यूनिट कॉस्ट पांच साल पुरानी ही रखी है। बढ़ती महंगाई के बीच यह राशि अपर्याप्त है। इससे स्कूल संचालकों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष नीरज कुमार सारस्वत के अनुसार, स्कूल संचालक और अभिभावक मिलकर 7 मार्च को एसडीओ और सीबीईओ कार्यालय पर धरना देंगे। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

8 मार्च को सभी निजी स्कूल बंद रखकर सांकेतिक हड़ताल करेंगे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे अनिल उपाध्याय ने चेतावनी दी कि अगर जल्द पुनर्भरण राशि नहीं मिली तो आरटीई के तहत पढ़ने वाले बच्चों से फीस लेनी पड़ेगी। भावना गुर्जर ने कहा कि राशि नहीं मिलने पर स्कूल अपार आईडी भी नहीं बनाएंगे। बैठक में रमाकांत लवानिया, नवल किशोर, सुरेंद्र खटाना, वेदप्रकाश सैनी समेत कई स्कूल संचालक मौजूद थे।

# आर्य समाज में महिला दिवस पर यज्ञ का आयोजन, संवाद गोष्टी सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)। बयाना के आर्य समाज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आर्य समाज के प्रधान रवि शंकर ने बताया कि यह कार्यक्रम 9 मार्च को दोपहर 3 बजे से शाम 5 .30 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम की रूपरेखा आर्य समाज के प्रधान आचार्य रविशंकर आर्य की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय की गई। मंत्री सुनयना आर्य ने बताया कि कार्यक्रम में यज्ञ, संबाद गोष्टी के साथ-साथ कई विभिन्न प्रतियोगिताएं भी होंगी। कार्यक्रम में परिवार, समाज, राष्ट्र निर्माण में नारी की भूमिका विषय पर संवाद गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। गोष्ठी में भाग लेने वाले वक्ताओं का विशेष सम्मान किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विजेताओं को पुरस्कार भी दिए जाएंगे। आर्य समाज बयाना पहली बार महिला दिवस पर इस तरह का कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की रचनात्मक और सृजनात्मक क्षमताओं को पहचान दिलाना है। इससे वे अपनी प्रतिभा का उपयोग परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में कर सकेंगी। बैठक में आचार्या हेमलता शास्त्री, आचार्या दीपा आर्या, सुनयना आर्या, राधा आर्या, लक्ष्मी बंसल, रेणु मिश्रा, निक्की बंसल, गीता आर्या, मधु आर्या, इंदिरा आर्या, मुक्ता आर्या, किरण जैन, सुषमा सिंघल, शिक्षावती आर्या, अलका बंसल समेत कई प्रमुख आर्य महिलाएं मौजूद रहीं।

# कैसे आ पायेगी होली की खुशिया, पगार को तरसे कार्मिक

# पीडी मद में बजट नहीं, जुगाड़ से चलानी पड़ रही है, गृहस्थी

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** होली नजदीक है,लेकिन शिक्षक,प्रबोधक,संविदाकर्मी पगार का इंतजार कर रहे है। शिक्षक व कार्मिकों के बकाया वेतन एरियर नहीं मिलने से रंगो का त्यौहार फीका लगने लग गया है। प्रदेश में कार्यरत हजारों शिक्षकों एवं कार्मिकों के फरवरी माह का बकाया वेतन का भुगतान नहीं होने से गृहस्थी की गाड़ी की रफ्तार धीमी हो गई है। प्रदेश में हजारो शिक्षकों समेत संविदा कार्मिकों को पीडी मद अंतर्गत वेतन भुगतान किया जाता है। वर्तमान में पीड़ी मद में बजट नहीं होने के कारण इन कार्मिकों को फरवरी माह का वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस कारण इन कार्मिकों को कई आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### भरेंगे कार्मिक पेलेंटी

कुछ कार्मिकों के तो बैंक लोन की किस्त चुकाने की समस्या हो रही है। वहीं किस्त समय पर जमा नहीं होने के कारण अतिरिक्त ब्याज का भुगतान करने से दोहरी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वेतन नहीं मिलने के कारण बैंक लोन के ब्याज की पेनल्टी निर्दोष कार्मिक भुगत रहे हैं। पीडी मद के कार्मिकों को तत्काल बजट आवंटन कर बकाया वेतन भुगतान करवाने की आवश्यकता है। दूसरी ओर अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनिल गोयल से जानकारी करने पर बताया कि जैसे ही पीडी मद में भुगातन प्राप्त होते ही कार्मिको का भुगतान कर दिया जायेगा।

### इनका कहना है-



प्रदेश में शिक्षा विभाग में कार्यरत हजारों शिक्षको व कार्मिकों के बकाया वेतन एरियर के भुगतान को लेकर सरकार को संज्ञान लेना चाहिए।जल्द भुगतान नहीं हुआ तो आगामी रणनीति जल्द तय की जाएगी।

**-पंकज जैन**
**अध्यक्ष शिक्षक संघ**
**राष्ट्रीय नैनवा**



बार बार यह दिक्कत आती रहती है इसलिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष का बजट आवंटन पीडी हेड में एक साथ किया जाए ताकि कार्मिकों को समय पर वेतन मिल सके।

**-सुगनचंद मीणा**
**जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष**
**शिक्षक संघ राष्ट्रीय बूंदी**

पीडी मद में जब से पीईईओ कार्यालयों की स्थापना हुई है तब से बजट आवंटन और समय पर वेतन संबंधी समस्या चल रही है।वर्तमान में भी पीडी हेड के शिक्षक साथियों को उनकी लोन किस्त भरने में समस्या होती है।

**-- राधेश्याम मीणा**
**जिला उपाध्यक्ष शिक्षक संघ राष्ट्रीय बूंदी**



# धीनवा टोल प्लाजा पर तोड़फोड़ में एक और आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** गत शुक्रवार को निंबाहेड़ा उदयपुर स्टेट हाईवे पर धीनवा टोल नाके पर पैसों के विवाद को लेकर हुई तोड़फोड़ व हमले के मामले में कोतवाली निम्बाहेड़ा पुलिस ने हमलावर एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि गत शुक्रवार को शाम के समय निंबाहेड़ा उदयपुर स्टेट हाईवे पर धीनवा टोल प्लाजा पर कुछ लोगों ने पैसों की विवाद को लेकर कर्मचारियों पर सरियों व लाठियों से हमला किया एवं केबिन व सर्वर रूम में तोड़फोड़ की। टोल कर्मी कमल सिंह की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच की गई। एएसपी सरिता सिंह व डीएसपी निंबाहेड़ा बद्री लाल राव के मार्गदर्शन में थानाधिकारी कोतवाली निंबाहेड़ा राम सुमेर मीणा पुलिस निरीक्षक को जांच सौंपी गई। पुलिस ने पूर्व में मुख्य आरोपी दिनेश माली पुत्र कन्हैयालाल माली निवासी इन्द्रा कालोनी निम्बाहेडा एंव संजय माली उर्फ सन्जु बाबा पुत्र गोपाल माली निवासी नया बाजार निम्बाहेडा थाना कोतवाली निम्बाहेडा को 02 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया तथा शेष वांछित आरोपियों की धरपकड हेतू थाना स्तर पर टीम का गठन कर तलाश की गई। उक्त टीम द्वारा तलाशी कर मामले में एमपी के मंदसौर जिले के प्रताप कोलोनी पिपलिया मण्डी थाना पिपलिया मण्डी निवासी 30 वर्षीय शैलेन्द्र माली पुत्र भॅवर लाल माली को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय मे पेश किया जहा से पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड प्राप्त कर अनुसंधान किया जा रहा है।

पुलिस टीम में थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेड़ा राम सुमेर पु.नि., हैड कानि. हरविन्द्र सिंह, कानि. रामकेश, हेमन्त कुमार, साईबर सैल के कानि. रामावतार व राजेश शामिल रहे।

# त्यौहारी सीजन पर शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अन्तर्गत औचक निरीक्षण कर लिये नमूने

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** खाद्य सुरक्षा आयुक्त एवं राज्य सरकार की निरन्तर आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके इस हेतु त्यौहारी सीजन को देखते हुए चित्तौड़गढ शहर में जांच एवं निरीक्षण दल की कार्यवाही। जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशन व अभिहित अधिकारी ;खाद्य सुरक्षाद्ध एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ताराचन्द गुप्ता के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम शर्मा एवं मनीष कुमार शर्मा की टीम ने खाद्य पदार्थो के प्रभावी नमूनीकरण एवं निरीक्षण हेतु 05 मार्च को होली पर्व के अवसर पर विशेष अभियान के अन्तर्गत चलाये जा रहे निरन्तर शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चित्तौड़गढ शहर स्थित मैसर्स नमो जोधाणा स्वीट्स एवं मैसर्स कृष्णा जोधपुर स्वीट्स चन्देरिया से क्रमशः खोआए मलाईबर्फी एवं गुलाबजामुन आदि के चार नमूने लिये जाकर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत नियमानुसार राज्य केन्द्रिय जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भिजवाये गये है।

मैसर्स कृष्णा जोधपुर स्वीट्स चन्देरिया से लगभग बीस किलोग्राम अवधिपार सोहनपपड़ी एवं गजक मौके पर ही नष्ट करा भविष्य में अवधिपार सामग्री नहीं बेचने हेतु निर्देशित किया गया। जॉच रिपोर्ट आने के बाद जॉच रिपोर्ट अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। साथ ही उक्त फर्म के मालिकों को साफ सफाई व खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के नियमों की पालना करने बाबत हिदायत दी गई एवं एफएसएसए एक्ट के तहत फूड लाईसेन्स डिस्पले करने हेतु पाबन्द किया गया।

# जिला कारागृह का किया निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं महेन्द्र सिंह सिसोदिया अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), चित्तौड़गढ़ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुनील कुमार गोयल द्वारा जिला कारागृह चित्तौड़गढ़ का निरीक्षण किया गया। प्राधिकरण सचिव द्वारा रसोईघर, बैरक, शौचालय, स्नानागार का निरीक्षण किया जाकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये तथा बंदियों की विधिक सहायता के लिए संचालित प्रिजन लीगल एड क्लिनिक का भी निरीक्षण किया गया। प्राधिकरण सचिव द्वारा सभी बंदियों को जेल में संचालित बंदी विधिक सहायता क्लिनिक के बारे मे जानकारी देते हुए बताया गया कि यदि कोई वकील बंदी की तरफ से पैरवी नहीं कर रहा है अथवा उसे निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता है तो वह विधिक सहायता क्लिनिक के माध्यम से सहायता प्राप्त कर सकता है। जिन बंदियों के जमानत आवेदन हो चुके हैं, उनके परिजनों से संपर्क कर जमानती पेश करवाने हेतु भी निर्देशित किया। इस दौरान जेलर निरंजन शर्मा, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल वैशाली अहीर तथा पीएलवी तारा राव उपस्थित रहे।

# अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी जप्त



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के गंगधार तहसील के सुनारी गांव में चाचूरनी नदी के समीप सिवायचक भूमि में अवैध खनन करते हुए राजस्व टिम ने एक जेसीबी को जप्त कर पुलिस के सुपर्द किया।

तहसीलदार जतिन दिनकर ने बताया कि किसी से सूचना मिली कि सुनारी के समीप चाचूरनी नदी के समीप सिवायचक भूमि में बड़ी मात्रा में अवैध खनन किया जा रहा है सूचना पर टीम के साथ मौके पर पहुंचे वहां सिवायक चक भूमि में करीब 10 से 12 बीघा जमीन में अवैध खनन किया जा रहा था,ड्राइवर को भनक लगने ड्राइवर जेसीबी मौके पर छोड़ फरार हो गया। तहसीलदार ने जेसीबी को जप्त कर पुलिस के सुपर्द कर दिया तहसीलदार ने बताया अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जावेगी।

# जोर शोर से फिर सजी निम्बाहेड़ा में सट्टे की मंडी, पुलिस का खुफिया तंत्र फैल

बढ़ता राजस्थान




**निम्बाहेड़ा(प्रकाश खत्री)।** नगर में फिर एक बार फिर से काले कारोबार सट्टे का बाजार सजने लगा है जिससे निम्बाहेड़ा की छवि फिर एक बार सट्टे की नगरी बनती दिख रही हैं।देखा जाए तो समय समय पे पुलिस करवाई भी करती हैं फिर सटोरियों को कहां से हिम्मत मिलती हैं ये सोच से परे हैं? बीते कुछ वर्षों में शहर के कई युवाओं ने अपनी जीवन लीला समाप्त करली क्योंकि जल्दी पैसा कमाने के चकर में कर्जे के कारण सब कुछ दांव पे लगा देते हैं और फिर किसी का बेटा किसी का पति परिवार को छोड़ कर चले जाते हैं कई परिवार बर्बाद होकर शहर छोड़ जा चुके है इस सामाजिक बुराई को क्यों रोक नहीं लग रही हैं? नगर के चारों तरफ़ सट्टे का अवैधकार्य जोरो शोरो संचालित हो रहा जिसमें कंघी मोहल्ले में दिन में सट्टा पर्ची व हजारवली,रात्रि में घोड़ीदाना जिसमें पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश,गुजरात, एंव पूरे राजस्थान से सटोरिये सट्टा घोड़ीदाना पे दांव लगाने आ रहे हैं।यही अवैध कार्य नगर के पास दोपहर में रानीखेड़ा के पास घोड़ीदाना जोर शोर से चल रहा हैं ये अवैध कार्य।दूसरी ओर पोस्ट ऑफ़िस के पास सट्टा पर्ची व हाजरवाली,कसाई मोहल्ले में सट्टा पर्ची व हाजरवली, कच्छी बस्ती में टेम्पो स्टैंड के पास सट्टा व हज़ारवाली, बस स्टैंड के चारों ओर सट्टा पर्ची कट रही हैं पानी की टंकी के पास, मौसम बहार के पास,दरगाह के पास,थोड़ा आगे चले जावद दरवाजा कॉम्पलेक्स के पास,नेहरू गार्डन के पास, कुड़ी के पास आदि जगह खुलेआम चल रहा है। क्या पुलिस का खुफ़िया तंत्र फ़ैल हो चूका है या कुछ और बानगी हैक्यूंकि विश्वस्थ सूत्रों की माने तो सट्टे के खाइवाल सिर्फ एक पर्ची भरकर देते है जिसकी लेखनी आम आदमी की समझ से परे है या तो खेलने वाला ही समझ सकता है, पुलिस समय समय पर कार्यवाही तो करती है पर हमेशा की तरह सिर्फ छोटी मछ्ली ही जाल मे फस्ती है बड़ी मछलिया पुलिस की पकड़ से दूर ही रहती है क्या पुलिस की पकड़ मे बड़ी मछ्लीया भीं आएगी या फिर यह काला कारोबार ऐसे ही चलता रहेगा?



# 'बाल श्रम और बाल विवाह रोकथाम के लिए समाज में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता'-सहायक निदेशक, बाल अधिकारिता विभाग

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, (नि.स.)।** बाल श्रम और बाल विवाह जैसी गंभीर सामाजिक समस्याओं के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बाल अधिकारिता, एक्शन एड-यूनिसेफ व चाईल्डलाइन द्वारा महिला एव बाल विकास के सहयोग से बाल श्रम और बाल विवाह रोकथाम विषय पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ बुधवार को जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में समाज के विभिन्न हिस्सों से संबंधित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और इन गंभीर समस्याओं से निपटने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक हुकुमचंद जाजोरिया ने बताया कि जागरूकता सत्र का मुख्य उद्देश्य बच्चों को श्रम के बजाय शिक्षा प्राप्त करने के अधिकार एवं बाल विवाह की गंभीरता के प्रति जागरूक करना था। इस सत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बाल श्रम के खिलाफ सरकारी नीतियों और उपायों के बारे में जानकारी दी गई, ताकि वे अपने समुदाय में बच्चों को स्कूल भेजने के महत्व को प्रचारित कर सकें। बाल संरक्षण अधिकारी गोविंद कुमार गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए हानिकारक है और उन्हें उनके अधिकारों से वंचित करता है। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बाल विवाह के खतरों के बारे में बताया गया और यह समझाया गया कि शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक समर्थन से ही इस कुप्रथा को समाप्त किया जा सकता है। सत्र के दौरान एक्शन एड-यूनिसेफ जिला समन्वयक जहीर आलम ने विचार व्यक्त किए और कहा कि बाल श्रम और बाल विवाह को रोकने के लिए सिर्फ कानूनी कदम ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज में जागरूकता और बदलाव लाना आवश्यक है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने समुदाय में बच्चों को इन समस्याओं के बारे में शिक्षित करने और उन्हें इसके खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

# माली (सैनी) द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का किया पोस्टर विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** बुधवार को धीवर माली समाज छात्रवास नैनवां में सम्मेलन कार्यकारणी समिति एंव पंच पटेलो की बैठक आहूत की गई। बैठक में 29 अप्रेल को आयोजित होने वाले माली (सैनी) समाज के द्वितीय सामूहिक विवाह के बारे में चर्चा की गई। इसके बाद मंशापूर्ण गणेश महाराज मंदिर पर पूजा अर्चना करके गणेश महाराज को सम्मेलन का निमंत्रण दिया गया। इसके बाद छात्रवास में सम्मेलन का पोस्टर विमोचन किया गया। सम्मेलन कार्यकरणी के पदाधिकारियो ने बताया कि 28 अप्रेल को कलश यात्रा के साथ गणेश स्थापना की जायेगी। इसी दिन दोपहर को मण्डप,प्रतिभोज का आयोजन होगा। 29 अप्रेल को वरमाला, आर्शिवाद समारोह एंव प्राणिग्रहण संस्कार का आयोजन किया जायेगा। बैठक के बाद नैनवां कंकाली माता एंव खानपुरा चामुण्डा माता की पूजा अर्चना के बाद सम्मेलन का निमंत्रण पत्रिका दी गई।

# राज्य में हलाल सर्टिफाइड के नाम से सामग्रियाँ बेचने पर प्रतिबंध होना चाहिए: विधायक कोठारी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** विधायक अशोक कोठारी ने विधानसभा सत्र के दौरान राज्य में हलाल सर्टिफाइड के नाम से सामग्रियाँ बेचने पर प्रतिबंध होना चाहिए की पुरजोर तरीके से सदन में मांग उठाई। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, राजस्थान में हलाल सर्टिफाइड खाद्य उत्पादों पर प्रतिबंधित लगाने की मांग विधानसभा में की। सरकार भारत सरकार द्वारा स्न्रस्स्ड्ड एवं स्न्रष्ठ ही अधिकृत खाद्य सर्टिफाइड संस्थाएँ हैं, वर्तमान में इनके मानक के अलावा शाकाहारी व अन्य उत्पादों पर हलाल सर्टिफिकेट लगाकर उत्पाद बेचे जा रहे हैं। हलाल सर्टिफिकेशन भारत में 3 निजी एजेंसियों द्वारा दिये जाते हैं- यह एजेंसियाँ हैं जमीयत उलेमा-ए-हिंद, जमीयत उलेमा-ए-महाराष्ट्र और हलाले सर्टिफिकेशन इण्डिया। जिसमें जमीयत उलेमा-ए-हिंद राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में लिप्त मुस्लिम आतंकवादियों के संरक्षण में मदद कर रही है।हलाल सर्टिफिकेशन एक समानान्तर अर्थव्यवस्था को जन्म दे रहा है, क्योंकि उक्त सर्टिफिकेशन में एक शर्त यह भी है कि इसको इस्लाम को मानने वाला व्यक्ति ही तैयार करता है। इससे हिन्दु समाज की वह जातियाँ, जिनका पुश्तैनी मांसाहार का कार्य है, उक्त सर्टिफिकेट के कारण बेरोजगार होते जा रहे हैं। अगर ऐसे सर्टिफिकेट के उत्पादों की बिक्री बंद नहीं की गई तो कल अन्य धर्म के धर्मावलम्बी भी अपने धर्म विशेष के नाम से उत्पादों की बिक्री पर जोर देंगे जो कि समाज में वैमनस्यता पैदा करेगा। यही कारण है कि उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा मांसाहार के अलावा उत्तरप्रदेश में हलाल सर्टिफिकेट के अन्य खाद्य सामग्रियों को बेचने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। राज्य में विक्रय की जा रही ऐसी सामग्रियाँ जो मांसाहार की श्रेणी में नहीं आती, उनको हलाल सर्टिफाइड के नाम से बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया जाये।

# सांसद जोशी ने चंदेरिया रेल्वे स्टेशन का निरीक्षण किया

## स्वच्छता अभियान को लेकर रेल्वे स्टेशन परिसर पर साफ सफाई की गई

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने बुधवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बन रहे चंदेरिया रेल्वे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनोज पारीक ने बताया कि

इस दौरान सांसद जोशी ने रेल्वे स्टेशन पर निर्माण कार्य प्लेटफार्म, मुख्य द्वार, पार्किंग एरिया, टिकट काउंटर का जायजा लिया। रेल्वे अधिकारियों को रेल्वे स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने नियमित सफाई रखने यात्री सुविधाओ के विस्तार को लेकर कोई कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान फिट चित्तौड़ क्लब द्वारा सांसद जोशी की पहल पर चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान को लेकर रेल्वे स्टेशन परिसर पर साफ सफाई भी की गई। क्लब संयोजक लोकेश त्रिपाठी ने बताया कि फिट चित्तौड़ क्लब सभी क्षेत्रों में सफाई अभियान,एवं सामाजिक हित के कार्य सांसद सीपी जोशी के मार्गदर्शन में निरंतर कर सके और आम जन भी फिट चित्तौड़ क्लब से जुड़कर इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता दे हरित चित्तौड़,स्वच्छ चित्तौड़÷बनाने का कार्य कर सके। इस दौरान प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अनिल सिसोदिया, जिला महामंत्री रघु शर्मा, लोकेश त्रिपाठी, जिला आईटी संयोजक नंदकिशोर लोहार, चंदेरिया मंडल अध्यक्ष गोपाल राजोरा, मंडल महामंत्री शिव प्रकाश मंत्री, संजय सुहालका, घनश्याम लोट, जीवन चौधरी, परमजीत सिंह, शेखर शर्मा, चेतन गौड़, नीलेश बल्दवा, शुभम सुखवाल, अभिषेक चांवला, योगेश सारस्वत, अर्जुन सिंह, प्रमोद राजपुरोहित, अजय जोशी आदि उपस्थित रहे।

# भीलवाड़ा पुलिस ने 5,000 रुपये के इनामी अपराधी को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत फरार चल रहे 5,000 रुपये के इनामी अपराधी अनिल उर्फ अरविंद कुमार विश्नोई को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (आईपीएस) के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

पिछले साल 20 जुलाई 2024 को पुलिस थाना मंगरोप की टीम ने मंडपिया चौकी के बाहर नाकाबंदी के दौरान अशोक जाट नामक आरोपी को गिरफ्तार किया था, जिसके पास से अफीम डोडा चूरा से भरे दो बैग बरामद किए गए थे। इस मामले में अशोक जाट का साथी अनिल उर्फ अरविंद कुमार विश्नोई फरार हो गया था, जिसे पकड़ने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। फरारी के चलते पुलिस ने आरोपी पर 5000 रुपये का इनाम घोषित किया था।

अपराधी की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन (आरपीएस) और वृत्ताधिकारी श्याम सुंदर विश्नोई (आरपीएस) के निर्देशन में पुलिस थाना सदर भीलवाड़ा के थानाधिकारी **कैलाश कुमार विश्नोई के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने तकनीकी सहायता और मुखबिर की सूचना के आधार पर 4 मार्च 2025 को बीकानेर के पवनपुरी इलाके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायालय में पेश किया, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। भीलवाड़ा पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने में बड़ी सफलता मिली है।

# हनी ट्रेप गैंग के 3 बदमाश गिरफ्तार आरोपी युवती पकड़ से बाहर

## व्यापारी को मिलने बुलाकर अपहरण किया, फिर हड़पे थे एक लाख रुपए

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** अनंतपुरा थाना पुलिस ने सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती कर हनी ट्रेप में फंसा कर रुपए हड़पने वाली गैंग का पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने बोरखेड़ा निवासी तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। इन्होंने अलीना नामक युवती के साथ मिलकर 25 फरवरी को एक व्यापारी से एक लाख रुपए हड़पे थे। अन्नतपुरा थाना सीआई भूपेन्द्र सिंह में बताया कि 3 मार्च को चित्रगुप्त कॉलोनी, दादाबाड़ी निवासी प्रशांत विजय ने थाने में शिकायत दी थी। इसमें बताया गया था कि लड़की ने मोनिका सिंघानिया नाम की सोशल मीडिया आईडी से 5 दिन तक उससे बात की। फिर 25 फरवरी को मिलने के बहाने कर्णेश्वर महादेव मंदिर इलाके में बुलाया। मंदिर के रास्ते में चार युवकों ने उसकी ही कार में उसका अपहरण कर लिया। 2-3 घंटे तक उसे डराया-धमकाया गया। फिर उससे फोन पे एप के माध्यम से दो बार में एक लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए।

### आरोपियों ने वारदात करना कबूला

शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। बैंक अकाउंट व सोशल मीडिया की जानकारी के बाद आरोपी चेतन जांगिड़ उर्फ बिट्टू (25), अल्तमस खान उर्फ अल्लू (20) व मुज्जमील खान (22) निवासी बोरखेड़ा को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने व्यापारी के साथ वारदात करना कबूल कर लिया है।

### मिलने के लिए बुलाकर लूट करती है महिला

भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि विज्ञान नगर इलाके में रहने वाली अलीना नामक युवती ने बॉम्बे योजना में रहने वाले सागर अग्रवाल को मुंह बोला भाई बना रखा है। दोनों मिलकर शहर के व्यापारियों को अपने प्रेम जाल में फंसा कर, पुलिस केस का डर बता कर रुपए ऐंठने का काम कर रहे थे। अलीना ने मोनिका सिंघानिया नाम से सोशल मीडिया अकाउंट बना रखा है। इस अकाउंट से चेटिंग के जरिए लोगों को प्रेमजाल में फंसा लेती है। फिर मिलने के बहाने बुलाकर लोगों को किडनैप कर रकम ऐंठने का काम करती है। वारदात के बाद से ही अलीना व सागर अग्रवाल फरार है। दोनों की तलाश की जा रही है। अलीना के खिलाफ पहले भी मामले दर्ज हैं।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान


**धौलपुर, ( नि.स. )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रेखा यादव द्वारा 5 मार्च बुधवार को राजकीय बाल संप्रेषण एवं शिशु गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संप्रेषण गृह के सभी बालकों से रूबरू होकर संप्रेषण गृह में निरुद्ध बालकों को अनुशासित दिनचर्या में रहने, अच्छा नागरिक बनने, जीवन में सुधार करने एवं रचनात्मक कार्य करने की सीख दी एवं बालकों को जीवन में सुधार लाने के साथ अच्छी पुस्तक पढ़ने, विद्या अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संप्रेक्षण गृह में सुरक्षा के लिए तैनात गार्ड एवं सीसीटीवी कैमरों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। संप्रेषण गृह में बच्चों के भोजन, आवास, चिकित्सीय व्यवस्था, रसोई घर, शौचालय, स्नान गृह इत्यादि सुविधाओं का जायजा लिया तथा शिशु गृह के बच्चों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा संप्रेषण गृह में रजाई, गद्दे कंबल एवं कमरों व टंकियों की साफ सफाई एवं बच्चों को पढ़ने की किताबें उपलब्ध कराने के आवश्यक निर्देश दिए।

# ऐहड़ा खेला तो होगी सख्त कार्रवाई, डीएफओ सुले ने जारी की एडवाइजरी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** होली के पश्चात पुरातन परम्परा अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ लोग समूह बनाकर भीम, देवगढ़, ब्यावर, मांड्ल तथा आसींद में होली के पश्चात् ऐहड़ा प्रथा के तहत अवैध रूप से जंगली जानवरों का विशेषत: खरगोश, तीतर, बटेर, मोर व हिरण का शिकार करते है। उप वन संरक्षक कस्तूरी प्रशांत सुले ने बताया कि अवैध शिकार वन्यजीव सुरक्षा अधिनियम 1972 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। लोगों से अपील है कि वे ऐहड़ा प्रथा (सामूहिक शिकार) में भागीदार नहीं बने तथा ऐसे कार्यों को रोकने के लिए लोगों में जागृति पैदा करें। सूले ने बताया कि यदि किसी को ऐहड़ा प्रथा के संबंध में कोई जानकारी मिले तो वे निकटतम पुलिस थाना अथवा वन विभाग के किसी भी कार्यालय में सूचित करें। ऐहड़ा प्रथा (सामूहिक शिकार) खेलने वालों के विरुद्ध वन तथा पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कार्यवाही की जावेगी। सूले ने कहा है कि निरीह वन्य प्राणियों को शिकार न करे कानूनी कार्यवाही से बचे एवं वन्यजीव संरक्षण में सहयोग प्रदान करे।

# संत का श्राप भी वरदान बन जाता है : संत श्री मुरलीधर जी महाराज



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** संत श्री मुरलीधर जी महाराज ने चतुर्थ दिवस में कहा कि राजा दशरथ के चारो पुत्रों का नामकरण किया और बाल लीला का वर्णन करते हुए , अहिल्या उद्धार के प्रसंग को सुनाते वक्त संत श्री मुरलीधर जी महाराज ने कहा कि कभी-कभी संत का श्राप भी वरदान बन जाता है जब विश्वामित्र प्रभु श्री राम और लक्ष्मण को लेकर जनकपुर जा रहे थे तो रास्ते में एक विरान आश्रम देखा जब प्रभु राम ने गुरु विश्वामित्र से इसके बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि गौतम ऋषि का आश्रम है उनके श्राप से उनकी पत्नी अहिल्या पत्थर बनी हुई है और जब भगवान ने उस पत्थर से आंसू गिरते हुए देखे तो उन्होंने पांव से उस शीला को छुआ और वह शीला नारी बन गई और रोते रोते भगवान से कहने लगी हे भगवान यदि मेरे पति मुझे श्राप नहीं देते तो मैं आंखों से आपको देख नहीं देख पाती, इसके पश्चात भगवान ने अहिल्या से कुछ मांगने को कहा तो इस पर अहहिल्या बोली मैं आपसे क्या मांग सकती हूं मैं तो इतना ही मांगती हूं कि आपके चरणों की रज सदैव मिलती रहे इस अवसर पर इस मार्मिक प्रसंगों को सुनकर पंडाल में उपस्थित अनेक श्रोताओं की आंखें भर आई । इससे पूर्व मानस पूजन के साथ आरंभ हुई इस राम कथा में पूज्य महाराज जी ने अवध के लोगों के राम अवतरण के पश्चात उत्सव मनाने भगवान शंकर के द्वारा प्रभु श्री राम के शिशु रूप के दर्शन करने के प्रसंग को सारगर्भित रूप में श्रोताओं के समक्ष रखा उसके पश्चात विश्वामित्र जी के द्वारा अवध में जाकर राजा दशरथ जी से प्रभु श्री राम और लक्ष्मण को मांगने के प्रसंग की व्याख्या की ।

# पंचकल्याणक से होता है जीवन में मंगल : आचार्य वसुनंदी महाराज

## वसुनंदी महाराज का ससंघ हुआ जुरहरा में पदार्पण, आचार्य ससंघ के सानिध्य में आयोजित हो रहा पंचकल्याणक महोत्सव

बढ़ता राजस्थान





**जुरहरा/डीग/ भरतपुर (रेखचन्द्र भारद्वाज)** । जिनेंद्र भगवान का पंचकल्याणक महोत्सव करने से व उसको करने की अनुमोदना करने मात्र से मानव जीवन का मंगल होता है। उक्त प्रवचन जैन आचार्य वसुनंदी महाराज ने बुधवार को कस्बे में आयोजित हो रहे पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभारभ के समय उपस्थित जैन धर्मावलंबियों के समक्ष कहे। आचार्य संघ का बुधवार को कस्बे में पदार्पण हुआ। आचार्य के सानिध्य में स्थानीय नेमीश्वरधाम जैन मंदिर पर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांतियज्ञ का आयोजन हो रहा है। आचार्य श्री ने कहा कि प्रत्येक जीव अपना मंगल चाहता है इसीलिए किसी भी शुभ काम को करने से पहले मंगलाचरण किया जाता है। इसके अलावा तीर्थों की पैदल यात्रा करने से पुण्य का संचय होता है। मंगलवार को कामां से बिहार करने के बाद सोनोखर में रात्रि विश्राम करने के बाद आचार्य ससंघ का बुधवार को कस्बे में पदार्पण हुआ जहां बैण्डबाजो एवं जैन धर्म के जयकारों के बीच कस्बे के सभी समुदायों ने मंगल प्रवेश कराया। आचार्य संघ का जगह-जगह पद प्राक्षलन कर आरती की गई। पंचकल्याणक महोत्सव के लिए नेमीश्वरधाम पर बनाई गई अयोध्या नगरी में आचार्य संघ को लाया गया जहां विधिवत रूप से जैन धर्म का झंडा रोहण कर पंचकल्याणक का शुभारंम किया गया। वहीं श्रीचन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर से जिनेन्द्र भगवान की रथयात्रा के साथ घटयात्रा निकाली गई जिसमें दो रथ पर जिनेन्द्र भगवानों की प्रतिमा, एक गजरथ, जैन धर्म की झांकियों के अलावा पंचकल्याणक में विभिन्न पात्रों को प्राप्त करने का सौभाग्य लेने वाले जैन बन्धुओं को बग्गी पर सवार कर अयोध्या नगरी लाया गया जहां चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन के अलावा कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शोभायात्रा ने पूरे क़स्बे के माहौल को महोत्सव के रंग में रंग लिया। पंचकल्याणक के प्रथम दिवस गर्भ कल्याणक मनाया गया जिसमें माता की गोद भराई की गई। आज जन्म कल्याण मनाया जाएगा जिसके तहत एक विशाल रथयात्रा निकाली जाएगी तथा हैलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा की जाएगी जिसके लिए आयोजन स्थल पर पाण्डुक शीला बनाई गई है। कार्यक्रम को लेकर कस्बे में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में भरतपुर सांसद संजना जाटव कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पहुंची जहां पंचकल्याणक कमेटी की ओर से उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा भरतपुर लोकसभा सीट से बीजेपी से सांसद प्रत्याशी रहे रामस्वरूप कोली ने भी पंचकल्याणक कार्यक्रम में शिरकत की और कमेटी के द्वारा उनका भी स्वागत व सम्मान किया गया। गौरतलब है कि 5 मार्च से 9 मार्च तक आयोजित होने वाले पंचकल्याणक महोत्सव में उत्साह का माहौल बना हुआ है और सभी जगह पंचकल्याणक महोत्सव की ही चर्चा बनी हुई है।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों के सत्यापन को लेकर अभियान

## नगर पालिका के कार्मिक घर-घर जाकर कर रहे लाभार्थियों से संवाद



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में वंचित रहे लाभार्थियों को सुविधा का लाभ मिलता रहे इसको लेकर उनके वार्षिक सत्यापन को लेकर अभियान चलाया गया है। धौलपुर कलेक्टर के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में नगर पालिका के कार्मिक शहर के विभिन्न वार्डों में घर-घर जाकर लाभार्थियों से वार्ता कर रहे हैं और उन्हें सत्यापन के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल ने बताया कि जिला कलेक्टर धौलपुर श्रीनिधि बीटी ने विशेष निर्देश दिए हैं कि जो भी लोग सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से जुड़े हैं वह किन्ही मजबूरी में अपना सत्यापन नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में बहुत से लाभार्थी पेंशन योजना से वंचित हो सकते हैं। जिसको लेकर बाड़ी एसडीएम भगवत शरण त्यागी के सुपरविजन में यह पूरा अभियान चलाया गया है।

जिसमें बुधवार को नगर पालिका के कार्मिक तपेश विधूड़ी,मुकेश वर्मा,पुनीत कपरेला,गोविंद यादव,अमित कुमार शुक्ला एवं अन्य कार्मिकों की टीम बनाकर बाड़ी शहर के विभिन्न वार्डों में जाकर सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से जुड़े लाभार्थियों को जागरूक करने के साथ उन्हें नजदीकी ईमित्र केंद्र पर ले जाकर सत्यापन कराया जा रहा है। साथ में नगर पालिका से जुड़े ग्रामीण क्षेत्र में भी टीम जाकर वंचित लाभार्थियों से संपर्क करने में जुटी हुई है।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा आज से पहले दिन होगा अंग्रेजी विषय का पेपर

## शहर में पांच और ब्लॉक में 13 परीक्षा केंद्रों पर होगा परीक्षा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षा आज गुरुवार से शुरू होने जा रही है। परीक्षा आयोजन को लेकर बोर्ड द्वारा बाड़ी ब्लॉक में 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। शहर में पांच सेंटरों पर परीक्षा का आयोजन होगा। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कल यानि 6 मार्च गुरुवार से दसवीं परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पहले दिन अंग्रेजी विषय की परीक्षा होगी। यह परीक्षा सुबह 8.30 बजे से 11:45 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिसमें परीक्षा से करीब आधा घंटे पहले परीक्षार्थियों को सेंटर पर बुलाया गया है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा गुरुवार से शुरू होने वाली परीक्षा को लेकर शहर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य एवं केंद्र अधीक्षक हरिओम सिकरवार ने बताया कि परीक्षा आयोजन को लेकर बाड़ी शहर में गवर्मेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल किला,गवर्मेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बालिका के साथ तीन निजी क्षेत्र के स्कूलों में केंद्र बनाए गए हैं।

जिनमें आदर्श विद्या मंदिर और अग्रसेन विद्यापीठ स्कूल के साथ किड्स पैराडाइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल शामिल है।

**ग्रामीण क्षेत्र के इन स्कूलों में आयोजित होगी परीक्षा :** वहीं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को परेशानी ना हो इसको लेकर ग्रामीण क्षेत्र में अधिक से अधिक सेंटर बोर्ड द्वारा आवंटित किए गए हैं। जिनमें ग्राम पंचायत सिंगोरई के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल,महुआ खेड़ा गवर्मेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल,टोटरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल,सुनीपुर गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल,कंचनपुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल,चिलाचोद सीनियर सेकेंडरी स्कूल,अब्दुलपुर के गवर्नमेंट बॉयज और गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के साथ कुर्रेदा के सीनियर सेकेंडरी स्कूल को केंद्र बनाया गया है।कुल मिलाकर ब्लॉक में शहर और ग्रामीण क्षेत्र के 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां गुरुवार से 10वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू होने जा रही है। 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं 8 मार्च से शुरू होगी।

# प्रथम जिला स्तरीय खटीक समाज वॉलीबॉल प्रतियोगिता में आशापुरा क्लब केलवा विजेता



बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। खटीक समाज जिला स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन केलवा में किया गया । सर्वप्रथम अतिथियों दारा स्वर्गीय श्याम लाल सांवरिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर उद्घाटन किया गया । प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया । प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि राजसमंद विधायक दिप्ती माहेश्वरी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरि सिंह राठौड़, प्रधान अरविंद सिंह राठौड़, रेलमगरा प्रधान आदित्य प्रताप सिंह, खटीक समाज जिला अध्यक्ष भेरु लाल खमनोर आदि उपस्थित रहे ।अतिथियों का आशापुरा क्लब की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया । राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा ऐसे आयोजन करने से समाज में युवाओं का जुड़ाव बढ़ेगा और खेलने से सभी युवा फिट एवं स्वस्थ रहेंगे । प्रतियोगिता में विजेता आशापुरा क्लब केलवा एवं उप विजेता आशापुरा क्लब जूनियर रही ।इस दौरान हेमा,उदय लाल, राम लाल, बाबू लाल,जगदीश, शंकर,राम लाल,मूलचन्द्र भीम, सुरेश, विनोद,संपत, देशबन्दु साँवरिया, राजेश,बंसी लाल, पिंटू,भावेश ललित, नीतीश, हितेश,संजय साँवरिया, पवन, दीपक, मेहंद, कपिल, रोहित,विपुल,मनीष, नकुल, कोशिक, कार्तिक, जेनिश, भेरु उपस्थित रहे ।

# वरपुरा गांव में खेत में रखी सरसो की फसल और बाजरे की करब में लगी आग

## दो किसान भाइयो को हुआ लाखो का नुकसान, दमकल की सहायता से पाया काबू

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखण्ड के डांग क्षेत्र में वरपुरा गांव में खेत में रखी सरसों की फसल और बाजरे की करब में अज्ञात कारणों से आग लगने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना पर बाड़ी नगर पालिका की दमकल मौके पर पहुंची। जहां ग्रामीणों के सहयोग से जलती हुई आग पर काबू पाया है। दो किसान भाइयों को उक्त आग लगने की घटना में लाखों रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार वरपुरा गांव निवासी पीड़ित किसान आसाराम और उसका छोटा भाई गणेश पुत्र होतम गुर्जर का एक साथ खेत है। जिन्होंने अपने खेतों में सरसों की फसल उगाई थी। फसल के पकने पर दो दिन पूर्व ही उसकी कटाई की थी और सूखने के लिए खेत में एक साइड रखी हुई थी। जिसके पास में करीब तीन बीघा भूमि की बाजरे की करब भी पशुओं के चारे के लिए रखी हुई थी ।बुधवार को दिन में अज्ञात कारणों से युक्त फसल में आग लग गई। जब आग की लपटे निकली तो उन्हें पता लगा। इसके बाद आसपास के लोगों की सहयोग से आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन विफल रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने बाड़ी नगर पालिका फायर स्टेशन को सूचना दी। जहां से फायर चालक शरीफ खान और फायरमैन हरवीर और अन्य के साथ दमकल को लेकर गांव वरपुरा पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया है। उक्त घटना में तीन बीघा की करब के साथ तीन ट्रॉली सरसों की फसल जलकर खाक हुई है। हल्का पटवारी बसई डांग आग से हुए नुकसान के आकलन में जुटे हुए हैं। प्रथम दृष्टया दोनों किसान भाइयों को दो से तीन लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है।

# राजसमंद अति जिला एवं सेशन न्यायलय का बड़ा फैसला, हत्या के मामले में पूरे परिवार को आजीवन कारावास की सजा

## एक ही परिवार के पांच सदस्यों को सुनाई गई सजा, 20 गवाह और 31 दस्तावेजों के आधार पर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुनील कुमार ओझा जाने सुनाया फैसला, एडीजे पी पी गोपाल कृष्ण जाट ने दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुनील कुमार ओझा ने हत्या के मामले में बुधवार को एक अहम फैसला देते हुए एक ही परिवार के पांच लोगों को आजीवन कारावास और 40 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक गोपाल कृष्ण जाट ने बताया की 13 जुलाई 2015 को भीम थाना क्षेत्र में एक मामला दर्ज हुआ। जिसमें पीड़ित को अपने खेत पर जाने के दौरान रास्ता रोककर एक ही परिवार के पांच लोगों ने खेत में भैंस जाने की बात को लेकर विवाद किया। विवाद के बाद पूरे परिवार के लोग लाठियां और धारदार हथियार लेकर आ गए और पीड़ित पर हमला कर दिया। जिसे भीम चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद ब्यावर रैफर किया गया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। इस मामले में चालान पेश होने पर पीपी कृष्ण गोपाल जाट ने पैरवी करते हुए 20 गवाह और 31 दस्तावेजों पेश किये । जिस पर आज अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुनील कुमार ओझा ने परिवार के पांच सदस्यों शिवराज सिंह, दिलीपसिंह,प्रदीप सिंह, तारा और सीता देवी को आजीवन कारावास और 40 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई है। इसके अलावा अदम अदायगी के रूप में तीन माह की सजा के भी आदेश दिए हैं।

# उप प्राचार्य संघर्ष समिति ने ब्लॉक बाड़ी ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** प्राध्यापकों को उप प्राचार्य पद पर पदोन्नति देने के लिए सत्र 2023 -24 और 2024 -25 की बकाया नियमित पदोन्नति देने के लिए बुधवार को उपखण्ड के प्राध्यापकों ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण प्रसाद मीणा को शिक्षा विभाग के निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा है। संघर्ष समिति के राजन सिंह मीना ने बताया कि राज्य सरकार ने जुलाई 2021 में राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवा नियमों का प्रकाशन किया जिसमें माध्यमिक शिक्षा विभाग में उच्च माध्यमिक विद्यालयों में उप प्राचार्य के 12421 नवीन पद सृजित किए गए और इन पदों को 100न्न प्राध्यापकों की पदोन्नति देते हुए सत्र 2022-23 की डीपीसी भी कर दी गई जो उच्च माध्यमिक विद्यालयों में प्रशासनिक दायित्व को संबल प्रदान करने के साथ विद्यालयों में निरीक्षण,पर्यवेक्षण जैसे अति आवश्यक कार्य संपादन करने में सहयोग कर रहे हैं। इससे राज्य के विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और परीक्षा परिणाम उन्नयन में भी सहयोग मिल रहा है साथ ही नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत केंद्र सरकार ने भी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में उप प्राचार्य पद के महत्व को प्रतिपादित करते हुए केंद्रीय विद्यालय समिति के विद्यालयों में उप प्राचार्य पद को संस्थापक का महत्वपूर्ण अंग मानते हुए सृजन किया गया।

# वजन कम करने के लिए जरूरी है क्रेविंग कंट्रोल करना



अगर आपने वजन कम करने का मन बना ही लिया है तो आपने मीठा और तला भुना खाना छोड़ दिया होगा। वैसे भी आमतौर पर देखा गया है कि वजन कम करने वाली डाइट में मीठा या कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम ही होती है। लेकिन इन चीजों को एकदम से बिल्कुल बंद कर देना उतना आसान भी नहीं होता जितना लगता है। हमें दिन में बार बार कुछ मीठा खाने का मन करता है और कई बार तो हम अपने ऊपर से नियंत्रण भी खो देते हैं। हमारे शरीर की अंदरूनी क्लॉक हमारी शुगर क्रेविंग को शाम के समय अधिक बढ़ा देती है। यदि आप शाम के समय ज्यादा कैलोरी वाला फूड खाते हैं तो उससे आपकी वजन कम करने के लक्ष्य पर असर पड़ता है। क्योंकि हमारी बॉडी पोषक तत्वों को सारे दिन में अलग-अलग प्रकार से अवशोषित करती है। ऐसा केवल आपके साथ ही नहीं बल्कि सबके साथ होता है। अगर ऐसा ही होता रहा तो वजन कम करना काफी कठिन हो सकता है। अपनी इन क्रेविंग्स को नियंत्रित करने के लिए निम्न टिप्स का पालन कर सकते हैं।

## केवल फल ही न खाएं

अगर आपका कोई स्नैक खाने का मन करता है तो केवल फ्रूट ही न खाएं। बल्कि साथ में नट्स और अलग-अलग तरह के फल साथ में खाएं। यह हेल्दी फैट होते हैं जो आपको कई देर तक भूख नहीं लगने देते हैं। यह मील केवल फल खाने या जूस पीने से काफी अच्छा विकल्प है। अकेले फल खाने से आपको कुछ और खाने की क्रेविंग भी हो सकती हैं।

## पहले एक गिलास पानी पी लें

अगर आपका कुछ उल्टा सीधा खाने का मन करता है तो अपने दिमाग को किसी ओर तरफ भटकाने की कोशिश करें। एक गिलास पानी पी कर देखें अगर आपको भूख नहीं होगी तो आपका पेट इस पानी से ही भर जायेगा और आपका ध्यान भी भटक जायेगा। जिस कारण मीठा खाने का मन नहीं करेगा।

## प्राकृतिक मिठास वाली चीजें खाएं

अगर ज्यादा मीठा खाने की क्रेविंग हो रही हैं तो प्राकृतिक मिठास वाले फल खा लें। इनसे ज्यादा नुकसान भी नहीं पहुंचेगा और मन को भी संतुष्टि मिल जायेगी। सीजनल फलों को खाएं। खरबूज और तरबूज काफी अच्छे विकल्प हैं। यह आपका वजन भी नहीं बढ़ाएंगे और इनमे मिठास भी होती है जिससे आपका मुंह तो मीठा हो ही जायेगा।

## हो सकता है आपको केवल स्ट्रेस हो

शुगर क्रेविंग होने का कारण ब्लड शुगर लेवल का असंतुलित होना और स्ट्रेस भी हो सकते हैं। अगर आपको लग रहा है कि आज का दिन काफी मुश्किल है तो पहले से ही हेल्दी चीजें खा कर अपना पेट भर लें। ताकि बार बार मीठा खाने का मन न करे और आपका वजन न बढ़ सके। अगर आप चाहें तो दिन भर नट्स भी खा सकते हैं।

## पर्याप्त नींद न ले पाना

अगर आप भरपूर नहीं सोते हैं तो आपका शरीर मीठा खाने को मांगता है। ताकि जागते रहने के लिए पर्याप्त एनर्जी बन सके। इसलिए कोशिश करें कि आप हर रोज 6 से 8 घंटे की चैन की नींद जरूर सोएं। नींद लेने के बाद मूड काफी रिफ्रेश भी रहता है। जिस कारण कुछ उल्टा सीधा खाने का मन नहीं करता है।

## आप दिन की शुरुआत में क्या खा रहे हैं

अगर आप सुबह सुबह ब्रेकफास्ट में हेल्दी नाश्ता चुनते हैं तो दिन की हेल्दी शुरुआत होती है और आपका पूरा दिन ही अच्छा अच्छा खाने का मन करता है। लेकिन अगर आप दोपहर तक किसी समय मीठा या बाहर का खा लेते हैं तो आपका पूरा दिन यही चीजें खाने का मन करता रहता है।



# बच्चों में किताबों और पढ़ाई के लिए जगानी है दिलचस्पी तो बचपन से ही उनके साथ करें ये एक्टिविटीज...



एक्टिविटीज

**आज सबकुछ डिजिटल हो गया है। बैंक से लेकर पढ़ाई तक सब एक फोन में सिमटकर रह गया है। टेक्नोलॉजी के अपने फायदे हैं, तो उसके नुकसान भी हैं। इससे बच्चों में किताब पढ़ने की आदत लगभग खत्म होती जा रही है। बच्चे अपना ज्यादातर समय ऑनलाइन गेम या क्लास में लगा रहे हैं। ऐसे में उनकी भाषा, उच्चारण की समझ और शब्दों का ज्ञान सीमित होता जा रहा है, जो उनके सही नहीं है। साथ ही किताबों से हमें सिर्फ जानकारी और ज्ञान ही नहीं मिलता है। किताबे पढ़ने से बच्चे में धैर्य, सोचने-समझने की क्षमता, लिखावट और स्मरण शक्ति का भी विकास होता है। इससे बच्चा खुद से कहानियां बनना और लिखना भी सीखता है। किताबे पढ़ने से बच्चों में एकाग्रता बढ़ती है और नींद भी अच्छी आती है। इसलिए एक माता-पिता के रूप में आपको अपने बच्चे में किताब पढ़ने की आदत का विकास करना चाहिए । इसके लिए आप ये आसान उपाय अपना सकते हैं और बच्चे को किताब पढ़ने के लिए जागरूक भी कर सकते हैं।**

## घर से करें शुरुआत

बच्चे के लिए पहली पाठशाला उसका घर होता है और पहले शिक्षक उसके माता-पिता। अगर आप किताबें पढ़ते हैं, तो इस बात का अनुसरण आपके बच्चे भी करेंगे। उनमें भी किताब पढ़ने की रूचि पैदा होगी। इसलिए अपने घर में पढ़ने-लिखने का माहौल बनाएं। अगर आप अपने बिस्तर पर मोबाइल फोन की जगह किताबें पढ़ते हैं, तो बच्चा भी धीरे-धीरे यही आदतें सीखता है। किताबों को लेकर उसकी दिलचस्पी भी पैदा होती है। हालांकि आप अपने बच्चों को उम्र के हिसाब से ही किताबें पढ़ने दें ताकि उसमें उनका मन लगे।

## साहित्य की बातें बताएं

अपने बच्चे को किताबें पढ़ने के लिए जागरूक करने का सबसे सरल उपाय है कि आप उन्हें नई-नई कहानियां बताएं और गीता-रामायण की भी कुछ दिलचस्प कहानियां सुनाएं ताकि बच्चे बुक पढ़ने को लेकर उत्साहित हो। जैसे- जब आप अपने बच्चे को खरगोश और कछुए की कहानी सुनाते है, तो उनके सामने किताब खोलकर रखे ताकि वह चित्रों के माध्यम से किताब को पढ़ने की आदत बना सके। इसके अलावा उन्हें हमेशा कहानी सुनाने को भी कहें। इसकी मदद से बच्चे किसी भी चीज को ज्यादा समय तक याद करके रखते हैं।

## बच्चे के साथ किताब पढ़ें

कई बार हम बच्चों को किताब पढ़ने के लिए अतिरिक्त दबाव बनाते हैं। ऐसा करने की बजाय आप बच्चे के साथ में किताब पढ़ें। इससे उन्हें पढ़ने में भी मन लगेगा और उनमें किताबों को लेकर उत्साह पैदा होगा। अगर आपके एक दिन उनके साथ कोई कहानी पढ़ते हैं , तो अगले दिन वह खुद किताब लेकर आते हैं कि दूसरी कहानी पढ़ना शुरू कर देते हैं। इस एक्टिविटी की मदद से आप अपने बच्चे के साथ भी ज्यादा समय बीताते हैं। उन्हें किताबें पढ़ने में भी मजा आता है।

## होमवर्क जरूर दें

बच्चों को साथ बैठकर पढ़ाएं, फिर रोज एक छोटा सा चैप्टर या पैराग्राफ पढ़ने को जरूर कहें। इससे उनमें खुद किताबों को पढ़ने की आदत डेवलेप होती है। साथ ही उन्हें सोते वक्त उस कहानी को सुनाने को कहें। इससे वह अपनी बात बेहतर ढंग से कह सकेंगे। इसके अलावा शब्दों की चयन क्षमता, बोलेने की शैली और संवाद का तरीका भी बच्चे को आएगा।



## लाइब्रेरी जरूर ले जाएं

अपने बच्चे में किताब पढ़ने की आदत डालने के लिए आप उन्हें लाइब्रेरी में जरूर ले जाएं। लाइब्रेरी एक ऐसी जगह है, जहां बच्चा अपनी मनपसंद किताब पढ़ सकता है। लाइब्रेरी में कुछ देर आप भी कोई किताब पढ़ सकते हैं और बच्चे को भी अपनी मनपसंद किताब पढ़ने के लिए कह सकते हैं। किताबों को पढ़ने से वह अपने आपको किसी के सामने बेहतर ढंग से एक्सप्रेस कर पाते हैं।

## इन चीजों को बच्चे से रखें दूर

- बच्चे का मन बहुत चंचल होता है। ऐसे में किताबे पढ़ने में उनका मन बहुत कम लगता है, तो उनके पास मोबाइल को साइलेंट या ऑफ करके रखे ताकि फोन बजने पर उनका ध्यान भंग न हो।
- बैठने की पोजीशन सही हो। कई बार हम बच्चों को गलत तरीके से बैठकर पढ़ रहे होते हैं, जिसकी वजह से वह जल्दी थक जाते हैं और पढ़ना नहीं चाहते हैं।
- छोटे-छोटे टारगेट सेट करे। बच्चों को एक दिन में बहुत अधिक पढ़ने के लिए फोर्स न करें। इससे बच्चे का मन किताबे पढ़ने में नहीं लगेगा
- किताब पढ़ते वक्त हमेशा बच्चे को भी कहानी दोहराने को कहें। इससे उनका उच्चारण भी सही होता है और बोलेने की झिझक भी दूर होती है।

# सर्दी-जुकाम में राहत के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खा, होगी जल्द रिकवरी



जहां एक तरफ कोरोना का कहर बढ़ता जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ मौसम में एक बार फिर से सर्दी बढ़ती जा रही है। ऐसे में लोगों को सर्दी खांसी की समस्या होना शुरू हो गई है। इस सर्दी से बचने के लिए लोग तरह-तरह के काढ़े पी रहे हैं। बावजूद इसके लोगों को किसी तरह का आराम नहीं हो रहा है। ऐसे में आज हम आपको बता रहे हैं एक देसी उपाय जिसकी मदद से आप सर्दी,खांसी और जुकाम से तुरंत राहत पा सकते हैं। सर्दी-जुकाम में राहत के लिए अदरक और लहसुन की चाय पिएं। ये आपको बेहतर महसूस कराने में काफी ज्यादा मददगार साबित हो सकती है।

## सर्दी के लिए अदरक लहसुन की चाय

**सामान :** अदरक, लहसुन, दालचीनी टुकड़ा, तुलसी, मेथी दाना, हल्दी कच्चा, पानी, शहद, नींबू।

**कैसे बनाएं :** इसे बनाने के लिए सबसे पहले अदरक और लहसुन को एक साथ पीस लें। फिर नींबू और शहद को छोड़कर सभी सामग्री को पानी में उबाल लें। धीमी आंच में इस पानी को तब उबाले जब तक ये आधा हो जाए। अब चाय को प्याले में डालने के बाद इसमें नींबू और शहद मिलाएं। इस चाय को दिन में दो बार पियें। आप इसे एक बार बनाकर दिन भर में पी सकते हैं। अगर आप सर्दी-जुकाम से तुरंत राहत पाना चाहते हैं तो या चाय आपकी मदद कर सकती है। हालांकि इसी के साथ आपको खूब आराम की जरूरत होती है। इसलिय जल्द रिकवर होने के लिए

# पुरुषों के लिए क्यों जरूरी है दाढ़ी को मॉइश्चराइज करना

**आजकल दाढ़ी बढ़ाना काफी ट्रेंड में चल रहा है और हर लड़का इस ट्रेंड का पालन कर रहा है। ऐसे में आपको दाढ़ी की देखभाल करने की भी काफी आवश्यकता होती है। सर्दियों के मौसम में तो दाढ़ी को मॉश्चराइज करना काफी आवश्यक हो जाता है। लेकिन मुख्य सवाल यह आता है कि दाढ़ी को मॉश्चराइज कब करना चाहिए और क्या कुछ दिनों बाद मॉश्चराइज करेंगे तो यह सही रहेगा? इन सब सवालों का आपको जवाब मिल सकता है यदि आपको मालूम हो कि आपकी स्किन टाइप किस प्रकार की है इसके लिए आप शाम के समय देखें। अगर आपकी दाढ़ी अधिक शाइनी लग रही है तो इसका मतलब आपकी स्किन ऑयली है और अगर ऐसा नहीं होता तो आपकी स्किन नॉर्मल है। अब यदि आपकी स्किन ड्राई है तो इसका मतलब है आपको अधिक मॉइश्चराइजर की जरूरत है। इसलिए आप रोजाना लगभग दो बार दाढ़ी को मॉइश्चराइज करना चाहिए। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो आप एक दिन छोड़ कर एक दिन स्किन को मॉइश्चराइज कर सकते हैं। नॉर्मल स्किन वाले लोग रोजाना अपनी दाढ़ी को एक बार मॉश्चराइज कर सकते हैं।**

## ड्राई स्किन वाले पालन करें इन टिप्स का

अगर आपकी ड्राई स्किन है तो आपको एक बार सुबह के समय दाढ़ी को मॉश्चराइज करना चाहिए और एक बार रात को सोते समय। एक और काम की टिप यह है कि दाढ़ी को मॉश्चराइज करने से पहले उसे अच्छे से धो लें और सुखा लें। दाढ़ी के बाल सिर के बालों के मुकाबले थोड़े अधिक मोटे होते हैं। जिनसे वहां पानी अधिक समय तक रह सकता है। इससे आपको ड्राइनेस से कुछ समय के लिए छुटकारा मिल सकता है। लेकिन यह आपकी दाढ़ी के लिए नुकसान दायक हो सकता है।

## नॉर्मल स्किन वाले ऐसे करें दाढ़ी की केयर

अगर आपकी स्किन ज्यादा ऑयली या ज्यादा ड्राई नहीं है तो आप दिन में एक ही समय दाढ़ी को मॉश्चराइज कर सकते हैं। रात में सोते समय मॉश्चराइज करने से आपका सुबह का समय भी बच जायेगा और रात में दाढ़ी को अधिक लाभ भी मिलेगा। क्योंकि रात में आप कहीं बाहर धूल मिट्टी में नहीं जायेंगे। लेकिन मॉइश्चराइजर लगाने से पहले एक बार दाढ़ी को अच्छे से बियर्ड शैंपू से धो जरूर लें।



## अगर आपकी ऑयली स्किन है तो ट्राई करें यह टिप्स

अगर आपकी स्किन ऑयली है तो इसका अर्थ है आपकी दाढ़ी सामान्य से अधिक तेल का उत्पादन कर रही है। ऑयली स्किन होने से एक लाभ यह हो जाता है कि आपको रोज रोज मॉइश्चराइजर प्रयोग करने की जरूरत नहीं होती। इसलिए आप बीच में एक दिन छोड़ भी सकते हैं। हालांकि अब तेल लगाना बिल्कुल बंद भी न कर दें। नहीं तो दाढ़ी के बालों की गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है। केवल यह ध्यान रखें कि इसका ज्यादा प्रयोग न हो रहा हो।

## अगर आपकी डार्क स्किन है तो न भूलें यह बात

डार्क कंप्लेशन वाले पुरुषों को बियर्ड ऑयल की बजाए बियर्ड बाम का प्रयोग करना चाहिए। इस बाम में शिया बटर, जैसे इंग्रेडिएंट होंगे तो मॉइश्चर काफी लंबे समय तक लॉक रहेगी। अगर आप बियर्ड बाम का प्रयोग कर रहे हैं तो कोशिश करें कि आप इसका प्रयोग एक दिन में दो बार करें।

# धूप के कारण होने वाले होठों के कालेपन को दूर करेंगे ये उपाय

हम में से ज्यादातर लोग अपने चेहरे और शरीर की सुरक्षा के लिए सनस्क्रीन लगाना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि शरीर के बाकी हिस्सों की तुलना में होंठों को सूरज की रोशनी से अधिक क्षति होती है। क्योंकि यह हमारे शरीर का बहुत ही संवेदनशील हिस्सा होता है। ऐसे में लिप्स से सनबर्न की परेशानी हो सकती है। सनबर्न की वजह से आपके होंठ लाल, सूजे हुए नजर आ सकती हैं।

**ठंडी सिंकाई :** लिप्स पर सनबर्न की परेशानी होने पर आप ठंडी सिंकाई कर सकते हैं। इससे सनबर्न की समस्या से काफी राहत मिल सकता है। इसके लिए 1 आइस पैक लें। अब इसमे अपने होंठों की सिंकाई करें। करीब 10 से 15 मिनट तक होंठों कि सिंकाई करने से आपको काफी लाभ मिलेगा।

**नारियल तेल :** लिप्स पर स सनबर्न की परेशानी से राहत पाने के लिए नारियल तेल का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए 1 टीस्पून एक्स्ट्रा वर्जिन नारियल तेल लें। अब इस तेल को अपने होंठो पर लगाकर कुछ समय के लिए छोड़ दें। दिन में कई बार इसका इस्तेमाल करें। नारियल तेल में एंटीऑक्सीडेंट और एंटीइंफ्लेमेटरी का गुण पाया जाता है, तो सनबर्न की परेशानी से राहत दिलाने में असरदार हो सकता है।

**टी-ट्री ऑयल :** टी ट्री ऑयल के इस्तेमाल से लिप्स के सनबर्न से आराम मिल सकता है। इसके लिए हथेली पर 2 से 3 बूंटें टी-ट्री ऑयल लें। अब इसमें 1 चम्मच नारियल तेल मिक्स करके अपने होंठो पर लगाएं। करीब 20 से 30 मिनट बाद अपने होंठों को साफ कर लें। इससे आपको काफी लाभ मिल सकता है।

**एलोवेरा :** लिप्स पर सनबर्न की समस्या होने पर आप एलोवेरा जेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह फफोले के दर्द को कम करने में लाभकारी हो सकता है। इसके लिए एक एलोवेरा की पत्तियां लें।

अब इस पत्ते को बीच से काटकर जेल निकाल लें। अब इस तेल को करीब 10 से 15 मिनट तक अपने होंठों पर लगाकर रख दें। दिन में दो से तीन बार होंठों पर एलोवेरा जेल लगाने से आपको काफी लाभ मिल सकता है। इसके अलावा आप मार्केट से भी एलोवेरा जेल खरीदकर लगा सकते हैं।

मुसीबत सब पर आती है। कोई बिखर जाता है तो कोई निखर जाता है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# ट्रम्प बोले- 2 अप्रैल से भारत पर 100% टैरिफ लगाएंगे

## अमेरिकी संसद में दिए पहले भाषण में ऐलान; पाकिस्तान को शुक्रिया कहा



बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल से भारत पर जैसा को तैसा टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि भारत हमसे 100% से ज्यादा टैरिफ वसूलता है, हम भी अगले महीने से ऐसा ही करने जा रहे हैं। ये ऐलान उन्होंने बुधवार सुबह (भारतीय समय के मुताबिक) अमेरिकी संसद के जॉइंट सेशन में किया। उन्होंने रिकॉर्ड 1 घंटा 44 मिनट का भाषण दिया। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने सिर्फ 1 घंटे का भाषण दिया था। ट्रम्प ने भाषण की शुरुआत अमेरिका इज बैक, यानी अमेरिका का दौर लौट आया है से की। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने 43 दिन में जो किया है वह कई सरकारें अपने 4 या 8 साल के कार्यकाल में नहीं कर पाईं। इसके अलावा ट्रम्प ने पाकिस्तान को शुक्रिया भी कहा। ट्रम्प ने कहा कि 2021 में अफगानिस्तान में आतंकियों ने 13 अमेरिकी सैनिकों की हत्या कर दी थी। उन्हें पकड़ने में पाकिस्तान सरकार ने मदद की।

# बीजेपी विधायक बोले-कांग्रेस राज में 3 नहरें हरियाणा को दी

## कांग्रेस एमएलए ने कहा- शर्म करो, शहीदों के बच्चे पानी के लिए भटक रहे

जयपुर। बढ़ता राजस्थान

बीजेपी विधायक गुरवीर सिंह ने जलदाय और जल संसाधन विभाग की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान कांग्रेस सरकार पर तंज कसा और गंभीर आरोप लगाए। गुरवीर सिंह ने कहा- आपके जादूगर सीएम 2008 से 2013 में आए। लोहगढ़ हेड पर 3 नहर हरियाणा को दी, क्योंकि आपके मंत्री और चीफ इंजीनियर की जमीनें हरियाणा में थी। हमारा डेलिगेशन उस वक्त सीएम से मिला था और इस पर सवाल उठाए थे कि हमारा पानी हरियाणा को क्यों दे दिया? कांग्रेस विधायक श्रवण कुमार ने कहा- जितने मुख्यमंत्री बने उन मुख्यमंत्रियों ने अपने अपने इलाकों का विकास करवाया। झुंझुनूं जिला पानी के अभाव में रहा। मोहनलाल सुखाड़िया सीएम बने तो उदयपुर की तरफ विकास कर दिया। अशोक गहलोत बने तो जोधपुर की तरफ कर दिया। शिवचरण माथुर बने तो भीलवाड़ा की तरफ कर दिया। हरिदेव जोशी ने बांसवाड़ा और वसुंधरा राजे ने झालावाड़ की तरफ विकास किया।

श्रवण कुमार ने कहा- झुंझुनूं जिले के लिए तो शहीद होना ही लिखा है। देश के लिए अपने प्राण देने वाले शहीदों के बच्चे पानी के लिए सड़कों पर घूम रहे हैं। शर्म करो, हमारे शहीदों के बच्चे पानी के लिए भटक रहे हैं। हमारा मुख्यमंत्री नहीं बना तो विकास अधूरा रहा। जलदाय मंत्री को झुंझुनूं को पानी देना चाहिए। इस बार अगर मैं पानी नहीं पहुंचा पाया तो चुनाव नहीं लड़ूंगा। मैंने पानी का वादा करके चुनाव लड़ा है।

# मायावती के ऑफर को आकाश आनंद के पिता ने ठुकराया

## नेशनल कोऑर्डिनेटर बनने से इनकार, भाई से जिम्मेदारी वापस ली

उत्तर प्रदेश। एजेंसी

बहुजन समाज पार्टी यानी बसपा में शुरू हुआ पारिवारिक विवाद अब बढ़ता जा रहा है। मायावती की भतीजे आकाश आनंद से अनबन के बाद अब भाई आनंद कुमार से भी नहीं बन रही। मायावती ने 3 दिन पहले भतीजे आकाश आनंद को नेशनल कोऑर्डिनेटर पद से हटा दिया था। इसके बाद उनके पिता आनंद कुमार को जिम्मेदारी सौंपी थी। हालांकि, आनंद कुमार ने नेशनल कोऑर्डिनेटर पद पर काम करने से इनकार कर दिया। इसके बाद मायावती ने उनसे जिम्मेदारी वापस ले ली है। बुधवार सुबह मायावती ने ट्वीटर पर 2 पोस्ट किए। इसमें लिखा- आनंद कुमार ने एक पद पर काम करने की इच्छा जाहिर की। इसलिए, वह पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। जबकि नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद की जिम्मेदारी उनसे वापस ली जा रही है। इसके अलावा, मायावती ने पार्टी में कई बड़े फेरबदल का ऐलान किया है। सहारनपुर के रहने वाले रणधीर बेनीवाल को नेशनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपी है। मायावती ने कहा- अब राज्यसभा सांसद रामजी गौतम और रणधीर बेनीवाल, दोनों पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर के रूप में मेरे निर्देशन में काम करेंगे।

# राजस्थान के विवादित खेल संघों को जारी होंगे नोटिस

## खेल मंत्री राठौड़ बोले-राजनीतिक लड़ाई की वजह से बने तीन-तीन संघ; सबसे ज्यादा खिलाड़ियों को नुकसान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के खेल संघों में जारी विवाद की स्थिति को खत्म करने के लिए खेल विभाग द्वारा खेल संघों को नोटिस जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही ओलिंपिक की तैयारी कर रहे खिलाड़ियों को राजस्थान सरकार द्वारा आर्थिक मदद दी जाएगी। ये बात खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बुधवार को कही।

दरअसल, खेल मंत्री बुधवार एसएमएस स्टेडियम पहुंचे। यहां मीडिया से खेल संघों के बीच चल रहे विवाद को लेकर भी बातचीत की। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के प्रेक्टिस एरिया में फ्लड लाइट लगाने की घोषणा की। इस बातचीत में उन्होंने बताया कि सरकार ओलिंपिक की तैयारी करने वाले खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता भी करेगी। इसके साथ ही एसएमएस स्टेडियम में फ्लड लाइट की ट्रेनिंग भी होगी।

### बोले-खेल संघ के विवाद के कारण खिलाड़ियों को नुकसान होता है

खेल संघों के विवाद को लेकर कहा कि राजस्थान के खेल संघों में काफी विवाद की स्थिति बनी हुई है। काफी खेल संघ में आपस में राजनीतिक लड़ाई है। उसकी वजह से एक ही खेल के दो - दो और तीन - तीन संघ बने हुए हैं। जिसकी वजह से सबसे ज्यादा नुकसान खिलाड़ियों का होता है।

ऐसे में इस पूरे विवाद के समाधान को लेकर अब खेल विभाग द्वारा एक नोटिस जारी किया जाएगा। इसमें खेल संघ को यह चेतावनी दी जाएगी कि वह निर्धारित वक्त में अपने आपसी झगड़ों को खत्म कर सर्वसम्मति से एक खेल संघ का गठन करें। अगर वह ऐसा नहीं करेंगे तो उनके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

### ओलिंपिक की तैयारी के लिए आर्थिक सहयोग देगी सरकार

खेल मंत्री ने बताया कि राजस्थान में खेलों के विकास और बढ़ावा को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के साथ बैठक हुई थी। इसमें यह फैसला किया गया है कि राजस्थान स्टेट के टारगेट ओलिंपिक पोडियम के तहत हम राजस्थान के खिलाड़ियों को और बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाएंगे। उन्होंने कहा कि देश में जो टारगेट ओलिंपिक स्कीम है। राजस्थान के खिलाड़ियों को उसके साथ - साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा उनकी कोचिंग, ट्रैवलिंग, स्पोर्ट्स फैसिलिटी के लिए हम आर्थिक रूप से समर्थन देंगे। ताकि वह बेहतर से बेहतर ट्रेनिंग हासिल कर सके।

खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में फ्री क्रिकेट



एकेडमी का संचालन किया जा रहा है। यहां आकर मैंने खिलाड़ियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा है।

# मोदी का मजाक उड़ाने वालों से चिढ़ होती है : उपराष्ट्रपति

## वे गुदड़ी के लाल हैं; उनका बचपन कठिनाइयों में गुजरा, रेलवे स्टेशन पर चाय बेची

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा- कुछ लोग प्रधानमंत्री मोदी का मखौल (मजाक) उड़ाते हैं, मुझे बड़ी खिन्न (चिढ़) होती है, जबकि इन्हें ही गुदड़ी का लाल कहते हैं। यह उनकी कड़ी मेहनत और संघर्ष का प्रतीक है। उनका बचपन कठिनाइयों में गुजरा, उन्होंने रेलवे स्टेशन पर चाय बेची। उन्होंने कहा- भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। हमने इंग्लैंड को पीछे छोड़ दिया है और जल्द ही जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। आज का भारत वैसा ही है, जैसा प्राचीन समय में विश्व गुरु हुआ करता था। उप राष्ट्रपति बुधवार को अपनी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ झुंझुनूं के संगासी स्थित महात्मा गांधी स्कूल पहुंचे और स्कूली बच्चों से संवाद किया। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संघर्ष की सराहना करते हुए कहा- वे जनजातीय समुदाय से आती हैं। लेकिन अपने कठिन परिश्रम के बल पर विधायक, मंत्री और राज्यपाल बनीं और अब देश के सर्वोच्च पद पर आसीन हैं। यह भारतीय लोकतंत्र की सच्ची ताकत है।

### स्कूली बच्चों को दिल्ली आने का निमंत्रण दिया

उप राष्ट्रपति ने कहा- जब मैं सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ गया था, तब उम्मीद नहीं थी कि वहां लड़कियां भी पढ़ेंगी। अब झुंझुनूं के सैनिक स्कूल में भी लड़कियों का प्रवेश हो चुका है। मथुरा में केवल लड़कियों के लिए एक सैनिक स्कूल स्थापित किया गया है। अब लड़कियां लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं और भारतीय सेना में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, जो गर्व की बात है।

उन्होंने स्कूली बच्चों से कहा- स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें, क्योंकि यदि खुद स्वस्थ नहीं




रहेंगे तो दूसरों की मदद करने के बजाय खुद को मदद मांगनी पड़ेगी। उप राष्ट्रपति ने स्कूली बच्चों को दिल्ली आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा- छोटे-छोटे समूहों में छात्रों को दिल्ली बुलाया जाएगा, जहां उनके रहने-खाने की पूरी व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान वे संसद भवन, राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री संग्रहालय और वार मेमोरियल का दौरा कर सकेंगे।

### झुंझुनूं नारी शक्ति सशक्तिकरण का प्रतीक

झुंझुनूं को नारी सशक्तिकरण का प्रतीक बताते हुए उपराष्ट्रपति ने जिले की दो प्रतिष्ठित महिलाओं कमला बेनीवाल और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सुमित्रा सिंह का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा- कमला बेनीवाल विधायक, मंत्री और राजस्थान की उप मुख्यमंत्री रही हैं, साथ ही गुजरात की राज्यपाल भी बनीं। वहीं, सुमित्रा सिंह कई बार विधानसभा सदस्य रहीं, मंत्री बनीं और राजस्थान विधानसभा की अध्यक्ष भी बनीं। जगदीप धनखड़ ने कहा- नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण मिलेगा। इससे नीति-निर्माण में महिलाओं की अधिक भागीदारी होगी और शासन व्यवस्था सुचारू रूप से चलेगी।

### भारत की तकनीकी और बुनियादी ढांचे में हुई प्रगति

उप राष्ट्रपति ने बताया- भारत में आज 12 करोड़ घरों में शौचालय बनाए गए हैं और 55 करोड़ लोगों के बैंक खाते खुले हैं। भारत की इंटरनेट खपत अमेरिका और चीन को मिलाकर भी ज्यादा है। साथ ही, सड़कों का जाल तेजी से फैल रहा है और नई ट्रेनें शुरू की जा रही हैं। स्कूली बच्चों से संवाद में उप राष्ट्रपति ने महात्मा गांधी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वदेशी अपनाना बहुत जरूरी है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे विदेशी उत्पादों की बजाय स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर बनेंगे।

# राजस्थान में आज भी हवा चलने से सर्दी बढ़ेगी

## दिन का तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़का; 7 मार्च से शुरू हो सकता है गर्मी का फेज



बढ़ता राजस्थान

जयपुर। उत्तर भारत में पिछले दिनों हुई बर्फबारी का असर अब मैदानी राज्यों में दिखने लगा। मंगलवार को राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में तेज सर्द हवा चली। इससे राजस्थान के कई शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। चूरू, गंगानगर, सीकर, हनुमानगढ़ में कल अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज हुआ। देर शाम चली सर्द हवाओं से जयपुर, दौसा, अलवर, सीकर समेत कई शहरों में अचानक सर्दी तेज हो गई। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने आज और कल भी इन उत्तरी हवा के चलने और तापमान में गिरावट होने की संभावना जताई है। 7 मार्च से प्रदेश में फिर से तापमान में बढ़ोतरी होगी।इधर, पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान को लेकर सीएम ने रिपोर्ट मांगी है।

### राजस्थान के सभी शहरों में मौसम रहा साफ

पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान के सभी शहरों में मौसम साफ रहा और दिनभर धूप रही। दोपहर से राजस्थान के उत्तर-पश्चिम और उत्तर-पूर्वी जिलों में सर्द हवाएं चलने लगी। तेज हवाएं चलने से कई जगह धूल उड़ी और तापमान में भी गिरावट हुई। सबसे ज्यादा सीकर के फतेहपुर में तापमान कल के मुकाबले 8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज हुआ। कल फतेहपुर का अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस था, जो आज गिरकर 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। फतेहपुर के अलावा झुंझुनूं, माउंट आबू, नागौर, चूरू, बीकानेर, जोधपुर और सीकर में भी तापमान 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक गिरा। कल सबसे दिन में अधिक तापमान 32.9 डिग्री सेल्सियस भीलवाड़ा में दर्ज हुआ।

# आसाराम-नारायण साईं का कट्टर अनुयायी यूपी से अरेस्ट

## छह राज्यों में वॉन्टेड तामराज, गिरफ्तारी से बचने धर्म परिवर्तन कर स्टीफन बन गया था

बढ़ता राजस्थान

**सूरत।** पिछले दस सालों से फरार आसाराम और उसके बेटे नारायण साईं का कट्टर अनुयायी ताम्रध्वज उर्फ तामराज आखिरकर 10 सालों बाद गुजरात पुलिस की पकड़ में आ गया। आरोपी आसाराम के खिलाफ आवाज उठाने वाले कई लोगों की हत्या और जानलेवा हमलों के मामले में 6 राज्यों में वॉन्टेड था। इतना ही नहीं, उस पर हरियाणा सरकार ने 50 हजार रुपए का इनाम भी रखा है।

गिरफ्तारी से बचने के लिए ईसाई बन गया था सूरत पुलिस कमिश्नर अनूप सिंह गहलोत ने बताया कि सूरत क्राइम ब्रांच ने तामराज को यूपी के नोएडा से गिरफ्तार किया है। आरोपी की गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। दरअसल, आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए धर्म परिवर्तन कर



लिया था। अब वह स्टीफन नाम से नोएडा में एक मिशनरी में रह रहा था।

आसाराम-नारायण साईं के खिलाफ आवाज उठाने वाले थे तामराज के दुश्मन इतना ही नहीं, तामराज ने जेल में आसाराम और नारायण साईं से मिलने की भी कई बार कोशिश की, लेकिन पकड़े जाने के डर से हर बार नाकाम रहा।

# कन्नड़ एक्ट्रेस एयरपोर्ट पर 15केजी सोने के साथ गिरफ्तार : कर्नाटक डीजीपी की सौतेली बेटी हैं; दुबई से लौटीं, सोने की तस्करी का शक

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव को 3 मार्च की देर शाम डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने 14.8 किलो सोने के साथ गिरफ्तार किया। इसकी जानकारी बुधवार (5 मार्च) को सामने आई है।

रान्या कर्नाटक पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। उन्होंने कन्नड़ फिल्मों माणिक्य और पाटकी में काम किया है। कोर्ट ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

डीआरआई अधिकारियों के मुताबिक, रान्या राव दुबई से एमिरेट्स फ्लाइट के जरिए भारत लौटी थीं। सुरक्षा एजेंसियां पहले से ही उनकी एक्टिविटी पर नजर रख रही थीं, क्योंकि वह पिछले 15 दिनों में 4 बार दुबई जा चुकी थीं।

रान्या के अपने कपड़ों में सोना छिपाए हुई थीं। जिसकी कीमत 12.56 करोड़ रुपए है। इसके अलावा पुलिस ने उसके घर पर भी रेड की। वहां से 2 करोड़ कीमत का सोना और 2 करोड़ रुपए कैश बरामद हुआ। डीआरआई की दिल्ली टीम को पहले से ही रान्या के सोने की तस्करी में शामिल होने की जानकारी थी। इसलिए 3 मार्च को उनकी फ्लाइट के लैंड करने से दो घंटे पहले ही अधिकारी एयरपोर्ट पर पहुंच गए थे। पुलिस के जरिए कस्टम से बचने की कोशिश जानकारी के मुताबिक रान्या राव ने एयरपोर्ट पर उतरते ही खुद को कर्नाटक के डीजीपी की बेटी बताया। साथ ही लोकल पुलिस से कॉन्टैक्ट कर एयरपोर्ट से निकालने की कोशिश की, लेकिन डीआरआई की टीम उन्हें बेंगलुरु के डीआरआई हेडक्वार्टर में पूछताछ के लिए ले गई। जांच में पता चला कि रान्या सोने को अपने कपड़ों में छिपाए हुई थीं। 3 मार्च की



शाम 7 बजे उसे हिरासत में लिया गया।

बिजनेस के नाम पर कर रही थी तस्करी जांच के दौरान रान्या ने दावा किया कि वह बिजनेस के सिलसिले में दुबई गई थीं। हालांकि, डीआरआई अधिकारियों को शक है कि वह तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा हो सकती हैं। अब जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि क्या यह पहली बार हुआ या वह पहले भी सोने की तस्करी में शामिल रही हैं।

बीजेपी एमएलए बोले- यह सत्ता का दुरुपयोग है इस मामले में कांग्रेस विधायक एएस पोन्नना ने कहा इस तरह के मामले में डीजीपी की बेटी का फंसना एक्सीडेंटल है। वह एक आरोपी है और तस्करी की गतिविधियों में लिप्त है।


# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com